**नई दिल्ली**

**सोमवार, 15 जुलाई 2024**

आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष,
नवमी वर्ष : 28, अंक : 95
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

**मौसम**
अधि. 36
न्यून. 29

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**पीएम नरेंद्र मोदी के नाम नया रिकॉर्ड**

## एक्स पर पार किया 100 मिलियन फॉलोअर्स का आंकड़ा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया की दुनिया में नया कीर्तिमान रच दिया है। वह एक्स हैंडल पर



100 मिलियन फॉलोअर्स के साथ दुनिया के सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले लीडर बन गए हैं। एक्स पर विभिन्न भारतीय राजनेताओं की तुलना में प्रधानमंत्री मोदी फॉलोअर्स के मामले में सबसे आगे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 26.4 मिलियन, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के ▸▸ शेष पेज 5 पर

## 11 सदस्यीय टीम की मौजूदगी में खोला गया खजाना, सांप पकड़ने वाले रहे मौजूद

# 46 साल बाद खोला गया जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार भारी मात्रा में मौजूद हैं सोने के आभूषण और हीरे-मोती

एजेंसी ▸▸ पुरी

ओडिशा के पुरी में स्थित 12वीं सदी के जगन्नाथ मंदिर का 'रत्न भंडार' 46 साल बाद रविवार दोपहर को फिर से खोला गया। अधिकारियों ने बताया कि आभूषणों, मूल्यवान वस्तुओं की सूची बनाने और भंडार गृह की मरम्मत करने के लिए रत्न भंडार को खोला गया है। इसके पहले 1978 में इसे खोला गया था।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा गठित समिति के सदस्यों ने दोपहर करीब 12 बजे मंदिर में प्रवेश किया और अनुष्ठान करने के बाद रत्न भंडार पुनः खोला गया। जानकारी के ▸▸ शेष पेज 5 पर



### खजाने से भरी 6 संदूकें मिलीं, वजन इतना कि 8 लोग उठा पाए

### रत्न भंडार का दूसरा दरवाजा खुलते ही एसपी पिनाक मिश्रा हुए बेहोश

### अभी नहीं बनेगी मूल्यवान वस्तुओं की सूची

मंदिर में प्रवेश करने से पहले पाधी ने कहा कि रत्न भंडार पुनः खोल दिया गया है, लेकिन मूल्यवान वस्तुओं की सूची तत्काल नहीं बनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि कि रत्न भंडार के आंतरिक और बाहरी कक्षों में रखे गए आभूषण और अन्य मूल्यवान वस्तुओं को लकड़ी ▸▸ शेष पेज 5 पर



### भंडार में कितना खजाना

श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन की ओर से हाई कोर्ट में दिए हलफनामे के अनुसार, रत्न भंडार में तीन कक्ष हैं। 25 गुणा 40 वर्ग फुट के आंतरिक कक्ष में 50 किलो 600 ग्राम सोना और 134 किलो 50 ग्राम चांदी है। इनका कभी इस्तेमाल नहीं हुआ। बाहरी कक्ष में 95 किलो 320 ग्राम सोना और 19 किलो 480 ग्राम चांदी है। इन्हें त्योहार पर निकाला जाता है। वहीं ▸▸ शेष पेज 5 पर

### 1 बजकर 28 मिनट पर खोला गया रत्न भंडार

जगन्नाथ मंदिर के चारों द्वार खोले गए थे। 46 साल बाद रत्न भंडार को एक बड़े उद्देश्य के लिए दोपहर एक बजकर 28 मिनट पर शुभ घड़ी पर खोला गया। अधिकारियों ने बताया कि रत्न भंडार को खोलते समय 11 लोग मौजूद थे, जिसमें उड़ीसा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश विश्वनाथ रथ, श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाधी, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अधीक्षक डीबी गड़नायक और पुरी के नाममात्र राजा 'गजपति महाराजा' के एक प्रतिनिधि शामिल थे।

## ट्रंप पर हमले के बाद एजेंसियां अलर्ट, पीएम मोदी ने भी जताई चिंता

# अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप पर हमला, कान छेदते निकली गोली



*अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति एवं रिपब्लिकन पार्टी से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप पर पेनसिल्वेनिया में शनिवार को एक चुनावी रैली में हमला किया गया। गोली उनके कान को छेदते निकल गई। घटना के बाद ट्रंप को अमेरिकी सीक्रेट सर्विस एजेंट तुरंत मंच से बाहर ले गए। रिपोर्ट के अनुसार, ट्रम्प की रैली में गोलीबारी के बाद शूटर को मार गिराया गया। ट्रंप के हमले को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी समेत दुनियाभर के नेताओं ने चिंता जताई है।*

- चुनावी रैली के दौरान की गई फायरिंग
- सुरक्षाबलों ने हमलावर को मार गिराया



एजेंसी ▸▸ वाशिंगटन

यूएस सीक्रेट सर्विस के अनुसार शाम करीब 6.15 बजे एक संदिग्ध हमलावर ने पेनसिल्वेनिया के बटलर में रैली स्थल के बाहर एक ऊंचे स्थान से मंच की ओर कई गोलियां चलाईं। जिसके बाद संघीय एजेंसी के कर्मियों ने ट्रंप को तत्काल वहां से बाहर निकाल कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। ट्रंप (78) के प्रवक्ता स्टीवन चेउंग ने एक बयान में कहा, वह ठीक हैं और स्थानीय चिकित्सा केन्द्र में उनकी जांच जारी है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चुनाव प्रचार अभियान दल ने पेनसिल्वेनिया में एक चुनावी रैली में हुए हमले में ट्रंप के घायल होने के ▸▸ शेष पेज 5 पर

### बंदूकधारी समेत दो की मौत

घटना के बाद एक बयान में ट्रंप के प्रवक्ता ने कहा कि वह ठीक हैं और एक स्थानीय चिकित्सा सुविधा में उनकी जांच की जा रही है। प्रवक्ता स्टीवन चेउंग ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने इस गोलीबारी के दौरान त्वरित कार्रवाई के लिए धन्यवाद दिया हैं। रिपोर्ट के अनुसार, रैली में गोलीबारी के बाद कम से कम एक इसमें उपस्थित एक व्यक्ति और बंदूकधारी की मौत हो गई।

### ट्रंप पर हमले के बाद फिर दहला अमेरिका

**7 की मौत**



डोनाल्ड ट्रंप की रैली में फायरिंग के बाद अमेरिका में गोलीबारी का एक नया मामला सामने आया है। शनिवार देर रात को बर्मिंघम के एक नाइट क्लब में हुई गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा ▸▸ शेष पेज 5 पर



### पीएम मोदी ने कहा-लोकतंत्र में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले की निंदा की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि अपने मित्र, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले से बहुत चिंतित हूं। घटना की कड़ी निंदा करता हूं। राजनीति ▸▸ शेष पेज 5 पर

**पहले भाजपा ने कहा था हमें संघ की जरूरत नहीं**




## अब संघ ने कहा-हम लोकमत 'परिष्कार' का काम करते हैं

एजेंसी ▸▸ रांची

हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा था कि अब भाजपा को संघ की जरूरत नहीं है। कई महीने बीतने के बाद संघ ने इस मुद्दे पर अब प्रतिक्रिया दी है।

नड्डा के इस बयान पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा है कि संघ लोकमत परिष्कार का काम करता है। सीधे चुनाव के कार्य में नहीं लगता है। वो कार्य इस बार भी संघ ने किया है। रांची में आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचारक की बैठक में 12 से 14 तारीख तक पूरे देश से संघ के अखिल भारतीय प्रचारक पहुंचे थे। यहां संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद थे। रविवार को बैठक समापन के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने लोकसभा चुनाव पर कहा कि जनता ▸▸ शेष पेज 5 पर

### *स्वयंसेवक भी आपातकाल में जेल गए थे*

*सुनील आंबेकर ने कहा आपातकाल जो था ,जो 1975 में लगाया गया, वह निश्चित रूप से गलत था और लोकतंत्र में उन्हें लगता है कि हम लोग एक स्वाधीनता की, स्वतंत्रता की बात करते हैं, तो ऐसी बातें नहीं होनी चाहिए। संघ ने समय पर इमरजेंसी के बारे में अपना विरोध भी दर्शाया है और संघ ने संघर्ष भी किया था। कई कार्यकर्ता जेल में गए थे। बहुत सारे कार्यकर्ताओं को प्रताड़ना झेलनी पड़ी। बहुत सारा संघर्ष हुआ और पुनः देश में लोकतंत्र की स्थापना हुई। कुछ लोग हैं, जो दो प्रकार की बातें करते हैं। कुछ लोग बहुत कट्टर हैं और जो कट्टरवादी ताकत हमारे देश में भी है दुनिया भर में है। उनके विचार* ▸▸ शेष पेज 5 पर

### हर की पौड़ी में बस पुल से गिरी, 28 लोग घायल

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के हरिद्वार में हरकी पौड़ी के पास रविवार को एक बस के पुल से नीचे गिरने से 28 से अधिक यात्री घायल हो गए। रोड़ी बेलवाला पुलिस चौकी के प्रभारी यशवीर सिंह ने बताया कि घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जिनमें से चार की हालत गंभीर बतायी जा रही है। उन्होंने बताया कि देहरादून से आ रही उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की मुरादाबाद डिपो की एक बस यहां दीनदयाल पार्किंग के पास पुल से नीचे गिर गई। बस के गिरने से पार्किंग में खड़ी कुछ कारें भी क्षतिग्रस्त हो गयीं। उन्होंने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव एवं राहत कार्य शुरू किया गया।

**लोकसभा अध्यक्ष को पार्टी ने लिखा पत्र**

## कांग्रेस के उपनेता होंगे गौरव और सुरेश मुख्य सचेतक

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस के गौरव गोगोई लोकसभा में पार्टी के उप नेता होंगे और इस निर्णय के बारे में एक पत्र अध्यक्ष ओम बिरला को भेजा गया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने बताया कि कांग्रेस के संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष बिरला को पत्र लिखकर उन्हें संसद के निचले सदन में कांग्रेस के उप नेता, मुख्य सचेतक और दो सचेतक नियुक्ति की जानकारी दी। उन्होंने बताया गोगोई लोकसभा में पार्टी के उप नेता होंगे, जबकि केरल से आठ बार के सांसद के. सुरेश पार्टी के मुख्य सचेतक होंगे।



गौरव गोगोई के.सुरेश

### मणिकम टैगोर और जावेद बने सचेतक

विरुधुनगर के सांसद मणिकम टैगोर और किशनगंज के सांसद मोहम्मद जावेद लोकसभा में पार्टी के सचेतक होंगे। इससे पहले, पार्टी ने राहुल गांधी को लोकसभा में विपक्ष का नेता नियुक्त किया था। वेणुगोपाल ने कहा, विपक्ष के नेता राहुल गांधी के मार्गदर्शन में कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन के दल लोकसभा में जनता के मुद्दों को जोरदार ढंग से उठाएंगे।'

**फार्मूले पर चिंतन जारी**

## बजटीय प्रावधानों में ओपीएस पर भी हो रहा है विचार

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

बजट पूर्व बैठकों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक का सिलसिला हो या फिर केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के साथ एक के बाद एक बैठकों का लंबा दौर, एक बात स्पष्ट रूप से निकल कर सामने आयी है कि सरकारी कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) को लेकर कुछ तो करना पडेगा। अगर पहले की तरह ओपीएस नहीं भी लागू हो तो नये फार्मूले पर संबंधित संगठनों को राजी करना होगा। 'द ज्वाइंट फोरम फॉर रेस्टोरेशन ऑफ ओल्ड पेंशन' के बैनर तले कर्मचारियों ने देशव्यापी हडताल को फिलहाल स्थगित कर रखा है। इस बीच संघ का प्रतिनिधि संगठन भारतीय मजदूर संघ समेत दर्जनभर श्रमिक संगठनों ने केंद्रीय वित्तमंत्री से संयुक्त रूप से अपील की है कि बजटीय प्रावधान में कर्मचारियों की जायज माने जाने वाली ओपीएस को शामिल किया जाए। अन्य श्रमिक संगठनों में इंटक, एटक, सीटू, एआईयूटीयूसी, टीयूसीसी और यूटीयूसी वित्तमंत्री के साथ बैठक में शामिल रहे। सत्ता प्रतिष्ठान से जुडे सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय वित्तमंत्रालय के एक्सपेंडीजर विभाग के ▸▸ शेष पेज 5 पर







**हर मेहमान को मिला खास तोहफा, रिसेप्शन में पहुंचे दिग्गज**

# अनंत-राधिका की शादी में 'स्पेशल-25' को 50 करोड़ के गिफ्ट!

एजेंसी ▸▸ मुंबई

अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी की सुर्खियां देश ही नहीं विदेशों में भी हो रही हैं। शादी के हर फंक्शन को भव्य और शानदार बनाने में रिलायंस इंडस्ट्री के चीफ मुकेश अंबानी और नीता अंबानी ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। इतना ही नहीं, अंबानी परिवार ने शादी में पहुंचे सभी मेहमानों को शानदार और महंगे रिटर्न गिफ्ट देकर उनका सम्मान किया। अनंत अंबानी ने 25 खास लोगों के लिए 25 घड़ियां दीं। इन लिमिटेड एडिशन घड़ियों की कीमत करीब 2-2 करोड़ रुपए है। शाहरुख से रणवीर सिंह तक ने गिफ्ट में मिली घड़ियों को फ्लॉन्ट किया। इन ▸▸ शेष पेज 5 पर





### शाहरुख, सलमान समेत 25 दोस्त

रिपोर्ट के अनुसार अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में दूल्हे के दोस्तों यानि ग्रूम स्क्वॉड में शाहरुख खान, सलमान खान, रणवीर सिंह, वीर पहाड़िया, सलमान खान, मिजान जाफरी, शिखर पहाड़िया समेत 25 करीबी दोस्त शामिल थे, जिन्हें अनंत अंबानी ने लग्जरी घड़ी तोहफे में दी है। बता दें इस लग्जरी घड़ी की कीमत करीब 2 करोड़ रुपए की है।

### रिसेप्शन में पहुंचे बंगाली भोजपुरी, गुजराती अभिनेता

मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत और राधिका का वेडिंग रिसेप्शन रविवार को हुआ। इसे मंगल उत्सव का नाम दिया गया है। ये फंक्शन मुंबई के बीकेसी स्थित जियो वर्ल्ड सेंटर में हुआ। अनंत-राधिका की शादी 12 जुलाई को हुई थी। इसके बाद 13 जुलाई को दोनों की आशीर्वाद सेरेमनी हुई। रिसेप्शन पार्टी में बंगाली, भोजपुरी, गुजराती अभिनेता के साथ कई दिग्गज पहुंचे। बंगाली एक्ट्रेस और पूर्व सांसद नुसरत जहां ने भी शिरकत की। भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव सबसे पहले पहुंचे।

### जबरदस्ती घुसने की कोशिश, केस दर्ज

मुंबई में कड़ी सुरक्षा के बीच बिजनेसमैन मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी की शादी का जश्न चल रहा था। इस बीच दो लोगों ने सेंध मारने की कोशिश की। इसमें से एक यूट्यूबर है और एक बिजनेसमैन। दोनों इस शादी में शामिल होने आंध्र प्रदेश से आए थे। हालांकि समय रहते दोनों ही पकड़े गए। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर हिरासत में लिया और बाद में रिहा कर दिया।

## रोस्टर रजिस्टर तैयार कराकर ही निकाले जाए प्रिंसिपल पदों के विज्ञापन

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के अनुसूचित जाति/जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के शिक्षक संगठनों के एक मात्र संगठन दिल्ली यूनिवर्सिटी एससी, एसटी ओबीसी टीचर्स फोरम ने दिल्ली यूनिवर्सिटी के कुलपति को पत्र लिखकर मांग की है कि प्रोफेसर काले कमेटी की रिपोर्ट को लागू करते हुए प्रिंसिपल पदों का रोस्टर रजिस्टर तैयार कराकर ही प्रिंसीपल पदों के विज्ञापन निकाले जाएं। इस फोरम के अध्यक्ष प्रोफेसर के.पी.सिंह ने रविवार को यह बयान जारी कर कहा कि जिन कॉलेजों ने ओबीसी कोटे के अंतर्गत सेकंड ट्रांच के पदों को अभी तक नहीं भरा गया है उनको भी 31 जुलाई 2024 से पूर्व रोस्टर पास कराकर पदों को विज्ञापित कर 31 दिसम्बर 2024 तक भरा जाए। प्रोफेसर के. पी.सिंह ने बताया है कि 12 जुलाई 2024 तक कॉलेजों में 4600 सहायक प्रोफेसरों की स्थायी नियुक्ति हुई है। इसके अलावा कुछ कॉलेजों में नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया है कि अभी तक जो नियुक्तियां हुई हैं वहाँ कॉलेजों द्वारा निकाले गए उनके विज्ञापनों में भारत सरकार की आरक्षण नीति व डीओपीटी के निर्देशों को सही से लागू नहीं किया गया था। उनमें शॉर्टफाल, बैकलॉग और विश्वविद्यालय द्वारा बनाई गई प्रोफेसर काले कमेटी की रिपोर्ट को स्वीकारते हुए करेक्ट रोस्टर नहीं बनाया गया है, जिससे एससी, एसटी, ओबीसी अभ्यर्थियों को जिस अनुपात में आरक्षण मिलना चाहिए था नहीं दिया गया। दिल्ली विश्वविद्यालय के तमाम कॉलेजों ने सामाजिक न्याय और भारतीय संविधान के नियमों की सरेआम अवहेलना की गई है।

### जीटीबी अस्पताल में वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार

# वार्ड में घुसकर मरीज की गोली मारकर हत्या



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

शाहदरा जिले के दिलशाद गार्डन स्थित गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) अस्पताल में रविवार शाम एक मरीज की वार्ड के भीतर गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक का नाम खजूरी निवासी रियाजुदीन (32) बताया गया है। वह पेट में इंफेक्शन का इलाज कराने के लिए कुछ समय से अस्पताल में भर्ती था। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर फरार होने में सफल रहा।

पुलिस ने आरोपी की तलाश में जुटी है। अस्पताल और आसपास के एरिया में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। डीसीपी सुरेन्द्र चौधरी ने बताया कि शाम चार बजे जीटीबी अस्पताल के वार्ड नंबर 24 में फायरिंग की पीसीआर कॉल मिली थी। जीटीबी एंक्लेव थाने का स्टाफ तुरंत मौके पर पहुंचा। जांच में पता चला कि वार्ड में भर्ती मरीज रियाजुदीन को गोली मारी गई है। उसकी मौत हो चुकी है। वह ए ब्लॉक गली नंबर 14 श्रीराम नगर, खजूरी का रहने वाला था। पेट में इंफेक्शन का इलाज कराने के लिए वह 23 जून को हॉस्पिटल में भर्ती हुआ था। पुलिस को जांच में पता चला कि करीब 18 साल के एक युवक ने वारदात को अंजाम दिया है। रियाजुदीन नशा मुक्ति केंद्र से अस्पताल में आया था। उसका पुराना कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। पुलिस को मौके से गोली के तीन खोखे मिले हैं।

### सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवालिया निशान उठे

फायरिंग के कारण वार्ड में भर्ती मरीज और तीमारदार दहशत में आग गये थे। पूरे अस्पताल में अफरातफरी मच गई थी। बताया जा रहा है कि आरोपी को पकड़ने की कोशिश भी की गई थी, लेकिन वह बच निकलने में सफल रहा। इस वारदात के बाद अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवालिया निशान उठ रहे हैं। पुलिस को शक है कि यह वारदात आपसी रंजिश का नतीजा हो सकती है।

## हत्या की कोशिश में दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




क्राइम ब्रांच ने हत्या की कोशिश के मामले में वांछित दो बदमाशों को अरेस्ट किया गया है। इनके नाम मनीष और मोनू बताये गये हैं। दोनों डाबड़ी इलाके के रहने वाले हैं। पुलिस से बचने के लिए दोनों अपना नाम बदलकर रह रहे थे।

डीसीपी अमित गोयल के अनुसार 19 वर्षीय रोहित निवासी महावीर एन्क्लेव, उत्तम नगर ने बताया कि पिंटू ने 7/8 महीने पहले उससे पांच हजार रुपए उधार लिये थे। वह रुपए वापस नहीं कर रहा था। इसी बात को लेकर उनके बीच विवाद था। पिंटू ने अपने साथियों सोनू, मोनू, मनीष, अंकित के साथ मिलकर पीड़ित को मारने की साजिश रची। 23 जून की शाम लगभग 4 बजे पिंटू के निर्देश पर उसके साथियों ने पीड़ित पर चाकू, स्क्रू ड्राइवर आदि से बेरहमी से हमला किया। इसके बाद आरोपी फरार हो गए। घायल को डीडीयू हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। उसकी गर्दन और सीने पर दो दर्जन से ज्यादा जख्म आये थे। इस बाबत डाबड़ी थाने में हत्या की कोशिश का मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपियों की धरपकड़ के लिये ओल्ड ककरौला रोड सेक्टर 16 बी द्वारका में ट्रेप लगाया गया था। इसके बाद दोनों को धर दबोचा गया।

## जानलेवा हमले के आरोप में तीन नाबालिग समेत चार धरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

लाजपत नगर इलाके में हुई फायरिंग केस में पुलिस ने चार आरोपियों को पकड़ा है। इनमें तीन नाबालिग बताये गये हैं। पुलिस ने अपराध में इस्तेमाल हथियार भी इनके पास से बरामद किया है। गिरफ्तार एक आरोपी का नाम अभिषेक तनेजा बताया गया है।

पुलिस के मुताबिक शनिवार को चार पांच लोगों ने एक शख्स पर जानलेवा हमला किया था। घायल अभिषेक सागर पर लाठियों से वार करने के साथ ही पैर में गोली भी मारी गई थी। घायल को उसके दोस्तों ने ही अस्पताल में भर्ती करवाया था। जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे चैक किए। आरोपी की पहचान होने के बाद आश्रम क्षेत्र से अभिषेक तनेजा को पकड़ा गया। इसके पास से एक पिस्टल और दो कारतूस मिले। आरोपी से पूछताछ के बाद पीड़ति को लाठी डंडे से पीटने वाले तीन नाबालिग भी पकड़ लिए गए। इनमें आरोपी अभिषेक तनेजा नेहरु नगर लाजपत नगर का रहने वाला है। वह रोहित चौधरी का सहयोगी है। इससे पहले वे सुबेघ सिंह उर्फ शिबू के सहयोगी थे। बाद में ये कुछ व्यक्तिगत विवाद के कारण अलग हो गए और उनके बीच प्रतिद्वंद्विता शुरू हो गई। वर्ष 2023 में सुबेघ सिंह के कहने पर उसके साथियों ने रोहित चौधरी और अभिषेक तनेजा उर्फ पिद्दी पर हमला किया था। लेकिन वे हमले के दौरान भागने में सफल रहे। इस घटना में घायल अभिषेक समेत नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया था। अभिषेक हाल ही में बालिग हुआ है और किशोर के रूप में वह कई जघन्य मामलों में शामिल रहा है। अब अभिषेक तनेजा ने अन्य साथियों के साथ मिलकर अभिषेक सागर पर बदला लेने के लिए हमला किया था। इस केस में अभी अन्य आरोपियों की तलाश है।

## मोहन गार्डन में हादसा : करंट लगने के बाद पंद्रह फीट ऊंचे पोल से गिरा लाइनमैन, मौत

हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली



मोहन गार्डन इलाके में बिजली के पोल पर काम कर रहे लाइनमैन को करंट लग गया। इसके बाद वह करीब 15 फीट ऊंचाई से खंभे से नीचे गिर गया। सिर समेत शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोट भी लगी। घायल को पहले ईएसआई अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे आयुष्मान अस्पताल के लिये रेफर कर दिया। वहां पहुंचने पर लाइनमैन को मृत घोषित कर दिया गया। मृतक का नाम राम नवल (50) बताया गया है। वह सैनिक एंक्लेव का रहने वाला थे। पुलिस के मुताबिक घटना शनिवार को सामने आई। एस ब्लॉक, मोहन गार्डन में इस घटना की सूचना मिली। घायल को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक बीएसईएस के शिकायत केंद्र में कार्यरत था। हादसे के समय वह बिजली का करंट लगने के बाद खंभे से नीचे गिरा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए डीडीयू हॉस्पिटल भिजवाया है। इस घटना को लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। यह हादसा किसकी लापरवाही से हुआ इसे लेकर पुलिस की जांच जारी है। गौरतलब है कि शनिवार सुबह हुई बारिश के कारण यमुना विहार इलाके में भी पानी में आए करंट के कारण सर्विस लेन से गुजर रही एक महिला की भी मौत हो गई थी।

### तीन आपराधिक कानून लोगों के अनुकूल नहीं हो सकतेः देवेन्द्र

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा नए आपराधिक कानूनों को लागू करने पर दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने सवाल उठाए है। उन्होंने कहा कि संसद के शीतकालीन सत्र में विपक्षी दलों के संसद सदस्यों को निलंबित करने के बाद उनकी गैर मौजूदगी में पारित हुए तीन आपराधिक कानून लोगों के अनुकूल नहीं हो सकते हैं। क्योंकि जब संसद में चर्चा के दौरान विपक्ष के 146 सदस्यों को निलंबित कर दिया गया था। ऐसी हालत में इन कानूनों पर विपक्ष द्वारा बहस ही नहीं की गई, तो ऐसे में इन कानूनों का औचित्य क्या रह जाता है। यादव ने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र में, संसद में बहस और चर्चा होना कानून बनाने का हिस्सा हैं। जहां विपक्षी दलों सहित माननीय संसद सदस्यों द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण सुझावों पर विचार किया जाता है। संसद के 146 सदस्य लाखों लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं और जब ये कानून पारित किए गए थे तो वे निलंबित थे। इसका सीधा अर्थ है कि इन कानूनों को पारित करते समय लाखों लोगों की आवाज संसद में नहीं सुनी गई।

## बीएसईएस अधिकारी बनकर वसूली करने वाला गैंग बेनकाब, तीन दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



न्यू फ्रेंड्स कालोनी पुलिस ने बीएसईएस अधिकारी बनकर वसूली करने वाले गैंग का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मामले में तीन लोगों को अरेस्ट किया है। इनके नाम बीके दत्त कालोनी निवासी शम्मी चढ्ढा, दिलेश कुमार निवासी हरौली और शकील अहमद निवासी संगम विहार बताये गये हैं। आरोपियों के पास से एक स्कूटी, तीन बाइक और एक मोबाइल बरामद हुआ है। डीसीपी राजेश देव के अनुसार 10 जुलाई को महारानी बाग के एक घर से फर्जी बीएसईएस अधिकारियों द्वारा 12 लाख रुपए की मांग को लेकर एक पीसीआर कॉल मिली। इस बाबत मिली शिकायत पर न्यू फ्रेंडस कॉलोनी थाने में केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चैक करने के साथ ही आरोपियों के मोबाइल नंबर की सीडीआर का विश्लेषण किया। जो बाइक सीसीटीवी फुटेज में नजर आई उसके मालिक का पता लगाया गया। पुलिस ने सबसे पहले बाइक मालिक को पकड़ा और फिर उसके दोनों साथी भी दबोच लिये गये। इनसे पूछताछ में खुलासा हुआ कि वे फर्जी बीएसईएस अधिकारी बनकर निर्माणाधीन साइटों पर जाते थे, ताकि व्यावसायिक उद्देश्य के लिए घरेलू बिजली का उपयोग करने पर जुर्माने के नाम पर साइट मालिकों से रुपए वसूल सकें। यह भी पता चला कि आरोपी इससे पहले भी कई अन्य लोगों से इसी प्रकार वसूली कर चुके थे। पुलिस के अनुसार तीनों एक निजी कंपनी के माध्यम से बीएसईएस के रिकवरी एजेंट के रूप में काम कर रहे थे। कार्यकाल पूरा होने के बाद भी इनके द्वारा वसूली का सिलसिला जारी था।

## भजनपुराः करंट लगने से महिला की मौत, मुआवजे की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के भजनपुरा में दिल्ली सरकार की लापरवाही और बारिश के बाद स्ट्रीट लाइट के खंभे से करंट लगने के कारण हुई पूनम देवी नाम की महिला की मौत के बाद रविवार को दिल्ली भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल महिला के पति रविन्द्र कुमार एवं अन्य परिजनों से मिलने के लिए पहुंचा।

विधायक अजय महावर के नेतृत्व में भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने अंत्येष्टि के बाद परिजनों से मिलकर उन्हें हर प्रकार से मदद करने का आश्वासन दिया। दिल्ली भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने परिजनों से मिलकर पार्टी की ओर से सहायता राशि की घोषणा की और साथ ही केजरीवाल सरकार से मांग की है कि मृतक के परिवार वालों को 50 लाख रुपये की सहायता राशि और बीमार बच्चा जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है, उसके इलाज का समुचित व्यवस्था सरकार द्वारा की जाए क्योंकि यह प्रशासनिक व्यवस्था लापरवाही से मृत्यु का मामला हैं। विधायक अजय महावर ने कहा कि महिला की मृत्यु पीडब्ल्यूडी के स्ट्रीट पोल से पानी में करंट आने के कारण हुई है। दिल्ली सरकार की लापरवाही के कारण हुई इस मौत की जिम्मेदार सरकार है। क्षेत्र की स्ट्रीट लाइट के पोल का मेंटेनेंस सही तरीके से नहीं होती है, बिजली के वायर खुले रहते हैं जो आए दिन हादसों को न्यौता दे रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद इस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

## डूसू कार्यालय में तोड़फोड़ पर कड़ी कार्रवाई करें पुलिस : तुषार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) ने कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई से दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ के उपाध्यक्ष अभि दहिया तथा एनएसयूआई से जुड़े लगभग 40 से अधिक गुंडों के झुंड द्वारा डूसू कार्यालय में तोड़फोड़ की हिंसक घटना की निंदा की है।

दिल्ली पुलिस तथा दिल्ली विश्वविद्यालय प्रशासन से कड़ी कार्रवाई कर अभि दहिया को डूसू उपाध्यक्ष के पद से हटाकर तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की है। साथ ही इस पूरी हिंसा में शामिल एनएसयूआई के गुंडों को भी गिरफ्तार करने की मांग की है। डूसू अध्यक्ष तुषार डेढ़ा ने रविवार को पत्र में बयान जारी कर कहा कि डूसू हिंसा तथा गुंडागर्दी की घटना की कड़ी निंदा करता है। डूसू उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने के बाद से ही डूसू के उपाध्यक्ष अभि दहिया का छात्रों के हितों से कोई सरोकार नहीं रहा है। डूसू उपाध्यक्ष का कार्यालय शुरुआत से ही शराबियों, नशेड़ियों, छेड़खानी करने वालों का अड्डा बन गया। डूसू की गरिमा जिस तरह से डूसू उपाध्यक्ष ने गिराई है, वह एनएसयूआई के डूसू में निम्नस्तरीय तथा हिंसक नेतृत्व की रूढ़ि को ही आगे बढ़ाना वाला रहा है। डूसू अध्यक्ष तुषार डेढ़ा ने आरोप लगाए हैं कि डूसू के उपाध्यक्ष अभि दहिया, छात्रों के फीस से आने वाला डूसू फंड का प्रयोग अपने एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को शराब पिलाने के लिए खर्च करते रहे। डूसू में एनएसयूआई से जो लोग पहले निर्वाचित हुए, वे भी हिंसक, गुंडों का संरक्षण करने वाले रहे हैं। छात्रों द्वारा चुने गए नेतृत्व पर 14 जुलाई की सुबह जानलेवा मंशा से किया गया हमला एनएसयूआई के अराजक चरित्र को स्पष्ट कर देता है।

### कथित पीड़िता की गवाही स्पष्ट, ठोस, विश्वसनीय या भरोसेमंद नहीं

# अदालत ने व्यक्ति को बलात्कार के मामले में बरी किया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की एक अदालत ने एक व्यक्ति को नौ साल से अधिक समय बाद बलात्कार के आरोप से बरी कर दिया और कहा कि कथित पीड़िता की गवाही स्पष्ट, ठोस, विश्वसनीय या भरोसेमंद नहीं है और न ही उसके आरोपों की अन्य भौतिक साक्ष्यों से पुष्टि हुई। आरोपी महेंद्र के खिलाफ मामले की सुनवाई तीस हजारी जिला अदालत की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रियंका भगत कर रही थीं।

महेंद्र के खिलाफ सब्जी मंडी पुलिस थाने ने बलात्कार और आपराधिक धमकी के दंडात्मक प्रावधानों के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार, युवती को 2014 में महेंद्र नैनीताल ले गया जहां उसने उसके खाने में नशीला पदार्थ मिला दिया, बेहोश होने के बाद उसने उससे बलात्कार किया और इस कृत्य का वीडियो भी बनाया। युवती ने दावा किया कि दिल्ली लौटने के बाद आरोपी ने वीडियो क्लिप को प्रसारित करने की धमकी दी और उसे बंधक बनाकर एक निर्माणाधीन इमारत में फिर से बलात्कार किया। अदालत ने नौ जुलाई को अपने फैसले में कहा कि...अभियोजन पक्ष के गवाह 12 या पीड़िता की गवाही स्पष्ट, ठोस, विश्वसनीय और भरोसेमंद नहीं है और अन्य भौतिक साक्ष्यों से भी इसकी पुष्टि नहीं होती है। पीठ ने कहा कि उपरोक्त कारणों से, इस अदालत का मानना है कि अभियोजन पक्ष आरोपी के खिलाफ उचित संदेह से परे मामला साबित करने में विफल रहा है। इसलिए, आरोपी महेंद्र को बरी किया जाता है।

### बयान में कुछ बड़े विरोधाभास थे

अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष का पूरा मामला युवती के बयान पर आधारित था, अदालत ने कहा कि उसके खाने में नशीला पदार्थ मिलाने की घटना के बारे में उसके बयान में कुछ बड़े विरोधाभास थे, जिससे उसके बयानों की विश्वसनीयता प्रभावित हुई। अदालत ने कहा कि उसकी गवाही में भी कुछ बदलाव हुआ है। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष का पूरा मामला यह है कि युवती को इस आधार पर ब्लैकमेल करके बार-बार बलात्कार किया गया कि आरोपी महेंद्र उक्त वीडियो को वायरल कर देगा, हालांकि, अभियोजन पक्ष द्वारा उक्त वीडियो को कभी साक्ष्य में नहीं लाया गया। निर्माणाधीन इमारत में बलात्कार के आरोपों के संबंध में अदालत ने कथित पीड़िता की गवाही पर गौर किया, जिसमें उसने स्वीकार किया कि जब वह महेंद्र से मिलने गई थी, तो वहां काम कर रहे अन्य लोग भी मौजूद थे। अदालत ने कहा कि इस प्रकार युवती का यह कथन कि उसके साथ एक ऐसी इमारत में बलात्कार किया गया, जहां अन्य लोग भी काम कर रहे थे, संभावित नहीं है, खासकर तब जब युवती भी अपनी शिकायत में बताये अनुसार रो रही थी। इसमें कहा गया है कि गवाहों के बयानों में दिखायी देने वाले विरोधाभास और विसंगतियां अभियोजन पक्ष की कहानी पर गंभीर संदेह पैदा करती हैं। पीड़िता द्वारा रिकॉर्ड पर लाए गए बयान की पुष्टि रिकॉर्ड पर लाए गए किसी अन्य साक्ष्य से भी नहीं होती है।

## 20 लाख की ठगी में शामिल जालसाज हैदराबाद से दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




ऑनलाइन अच्छी कमाई का लालच देकर ठगी करने वाला एक जालसाज द्वारका साइबर पुलिस के हत्थे चढ़ा है। आरोपी का नाम अखिलेश्वर रेड्डी बताया गया है। इस पर 20 लाख की ठगी का आरोप है। पुलिस ने इसे तेलंगाना, हैदराबाद से गिरफ्तार किया। आरोपी बिजनेस मैनेजमेंट में पीएचडी कर रहा है। इसके साथ ही इसका फ्लेक्स प्रिंटिंग का भी बिजनेस है। आरोपी के सहयोगी की अभी पुलिस को तलाश है।

पुलिस के अनुसार अक्षय नामक शख्स ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि पिछले साल उन्हें पार्ट टाइम नौकरी के संबंध में टेलीग्राम पर एक मैसेज प्राप्त हुआ था। आरोपी व्यक्तियों ने क्रिप्टो करेंसी खरीदने और बेचने के लिए वेबसाइट faind.top पर एक खाता बनाने के लिए कहा और कुछ प्रीपेड कार्य सौंपे। इसके बाद युवक ने 20 लाख 16 हजार 640 रुपए निवेश कर दिये। धोखे का शिकार होने के बाद वह पुलिस के पास पहुंचा। पुलिस ने जांच के दौरान उस बैंक अकाउंट पर तफ्तीश केंद्रित की, जिसमें रुपए भेजे गए थे। अकाउंट का लिंक तेलंगाना से मिला, जिसके बाद खाताधारक को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया। आरोपी लोगों के पास पार्ट टाइम नौकरी या निवेश से संबंधित संदेश भेजता था। फिर पीड़ितों को लुभाने के लिए उनके खातों में कुछ राशि भेजी जाती।

# राजधानी वालों को उमस ने किया परेशान अधिकतम तापमान 37.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



मानसून के बावजूद दिल्ली वालों को मौसम के दिन प्रतिदिन बदलते रंग देखने को मिल रहे है। ऐसा लग रहा है जैसे मानसून इन दिनों दिल्ली वालों से नाराज है। क्योंकि मानसून के बावजूद दिल्ली में एक दो बारिश छोड़ दे तो लोगों को अब भी मानसून की कभी झमाझम तो कभी होने वाली रिमझिम फुहारों का इंतजार है। रविवार वीकेंड के दिन लोगों को खुश सूरत मौसम की जगह भारी उमस झेलनी पड़ी। जबकि ठीक एक दिन पहले शनिवार को दिल्ली में बारिश के चलते मौसम खुशगवार बना रहा था। रविवार को दिल्ली में सुबह से ही आसमान पर बादलों का डेरा लगा रहा। लेकिन दिन चढ़ने के साथ ही धूप निकलने और हवा नहीं चलने की वजह से लोगों को दिनभर भीषण उमस झेलनी पड़ी। ऐसे में पारे में भी बढ़त देखने को मिली। प्रादेशिक मौसम विज्ञान विभाग दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार रविवार को देर रात तक बारिश दर्ज नहीं हुई। हालांकि कई क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी जरूर दर्ज हुई जो उमस व गर्मी से निजात दिलाने में बेसर रहे। आईएमडी के दिल्ली का अधिकतम तापमान बढ़कर 37.1 डिग्री सेल्सियस रहा जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 2 डिग्री ज्यादा है। जबकि दिल्ली में न्यूनतम तापमान 27.6 डिग्री सेल्सियस रहा जो इस मौसम का सामान्य तापमान है। आईएमडी ने अगले चार पांच दिन के लिए ग्रीन मौसम अलर्ट जारी किया है। जिसके तहत हल्की बारिश दर्ज हो सकती है।



नई दिल्ली। गर्मी से राहत पाने के लिए नहर में नहाते बच्चे। फोटो : एजेंसी

## खबर संक्षेप

### दिल्ली मेट्रो का ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण आज से

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो 15 जुलाई से 14 अगस्त 2024 तक 10वें ऑनलाइन मेट्रो ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण का आयोजन करने जा रहा है। इस बारे में दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बताया कि हर बार की तरह इस बार भी दिल्ली मेट्रो अपने ग्राहकों से मेट्रो यात्रा को लेकर उनकी राय, परेशानियाँ व सुझाव मांगेगी। जिसके तहत 10 वें ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण का आयोजन 15 जुलाई से 14 अगस्त 2024 तक करेगा। एक माह तक चलने वाले इस सर्वेक्षण में यात्रियों से सुझाव भी मांगे गए है। उन्होंने बताया कि सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य मेट्रो सेवाओं और सुविधाओं के विभिन्न घटकों पर यात्रियों से फीडबैक एकत्र करना है। एक व्यापक प्रश्नावली के साथ व्यक्तिगत विषयों पर भाग लेने वाले यात्रियों से विस्तृत प्रतिक्रिया प्राप्त की जाएगी।

### भाजपा 14 जिलों में बिजली दफतरों पर आज करेंगी प्रदर्शन



नई दिल्ली। बिजली खरीद समझौता शुल्क (पीपीएसी) एवं अन्य सरचार्ज के विरोध में सोमवार, 15 जुलाई को दिल्ली के सभी 14 जिलों में बिजली दफतरों पर प्रदर्शन होंगे। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने रविवार को प्रेसवार्ता में यह घोषणा करते हुए जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अप्रैल-मई से ही बिल की राशि को लेकर लोगों में आक्रोश है और भाजपा की एक टीम ने कुछ बिजली शुल्क विशेषज्ञों और आरडब्ल्यूए के साथ मिलकर इसका अध्ययन किया है। संयुक्त अध्ययन से पता चला है कि दिल्लीवासियों के बिजली बिलों में शामिल पीपीएसी उपभोक्ताओं, खासकर निम्न और उच्च मध्यम वर्ग के लिए बड़ी समस्या बन गया है। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग (डीईआरसी) के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति जयंत नाथ को लिखे पत्र की प्रति जारी की, जिसमें उन्होंने भारी पीपीएसी, पेंशन अधिभार, मीटर शुल्क, लोड अधिभार आदि के मुद्दे पर हस्तक्षेप करने की मांग की है, जो कुल मिलाकर उपभोक्ताओं के बिजली बिलों को बहुत अधिक बढ़ा देते हैं।

## आतिशी ने भाजपा पर लगाया आरोप

# 'जेल में केजरीवाल की जान को खतरा, उन्हें कुछ भी होता है तो जिम्मेदार होगी भाजपा'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

तिहाड़ जेल में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जान को खतरा है और उन्हें कुछ भी होता है तो उसके लिए भाजपा जिम्मेदार होगी। अगर जेल में अरविंद केजरीवाल को कुछ हुआ तो भगवान भी भाजपा को कभी माफ नहीं करेंगे। वरिष्ठ आप नेता व दिल्ली कैबिनेट मंत्री आतिशी ने रविवार को प्रेसवार्ता कर भाजपा पर यह आरोप लगाए। भाजपा को पता था कि, ट्रायल कोर्ट के बाद सुप्रीम कोर्ट से भी केजरीवाल को बेल मिल जाएगी इसलिए उन्हें सीबीआई के फर्जी मामले में गिरफ्तार करवा दिया। उन्होंने कहा कि, भाजपा की साजिश सिर्फ अरविंद केजरीवाल को जेल में डालने तक की नहीं है। भाजपा की साज़शि अरविंद केजरीवाल के स्वास्थ्य पर हमला करने की साजिश है। अरविंद केजरीवाल को मारने की साजिश है। उन्होंने कहा कि हमने देखा कि किस तरह से पहले केजरीवाल को उनकी दवा, उनकी इंसुलिन, शुगर कंट्रोल करने के लिए जो जरूरी सुविधाएं थी वह भाजपा की केंद्र सरकार ने उन्हें नही मिलने दी। सभी ने देखा कि किस तरह अरविंद केजरीवाल जो 30 साल से डायबिटीज के मरीज हैं उनको अपने डॉक्टर से बात तक नहीं करने दी गई ,उनको अपने एक्सपर्ट से कंसल्ट नहीं करने दिया गया।




### शुगर लेवल नीचे जाने से व्यक्ति जा सकता है कोमा में

प्रेस वार्ता में उनके साथ दो हेल्थ एक्सपर्ट्स डॉ. संदीप कुमार, एमडी इंटरनल मेडिसिन व डॉ. निम्मी रस्तोगी भी मौजूद रहे जिन्होंने साझा करते हुए कहा कि, हाइपोग्लाइसीमिया बहुत खतरनाक स्थिति है। मंत्री आतिशी ने कहा कि तिहाड़ जेल में सही मेडिकल सुपरविजन न मिलने से रात में सोते हुए 5 से ज्यादा बार उनका ब्लड शुगर लेवल 50 के नीचे पहुंच गया। शुगर लेवल के इतना नीचे जाने से व्यक्ति कोमा में जा सकता है, उसे ब्रेन स्ट्रोक हो सकता है। अगर शुगर लेवल 50 से नीचे जाता है तो मात्र 20 से 30 मिनट के अंदर मरीज की जान जा सकती है। डॉक्टरों ने कहा कि, शुगर लेवल का 50 से नीचे जाना मरीज़ के लिए एक रेड अलार्म होता है। ऐसे में पांच बार रात में क्रिटिकल लेवल तक शुगर लेवल का गिरना अरविंद केजरीवाल के स्वास्थ्य के लिए बहुत घातक है।

### 'केजरीवाल को फंसाया गया झूठे केस में'

आतिशी ने कहा कि सीएम केजरीवाल दिल्ली के लोगों को 24 घंटे और फ्री बिजली देते हैं, बिना किसी खर्चे के दिल्ली के बच्चों को हाई क्वालिटी शिक्षा देते हैं, फ्री वर्ल्ड क्लास इलाज देते हैं, दिल्ली की महिलाओं को फ्री बस यात्रा देते हैं। लेकिन भाजपा अरविंद केजरीवाल के कामों को अपने कामों से मैच तक नहीं कर पाती है। भाजपा अपने किसी भी राज्य में चाहे स्कूल हो, शिक्षा हो, बिजली हो उसमें किसी भी तरीके से अरविंद केजरीवाल जैसा काम नहीं करके दिखा सकती और यही कारण है की अरविंद केजरीवाल को झूठे केस में फंसा दिया गया है और जेल में डाल दिया गया है।

### जो संजय सिंह ने बोला वही आतिशी ने दोहराया : सचदेवा



■ सीबीआई कोर्ट को गुमराह कर जमानत लेने का है प्रयास

नई दिल्ली। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल एवं उनके सहयोगी नेता भलीभांति जानते हैं कि भ्रष्टाचार के बढ़ते आरोपों के बीच आम आदमी पार्टी अपनी राजनीतिक प्रासंगिकता खो रही है और ऐसे में यदि सीएम केजरीवाल ज्यादा दिन जेल में रहे तो उनकी पार्टी भी बिखर सकती है। ऐसे में सीएम केजरीवाल की जमानत के लिए बेताब "आप" नेता रोज रटा रटाया राग अलापते हैं, जो शनिवार को आप सांसद संजय सिंह ने बोला वो रविवार को आतिशी ने दोहराया है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने रविवार को आतिशी की प्रेसवार्ता पर प्रतिक्रिया देते हुए यह ब्यान जारी किया। उन्होंने कहा है कि सभी "आप" नेता रोज़ अखबारों में अपनी ब्यानबाजी छपवाकर ना सिर्फ जनता को बल्कि न्यायालयों को भी प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं पर वह अब अपने इस भ्रम फैलाओ राज करो अभियान में सफल नहीं होंगे। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली वाले साक्षी हैं कि चुनाव पूर्व जमानत पर आये केजरीवाल ने हर दिन प्रचार किया था एक दिन भी किसी ने उन्हें अस्पताल जाते नहीं देखा पर जब जेल जाने का दिन आया वह फिर बीमारी का नाटक करने लगे थे। केजरीवाल का वर्तमान खराब स्वास्थ्य नाटक अभियान भी केवल सीबीआई कोर्ट को गुमराह कर जमानत लेने का प्रयास मात्र है।

## रथ यात्रा...



नई दिल्ली। भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में भाग लेते भक्त। फोटो : एजेंसी

### 1984 के 437 पीड़ित परिवारों के एक-एक सदस्य को मिलेगी सरकारी नौकरी

नई दिल्ली। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के मीत प्रधान आत्मा सिंह लुबाना ने कहा है कि दिल्ली में 1984 के सिख दंगों के 437 पीड़ित परिवारों के एक-एक सदस्य को सरकारी नौकरी मिलने जा रही है। जिसके लिए उम्र और शिक्षा दोनों में पीडितों को बड़ी छूट दी गई है। उन्होंने बताया कि इस मौक पर कमेटी के भाई लक्खी शाह वंजारा हॉल में आगामी 19 जुलाई को एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। लुबाना ने बताया कि कई वर्षों से इस मामले में संघर्ष कर रहे हैं। पहले 16 जनवरी 2006 को भारत सरकार ने फैसला किया था कि हर शहीद परिवार के लोगों को नौकरी दी जाएगी। इसमें दिल्ली सरकार ने 2007 में कैबिनेट नोट लाया था जिसमें कहा गया था कि जिन परिवारों के सदस्य शहीद हुए और घायल हुए उन्हें नौकरी दी जाएगी। कमेटी के प्रयासों की बदौलत 27 नवंबर 2019 को हाई कोर्ट की एक डबल बेंच का आदेश आया था कि हर परिवार को नौकरी दी जाए और अगर नौकरी नहीं दे सकते तो कारण बताया जाए। उन्होंने बताया कि पिछले साल ऐसे ही 22 लोगों को नौकरी दी गई थी और बाद में ताजा अर्जियां जमा करवाई थीं। उन्होंने बताया कि अब दिल्ली कमेटी के पूर्व प्रधान मनजिंदर सिंह सिरसा, मौजूदा प्रधान हरमीत सिंह कालका और जनरल सेक्रेटरी जगदीप सिंह काहलों के अमूल्य सहयोग से किए प्रयासों को हाल ही में उराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने स्वीकृति दी है और आदेश जारी किए हैं कि इन परिवारों का सत्यापन किया जाए।

### केजरीवाल सरकार ने दिल्ली को बना डाला नरक : रामवीर बिधूड़ी

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार की लापरवाही और अनदेखी के कारण दिल्ली के लोगों का जीवन नारकीय बन गया है। अब डबल इंजन की सरकार ही दिल्ली की जनता को निजात दिला सकती है। दक्षिण दिल्ली से सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने रविवार को देवली विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं को धन्यवाद के लिए आयोजित समारोह में भाजपा कार्यकर्ताओं को आह्वान करते हुए यह बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा की सातों सीटों पर सफलता के बाद अब अगले वर्ष के आरंभ में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए कमर कस लें। बिधूड़ी ने समारोह में कहा कि अब दिल्ली की समस्याओं के समाधान के लिए भाजपा का ही सत्ता में आना जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रही है। बिजली के रेट बढ़ने से जनता त्रस्त हो गई और उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष राजकुमार चौटाला ने की। निगम पार्षद अनिता सिंघल और चंदन चौधरी के साथ पूर्व जिलाध्यक्ष आजाद सिंह भी उपस्थित रहे। सांसद बिधूड़ी ने कहा कि कुछ देर की बारिश में ही दिल्ली डूब जाती है। सीवर, नालियां, गलियां, सड़के तथा अन्य सभी विकास कार्य पूरी तरह ठप्प पड़े हैं। मुख्यमंत्री जेल से सरकार चलाने की जिद पर अड़े हैं और बाकी मंत्रियों को फुरसत ही नहीं है।

### हम लोगों को रोज बताएंगे केजरीवाल और उनके मंत्री भ्रष्टाचार के चलते हैं जेल में बंद : कांग्रेस

नई दिल्ली। दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मैदान में उतरी दिल्ली कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा है कि हम रोज लोगों को बताएगें कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनके मंत्री भ्रष्टाचार के चलते ही जेल में बंद है। हमारा मुख्य उद्देश्य दिल्ली में गूंगी बहरी सरकारों के कानों तक जनता की आवाज पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि विधानसभा उप-चुनाव परिणामों ने साबित कर दिया है कि लोग तानाशाही को खत्म करके न्याय का शासन स्थापित करना चाहते है। देवेन्द्र रविवार को दक्षिणी दिल्ली संसदीय क्षेत्र के बदरपुर जिला की कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस मौक पर देवेंद्र के अलावा पूर्व सांसद रमेश कुमार, कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज सहित जिला अध्यक्ष अन्य मौजूद थे। देवेंद्र ने कार्यकर्ताओं से कहा कि दिल्ली में पेयजल संकट, जल भराव, जल निकासी, बिजली कटौती, बिजली दरों में बढ़ोत्तरी सहित जनता से जुड़ी हर समस्या को हम जनता के बीच लगातार उठा रहे है। क्योंकि हमारा मुख्य उद्देश्य लोगों की आवाज को दिल्ली में गूंगी बहरी सरकारों के कानों तक पहुंचाने का है, जिसका प्रयास कांग्रेस कार्यकर्ता जागरूकता के साथ कर रहे है। उन्होंने कहा कि जनता की परेशानियों और समस्याओं के समाधान में दिल्ली की नेतृत्वहीन केजरीवाल सरकार चौतरफा विफल हो रही है। उन्होंने कहा कि संगठन मजबूती के लिए हम प्रदेश स्तर के साथ जिला, ब्लाक व बूथ स्तर तक काम कर रहे है। इस दौरान संगठन में कमियां सामने आने पर उनको परिस्थिति अनुसार क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ समन्वय स्थापित करके समाधान भी कर रहे है।

## पार्षदों की लिस्ट भी हटाई, कई विभागों की जानकारी अधूरी

# दिल्ली नगर निगम की वेबसाइट बनी डिब्बा

दया राम ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने इस साल फरवरी माह के दौरान कहा था कि जल्द ही दिल्ली नगर निगम की वेबसाइट की तस्वीर भी बदलने वाली है लेकिन देखा जाए तो निगम की वेबसाइट इस डिजिटल समय में भी डिब्बे की तरह ही है। ताजा मामला यह भी सामने आया है कि वेबसाइट से वर्तमान पार्षदों की लिस्ट भी हटा दी गई है। इसके साथ ही कई विभागों में अधिकारियों की जानकारी पुरानी है। बता दें कि महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा था कि जब से दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी की सरकार आई है, यहां कार्य पहले से बेहतर हो रहे हैं। इसी के तहत जल्द ही दिल्ली नगर निगम की वेबसाइट की तस्वीर भी बदलने वाली है। महापौर डॉ. ओबरॉय ने इस साल करीब चार माह पहले बताया था कि निगम का सूचना प्रौद्योगिकी विभाग वेबसाइट को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है और जल्द ही यह वेबसाइट सभी के सामने आएगी। बता दें कि दिल्ली में जब तीन दिल्ली नगर निगम (उत्तरी, दक्षिणी और पूर्वी) होते थे तब उस समय दिल्ली नगर निगम की वेबसाइट पर तमाम जानकारी होती थी। जैसे की सभी विभागों पर प्रमुखों के अलावा विभाग के अन्य अधिकारियों, प्रेस एवं सूचना निदेशालय पर प्रतिदिन अखबारों में प्रकाशित होने वाली न्यूज क्लिपिंग, पार्षदों की फोटो सहित लिस्ट आदि लेकिन इन दिनों वेबसाइट पर आधी अधूरी जानकारी उपलब्ध हैं और कई विभागों ने तो जनता को जागरूक करने वाली जानकारी अपने विभागों से हटा ली है।

### पहले पारदर्शी तरीके से चलती थीं तीनों वेबसाइटें

प्रेस एवं सूचना निदेशालय के एक पूर्व निदेशक ने बताया कि पूर्ववर्ती तीन दिल्ली नगर निगमों के समय बेवसाइट पारदर्शी तरीके से संचालित होती थी, जिसमें विभागों से जुड़ी जानकारी के साथ ही टैंडर, नोटिस और ऑफिस ऑर्डर, ताजा जानकारी के साथ उपलब्ध होते थे। पूर्ववर्ती तीनों दिल्ली नगर निगम की रीढ़ की हड्डी कहे जाने वाले और निगम की गतिविधियों को जनता के बीच पारदर्शी तरीके से पहुंचाने वाले तीनों प्रेस एवं सूचना निदेशालय बेहतर तरीके से कार्य करते थे और निगम की प्रकाशित खबरों की न्यूज क्लिपिंग वेबसाइट पर प्रतिदिन डाली जाती थी, लेकिन करीब डेढ़ साल से प्रेस एवं सूचना निदेशालय पर कोई जानकारी उपलब्ध नहीं होती है।

### बजते रहते हैं लैंडलाइन नंबर, मोबाइल नंबर हटाए

इसके साथ ही बता दें कि वेबसाइट पर दिल्ली नगर निगम के कई अन्य विभागों पर जानकारी अधूरी है। कई विभागों ने जो ईमेल आईडी जारी की हैं, यदि उन पर जानकारी मांगी जाती है तो वहां से जानकारी भी नहीं मिल पाती है। इसके साथ ही पहले जहां विभागों के प्रमुख अधिकारियों, निरीक्षकों के मोबाइल नंबर वेबसाइट पर उपलब्ध होते थे, वहां से अब उन्हें हटा लिया गया और अब सिर्फ लैंडलाइन नंबर ही हैं और वे नंबर या तो बजते ही रहते हैं या फिर यह नंबर उपलब्ध नहीं की आवाज सुनाई देती है।

### एलजी बिना अनुमति के कटवा रहे हैं पेड़ : कक्कड

नई दिल्ली। एक तरफ दिल्ली सरकार पेड़ लगाकर वायु प्रदूषण को कम कर रही है और दूसरी तरफ दिल्ली के एलजी बिना अनुमति के पेड़ कटवा रहे हैं। आम आदमी पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने रविवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर दिल्ली के एलजी पर निशाना साधते हुए उक्त आरोप लगाए। प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि 'पेड़ों के हत्यारे एलजी' दिल्ली को प्रदूषण मुक्त बनाने के दिल्ली सरकार के प्रयासों को ग्रहण लगा रहे हैं। वहीं, आम आदमी पार्टी ने अवैध तरीके से सैकड़ों पेड़ काट कर दिल्लीवालों को वायु प्रदूषण में धकेलने की भाजपा और एलजी की साजिश पर गहरी चिंता जताई है। प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि 'पेड़ों के हत्यारे एलजी' दिल्ली को प्रदूषण मुक्त बनाने के दिल्ली सरकार के प्रयासों को ग्रहण लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की हवा साफ करने के लिए सरकार ने इंडस्ट्री को पीएनजी में शिफ्ट किया, 1800 ई-बसें चलाई और 24 घंटे बिजली दी।



## खबर संक्षेप

### कांग्रेस नेता जगत सिंह ने पेश की दावेदारी



**फरीदाबाद।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जगत सिंह नागर एड. ने तिगांव विस क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी से अपनी दावेदारी पेश करते हुए चुनाव लड़ने का ऐलान किया। कहा कि अगर कांग्रेस पार्टी ने उन पर भरोसा करते हुए टिकट दी तो वह जीतकर पार्टी की झोली में यह सीट डालेंगे। उन्होंने कहा कि ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष से लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य के रूप में भी कार्य कर कांग्रेस को मजबूत करेंगे।

### ऑपरेशन स्माइल:तीन नाबालिग का रेस्क्यू

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के दिशा निर्देशानुसार अपराध शाखा कैट की टीम ने कार्रवाई करते हुए 3 बच्चों को भीख मांगते हुए रेस्क्यू किया है। ऑपरेशन स्माइल के तहत कार्य करते हुए अपराध शाखा कैट ने खेल परिसर चौक सेक्टर-12 से 3 नाबालिग बच्चों को भीख मांगते हुए रेस्क्यू किया है। सभी बच्चों की उम्र 6 से 8 वर्ष के बीच है। इनमें 2 लड़कियां और एक लड़का शामिल है।



### मोटरसाइकिल सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा-65 ने वाहन चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि उसे जाट चौक से चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार किया है। जब उससे बाइक के दस्तावेज मांगे तो वह प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने पूछताछ की तो आरोपी ने बताया कि उसने यह बाइक फतेहपुर बिलौच के बॉम्बे मैरिज गार्डन से चोरी की थी।



### मकान का ताला तोड़ लाखों की ज्वेलरी चोरी

**गुरुग्राम ।** पालम विहार एरिया में चोरों ने एक मकान से लाखों की नगदी व ज्वेलरी पर हाथ साफ कर लिया। वारदात के दौरान दंपती अपनी डयूटी पर गए थे। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। रिशपाल ने कहा कि वह और उसकी पत्नी डयूटी पर गए थे। देर सांय जब वे लौटे तो ताला टूटा मिला। उन्होंने अंदर जाकर देखा तो अल्मारी से नकदी, डायमंड व गोल्ड की ज्वेलरी गायब मिली।




### कंपनी के ऑफिस से लाखों की नकदी चोरी

**गुरुग्राम ।** सेक्टर-9ए एरिया में चोरों ने कंपनी के ऑफिस का ताला तोड़कर लाखों की नकदी पर हाथ साफ कर लिया। कंपनी की हेड कैशियर की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी। रेणू वत्स ने बताया कि वह कोस्को कंपनी की हेड कैशियर है। वह अपने कैश रूम को बंद करके रोज की तरह अपने घर चली गई। ऑफिस की तिजोरी में 2 लाख 81 हजार 500 रुपए रखे थे।



### 22.47 ग्राम स्मैक तस्करी में आरोपी काबू

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा बॉर्डर की टीम ने नशा तस्करी के मामले में सोर्स आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम वसीम है । क्राइम ब्रांच की टीम ने 10 जुलाई को सराय एरिया से 22.47 ग्राम स्मैक के साथ साहिल निवासी बरेली को काबू किया था। आरोपी के खिलाफ थाने में एनडीपीएस एक्ट का मुकदमा दर्ज करके पूछताछ की गई जिसमें सामने आया कि आरोपी वसीम से यह नशा खरीदकर लाया था।



---

### डीएलएफ फेज-3 एरिया के नाथूपुर में फर्जी डॉक्टर बनकर कर रहा था इलाज

# सीएम फ्लाइंग व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया अवैध क्लीनिक का भंडाफोड़

आरोपी बिना डिग्री के क्लीनिक में मरीजों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहा था। टीम ने मौके से 1,41,300 रुपए नकदी, अंग्रेजी दवाइयां, इन्जेक्शन, डॉक्टरी उपकरण व लैब टैस्ट उपकरण बरामद कर केस दर्ज करा कार्रवाई शुरू कर दी है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

सीएम फ्लाइंग व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने डीएलएफ फेज-3 एरिया के नाथूपुर में अवैध क्लिनिक का भंडाफोड़ करते फर्जी चिकित्सक को काबू किया है। आरोपी बिना डिग्री के क्लीनिक में मरीजों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहा था। टीम ने मौके से 1,41,300 रुपए नगदी, अंग्रेजी दवाइयां, इंजेक्शन, डाक्टरी उपकरण व लैब टैस्ट उपकरण बरामद कर केस दर्ज करा कार्रवाई शुरु कर दी है।

#### कुर्सी पर बैठकर मरीजों को दवाइयां देता मिला फर्जी डॉक्टर




दरअसल, सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली कि गांव नाथूपुर में पूर्णिया क्लीनिक के संचालक द्वारा बिना वैध डिग्री के डाक्टर बनकर मरीजों का इलाज करके उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। वह अपने क्लीनिक पर बीएएमएस जनरल फिजिशियन लिखकर मरीजों को धोखे से अपने क्लीनिक पर डॉक्टर बनकर इलाज कर रहा है। जिसके बाद चंद्रलोक सुशांतलोक फेज-1 में तैनात मेडिकल ऑफिसर डॉ. मनीष भाटी, सीएम फ्लाइंग से इंस्पेक्टर धर्मबीर सिंह, एसआई मदन सिंह की संयुक्त टीम ने मौके पर रेड की। जहां क्लिनिक में ऑक्टर की कुर्सी पर बैठा एक व्यक्ति मरीजों को दवाइयां देता हुआ मिला।

#### रजिस्ट्रेशन का दस्तावेज पेश नहीं कर पाए

वह टीम को चिकित्सक संबंधित कोई भी दस्तावेज पेश नहीं कर सका। फर्जी चिकित्सक ने क्लीनिक के बाहर बोर्ड पर अपना नाम डॉ. मोहम्मद अनवर के साथ बीएएमएस जनरल फिजिशियन भी लिखा रखा था। यही नहीं क्लीनिक में अलग से कैबिन में तीन बैड डाले हुए थे। टीम को मौका पर रेक व डाक्टर की मेज पर काफी मात्रा में अंग्रेजी दवाइयां, इन्जेक्शन, डाक्टरी उपकरण व लैब टैस्ट हेतु प्रयोग मे आने वाले उपकरण व दराज में 1 लाख, 41 हजार 300 रुपए मिले। पूछताछ करने पर फर्जी डॉक्टर बने बिहार के किशनगंज निवासी मोहम्मद अनवर आलम ने बताया कि यह रकम उसने क्लीनिक पर आने वाले मरीजों को खुद को बीएएमएस डॉक्टर बताकर वसूल की है। फर्जी डॉक्टर कचरा निस्तारण का सर्टिफिकेट पेश नहीं कर सका और ना ही क्लीनिक के रजिस्ट्रेशन से संबंधित दस्तावेज पेश कर सका। जिसके बाद टीम ने आरोपी को काबू कर डीएलएफ फेज-3 थाना में केस दर्ज करा कार्रवाई शुरु कर दी है।

---

### तिगांव मंडल की विस्तारित कार्यकारिणी बैठक में विधायक नागर ने कहा

# कार्यकर्ता एक बार फिर हरियाणा में सरकार लाने के लिए कसें कमर

विधायक नागर ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों को लेकर हमेशा सजग रहता है। आपने हाल ही में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को तीसरी बार अवसर दिलाया है तो अब तीसरी बार हरियाणा में भाजपा की सरकार बनाने के लिए तैयार हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

विधायक राजेश नागर ने तिगांव मंडल की विस्तारित बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों को लेकर हमेशा सजग रहता है। आपने हाल ही में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को तीसरी बार अवसर दिलाया है तो अब तीसरी बार हरियाणा में भाजपा की सरकार बनाने के लिए तैयार है।

विधायक राजेश नागर ने कहा कि हमारे लिए देश पहले की नीति सर्वोपरि है। जिसे हम अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने सभी को लोकसभा चुनाव की जीत की बधाई दी।

**खास बातें**

- पार्टी की नीतियों को लेकर हमेशा सजग रहें कार्यकर्ता
- अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की नीतियों को पहुंचाएं
- हरियाणा में तीसरी बार सरकार बनाने को तैयार भाजपा




#### जनता का हमदर्द बनकर उनके बीच रहें कार्यकर्ता

विधायक ने कहा कि सभी लोग अपनी स्थानीय समस्याओं को उनके पास लाएं जिन्हें हम जल्द से जल्द पूरा कर सकें। नागर ने कहा कि हम सबको जनता के बीच में रहकर जनता की समस्याओं का निराकरण करना है। ऐसा नहीं है कि हमारी सरकार है तो हम आराम कर सकें। हमारे ऊपर बहुत जिम्मेदारियां हैं, विपक्ष तैयार बैठा रहता है झूठी खबरों को भी बढ़ा-चढ़ा कर पेश करने के लिए। हमें झूठी बातों का तो जवाब देना ही है। हमें जनहित के काम भी करने हैं। हम जनता के हमदर्द बनकर ही उनके बीच में रह सकते हैं।

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर ओम प्रकाश रेक्सवाल, मंडल अध्यक्ष गिर्राज त्यागी, विस्तारक पवन बघेल, सरपंच एसोसिएशन के प्रधान सूरज पाल भूरा, नेत्रपाल भाटी, राधेश्याम शर्मा, संदीप अधाना, महेंद्र शर्मा, राजेंद्र तालान, नेपाल सिंह भाटी, मोहम्मद जावेद, प्रवीण भारद्वाज, प्रहलाद बांकुरा, मेघराज, रॉबिन, उमेद भाटी, अशोक मेंबर, एसके सिंह, नवीन गुप्ता, राहुल जिंदल, विष्णु शर्मा, भीम सिंह कौशिक, सुरेश कालीचरण, कल्लू पंडित, सुभाष शर्मा आदि उपस्थित थे।

---

### एडीजी यातायात ने कांवड़ यात्रा की समीक्षा की

# यात्रा के दौरान कांवड़ियों व आमजन को परेशानी न हो



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

गाजियाबाद कांवड़ यात्रा को लेकर तैयारियां जोर जोर से चल रही है। पुलिस के उच्च अधिकारी लगातार बैठके कर रहे हैं । इस क्रम में अपर पुलिस महानिदेशक (यातायात एवं सड़क सुरक्षा परिवहन) के सत्यनारायण ने पुलिस लाइन स्थित परमजीत हाल में कांवड़ यात्रा के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था व सुरक्षा की तैयारी की समीक्षा की। इस बैठक में उन्होंने कहा कि कावड़ यात्रा के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था व सुरक्षा इसलिए व्यवस्थित होनी चाहिए कि न तो कांवड़ यात्रियों को कोई परेशानी हो और न ही आमजन को।

#### ट्रांसपोर्ट यूनियन व व्यापार मंडल के साथ समन्वय बनाकर काम करें

उन्होंने बैठक में कहा कि स्थानीय पुलिस को दिल्ली व आसपास के जिले की पुलिस के साथ संबंध में स्थापित करना है। ट्रांसपोर्ट यूनियन और व्यापार मंडल के साथ समन्वय स्थापित करके उनका सुझाव लेकर व्यवस्था बनाई जाए। सत्यनारायण रेड्डी ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान व्यवस्था पूरी तरह से स्मूथ होनी चाहिए ।

#### ब्लूप्रिंट परखा और बदलाव के सुझाव दिए

इस दौरान उन्होंने पीपीटी के माध्यम से पुलिस द्वारा मार्ग परिवर्तन व अन्य व्यवस्थाओं के लिए तैयार किए गए ब्लूप्रिंट को भी परखा और बदलाव के कुछ जरूरी दिशा निर्देश भी जारी किए। इस बैठक में पुलिस कमिश्नर अजय मिश्रा, संयुक्त पुलिस कमिश्नर दिनेश कुमार अपर पुलिस कमिश्नर कल्पना सक्सेना भी शामिल हुईं।

---

# बेटे के अपहरण का नाटक करने वाली महिला प्रेमी के साथ काबू



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

विजयनगर ने एक ऐसे मामले का खुलासा किया है कि जिसमें एक महिला ने अपने विरोधी को जेल से बाहर न आने देने के लिए बेटे के अपहरण की झूठी कहानी रच दी। पुलिस ने महिला व उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया।

डीसीपी नगर ने ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि एक महिला ने सूचना दी कि उसके बेटे का अपहरण हो गया है। उसने दो युवकों पर इसका संदेह जताया था। मामले की जांच पड़ताल करने पर पता चला कि महिला ने जिन लोगों पर अपहरण का आरोप लगाया था, उनमें से एक पर उसने पूर्व में दुष्कर्म का मुदकमा दर्ज कराया था। इसके बाद इन्हीं लोगों पर घर में घुसकर पिटाई करने के आरोप में भी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। महिला की मंशा थी कि यह पक्ष जेल से बाहर न आ सके, इसलिए उसने दोबारा से अपने प्रेमी के साथ मिलकर बेटे के अपहरण की झूठी कहानी तैयार करके पुलिस को सूचना दी। जिन लोगों पर आरोप लगाया गया, उनकी भूमिका की जांच करने पर कोई साक्ष्य नहीं मिले। महिला और उसके प्रेमी से पूछताछ हुई तो उन्होंने पूरा राज उगल दिया।

---

### सम्मेलन में 4 बिंदुओं पर संकल्प लेंगे

# अग्रोहा शक्तिपीठ 14 अगस्त को संकल्प दिवस के रूप में मनाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम



अग्रोहा शक्ति पीठ में 14 अगस्त को संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाएगा। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के तत्वावधान में 14 अगस्त को अग्रोहा शक्तिपीठ में भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर समाज हित में मुख्य चार बिंदुओं पर संकल्प लिया जाएगा। सम्मेलन में सांसदों, विधायकों, मंत्रियों, मेयर, पार्षद, सरपंचों सहित तमाम वरिष्ठ लोगों को आमंत्रित किया जाएगा।

अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. गजेंद्र गुप्ता ने बताया कि 3 अगस्त को भजन सम्राट जोकि अग्रवाल सम्मेलन के ब्रांड एंबेसडर भी हैं कन्हैया लाल मित्तल चंडीगढ़ से पदयात्रा लेकर अग्रोह शक्तिपीठ पहुंचेंगे। गुप्ता ने बताया कि यह कार्यक्रम राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग के नेतृत्व में होगा।

डॉ. गजेंद्र गुप्ता ने बताया कि सम्मेलन में चार बिंदुओं पर संकल्प लिया जाएगा। पहला संकल्प अग्रोहा शक्तिपीठ में बनने जा रहे कुलदेवी, मध्यम महालक्ष्मी एवं अष्ट महालक्ष्मी जी के मंदिर को भव्य और दिव्य रूप देने का लिया जाएगा। दूसरा समाज के युवाओं के भविष्य की चिंता का संकल्प होगा।

गुप्ता ने बताया कि तीसरी संकल्प समाज की राजनीतिक दिशा और भागीदारी बढ़ाने का होगा तथा चौथा संकल्प व्यापारियों की सुरक्षित भविष्य के लिए है। डॉ. गजेंद्र गुप्ता ने कहा कि सम्मेलन में सभी सांसद, विधायक, मंत्री, मेयर, पार्षद, सरपंच सहित तमाम गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया है।

---

### देश की तरक्की में महत्वपूर्ण योगदान दे रही इशू तेवतिया

# अब महिलाएं अपने आत्मबल से खुद को आत्मनिर्भर बना रहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



जीवन में कुछ भी असंभव नहीं है बस इच्छा शक्ति होनी चाहिए। महिलाएं आज पुरुषों से भी आगे निकलकर देश की तरक्की में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। यह बातें डीसीपी सेंट्रल जसलीन कौर ने महिला उद्यमी ईशू तेवतिया के तीसरे ब्रमीस एगलैस बेकरी अशोका एन्कलेव मेन रोड़ सेक्टर-34 के उद्घाटन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि लोगों से कही। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में तिगांव विधायक राजेश नागर भी मौजूद थे।

जसलीन कौर ने कहा कि ईशू तेवतिया ना केवल महिलाओं के लिए प्रेरणा बन रही है बल्कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस कथन को भी सार्थक कर रही है जिसमें उन्होनें कहा है कि भारत महिला विकास से महिला के नेतृत्व में विकास की तरफ आगे बढ़ रहा। राजेश नागर ने कहा कि हमारी देश की महिलाएं अपने आत्मबल से खुद को आत्मनिर्भर बना रही हैं। नारी का समग्र विकास, सशक्त नारी ही न्यू इंडिया है।

इस अवसर पर ईशू तेवतिया ने कहा कि उनका बचपन से ही शौक था केक और चॉकलेट बनाने का और अपने इस शौक को पूरा करने के लिए उन्होंने एमएनसी कंपनी की भारी भरकम सैलरी तक छोड़ दी। उन्होंने कहा कि मेरी इस चाहत को पूरा करने में मुझे अपने ऐसे दोस्तों का सहयोग मिला जो होटल इंडस्ट्री और बेकरी व्यवसाय से जुड़े हुए थे। जिनकी बदौलत मुझे पीछे मुड़कर नहीं देखना पड़ा और आज मेरे खुद के तीन है जिसमें पहला ग्रीन फील्ड, दूसरा सेक्टर-31 और तीसरा अशोका एन्कलेव का है। ईशू तेवतिया ने पुराने जमाने में नारी को शक्ति का रुप मानने की बात कही। उन्होंने कहा कि षुराने जमाने के समाज में नारी का स्थानए योगदान और सम्मान अलग था। वैसा ही समाज हमें आज भी बनाना है।

---

### ढाई करोड़ का डोडा बरामद

# अंतरराज्यीय स्तर पर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

थाना मुरादनगर पुलिस टीम व एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स मेरठ की संयुक्त टीम ने रविवार को अंतरराज्यीय स्तर पर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 821 किलो 700 ग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद किया है। जिसकी अंतरराष्ट्रीय अनुमानित कीमत लगभग ढाई करोड़ रुपए बताया जा रहा है।

डीसीपी ग्रामीण विवेक चंद्र यादव ने बताया कि थाना मुरादनगर पुलिस टीम व एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स मेरठ की संयुक्त कार्रवाई में दुहाई इंडस्ट्रियल एरिया रेलवे लाइन के पास से अंतरराज्यीय स्तर पर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के 3 सक्रिय तस्कर मुनीर अंसारी निवासी देवचरा थाना भमोरा बरेली, वीर सिंह निवासी ग्राम मानकुला थाना बिलारी मुरादाबाद से गिरफ्तार किया है।



#### एक आरोपी फरार

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि हम अपने एक अन्य साथी रोहित राणा के साथ मिलकर डोडा पोस्त को झारखंड से मांगाकर एनसीआर, हरियाणा व पंजाब राज्य के क्षेत्रों में सप्लाई करते हैं। गोदाम के बारे में बताया कि यह गोदाम रोहित राणा ने ही किराए पर लिया है। जबकि रोहित राणा फरार है।

---

### टैक्सी चालक को भारी पड़ गया युवकों का वीडियो शूट

# कार की सनरूफ खोलकर रील बना रहे युवकों ने टैक्सी चालक को डंडों से हमला कर किया अधमरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

इंदिरापुरम में सीआईएसएफ रोड पर शनिवार की रात में सनरूफ खोलकर रील बना रहे युवकों की मोबाइल में वीडियो शूट करने के मामले में एक टैक्सी चालक को जान बचाने के लाले पड़ गए। रील बना रहे युवकों ने कार चालक की कार को ओवरटेक करके रोक लिया और कार से बाहर निकालकर डंडों से उसकी बुरी तरह पिटाई की। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रिश्तेदार विशाल ने एफआईआर इन्दिरपुरम थाने में दर्ज कराई है। सोशल मीडिया पर कैब चालक अभय को बुरी तरह पीटने का वीडियो वायरल है।

#### गाड़ी से बाहर खींचकर उस पर हमला बोला



टैक्सी चालक का नाम ड्राइवर अभय चौहान है। अभय चौहान जब रात में सीआईएसफ रोड पर जा रहा था तो वहां कुछ युवक अपनी कर का सनरूफ खोलकर रील बना रहे थे। बताया जा रहा है कि अभय चौहान ने इनकी वीडियो बनाने की कोशिश की लेकिन तभी युवकों की नजर उस पर पड़ गई तो चौहान ने गाड़ी दौड़ा दी लेकिन इन लोगों ने ओवरटेक करके अजय को रोक लिया और गाड़ी से बाहर खींचकर उस पर हमला बोल दिया। अभय के सिर में काफी चोटें आईं हैं और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। एसीपी स्वतंत्र कुमार का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जल्दी ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## आतंकी खतरों को देखते हुए लिया गया निर्णय

# अब राम मंदिर की सुरक्षा को परखेगी एनएसजी की टीम

अयोध्या में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड का हब बनाने की तैयारी हो रही है। एक टीम 17 जुलाई को यहां पहुंचकर मंदिर परिसर के आसपास की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करेगी।

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड का हब बनाने की तैयारी है। यहां एनएसजी की टुकड़ी स्थाई रूप से तैनात की जाएगी। इसी क्रम में 17 जुलाई को एनएसजी की एक टुकड़ी अयोध्या पहुंच रही है। वह चार दिनों तक अयोध्या में रहकर राम जन्मभूमि व आस-पास की सुरक्षा परखेगी। यह टीम अयोध्या में 20 जुलाई तक रहेगी।

अयोध्या में राममंदिर का निर्माण होने के बाद से आतंकी खतरे की आशंका बढ़ी है। इस प्रकार के खतरों से निपटने की योजना पर केंद्र सरकार काम कर रही है। दरअसल, 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से श्रद्धालुओं की संख्या में भारी इजाफा हुआ है। हर रोज एक लाख से अधिक श्रद्धालु यहां दर्शन कर रहे हैं। ऐसे में यहां की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता बनाए जाने पर जोर दिया जा रहा है। केंद्र सरकार की ओर से अयोध्या में एनएसजी का हब बनाने की योजना तैयार की गई है। सूत्रों के अनुसार, एनएसजी हब में ब्लैक कैट कमांडो की तैनाती की जाएगी।

**खास बातें**

- एनएसजी की अयोध्या में 4 दिनों तक रहकर राम जन्मभूमि व आस-पास की सुरक्षा पर नजर रखेगी। टीम अयोध्या में 20 जुलाई तक रहेगी।
- एनएसजी हब में ब्लैक कैट कमांडो की होगी तैनाती



### 17 अप्रैल को अयोध्या पहुंच रही एनएसजी की टीम

इसी क्रम में एनएसजी की टीम 17 अप्रैल को अयोध्या पहुंच रही है। वह पूरे राम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा की समीक्षा करेगी। यदि आतंकी हमले होते हैं तो उससे कैसे निपटा जा सकता है, इसको लेकर अधिकारियों के साथ टीम मंथन करेगी। अयोध्या के आस-पास की सुरक्षा की भी समीक्षा की जाएगी। अभी रामनगरी में रामनवमी, सावन, कार्तिक परिक्रमा मेले में एटीएस की तैनाती की जाती है। राममंदिर की सुरक्षा की जिम्मेदारी अब एसएसएफ संभाल रही है। इसके अलावा सीआरपीएफ व पीएसी को भी लगाया गया है। एसएसएफ के जवानों को एनएसजी की ओर से ही ट्रेनिंग दी गई है। स्पेशल फोर्स के 200 कमांडो अयोध्या में अभी सुरक्षा दे रहे हैं।

---

**खबर संक्षेप**

### 10 खनिज ब्लॉक की नीलामी करें राज्य सरकार




**रांची।** खान मंत्रालय ने झारखंड सरकार से सोने की एक खदान सहित 10 खनिज ब्लॉक की नीलामी करने को कहा है। साथ ही मंत्रालय ने चेतावनी दी कि यदि राज्य ऐसा करने में विफल रहा, तो केंद्र इन खानों की नीलामी प्रक्रिया शुरू करेगा। उन्होंने कहा कि ये ब्लॉक खोज के जी2 (सामान्य) व जी3 (प्रारंभिक) स्तर के हैं। 10 ब्लॉक में एक तांबे , एक चूना पत्थर और एक ग्रेफाइट खदान शामिल है।

### बेकाबू बोलेरो ने बाइक पर बैठे परिवार को कुचला



**धनबाद।** तोपचांची स्थित मदयडीह के पास जीटी रोड के किनारे खड़ी बाइक पर बैठे परिवार को बेकाबू बोलेरो ने रौंद दिया। इस हादसे में बाइक पर बैठी 6 साल की शिवांगी तथा उसकी मां सुमन देवी (28) की मौत हो गई। वहीं बाइक सवार सुमन के पति दुलालचंद व ढाई साल का बेटा शिवांश की हालत गंभीर है। बोलेरो में सवार चारूबाला देवी और उनके पति शंकर पांडेय भी घायल हो गए।

---

## बाढ़ पीड़ितों के लिए संकट मोचक बने सीएम योगी

# एनडीआरएफ की 12, एसडीआरएफ की 9 और पीएसी की 23 टीमें तैनात की गईं

यूपी की कई नदियां बाढ़ से प्रभावित हैं। लोगों को बहुत नुकसान न हो इसके लिए राज्य सरकार अलर्ट मोड में है। सीएम योगी खुद कई जगहों का दौरा कर चुके हैं।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

बाढ़ को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा पहले से ही की गई तैयारियों ने जनता को बड़े नुकसान से बचा लिया हे। प्रदेश में मानसून से पहले अतिसंवेदनशील और संवेदनशील क्षेत्रों में की गई तैयारियां का नतीजा है कि हजारों लोगों की जान बचाने में सरकार को सफलता मिली है। पिछले दस दिनों में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में करीब 12 हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया है। मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता का ही असर रहा कि अफसर भी ग्राउंड जीरो पर दिखाई दिए, वहीं मुख्यमंत्री खुद बाढ़ प्रभावित इलाकों में जाकर वास्तुस्थिति से अवगत होते रहे। एक तरफ जहां उन्होंने हवाई सर्वे के माध्यम से बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का मुआयना किया तो वहीं नाव से भी प्रभावित इलाकों का स्थलीय निरीक्षण किया। सीएम ने बाढ़ से प्रभावित लोगों को राहत सामग्री किट वितरित की और आपदा पीड़ितों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना भी दी। आपदा के दौरान अपनों को खोने वालों के परिजनों को सीएम ने सहायता धनराशि का चेक प्रदान किया। श्रावस्ती के बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र में 11 लोगों का रेस्क्यू करने वाले 7 लोगों को सीएम ने प्रशस्ति पत्र सौंपा व एक लाख रुपए का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की।

**खास बातें**

- 10 दिनों के अंदर 11 हजार से अधिक लोगों को किया रेस्क्यू
- 11 लोगों का रेस्क्यू करने वाले 7 लोगों को सीएम ने प्रशस्ति पत्र सौंपा



### मानसून के दस्तक से पहले ही हो गई थीं तैयारियां

योगी सरकार ने प्रदेश में मानसून के दस्तक देने से पहले ही बाढ़ की तैयारियां शुरू कर दी थीं। सीएम के निर्देश पर बाढ़ की दृष्टि से अतिसंवेदनशील 24 और संवेदनशील 16 जिलों में आपदा की स्थिति बनने से पहले ही सारी तैयारियां मुकम्मल कर ली गई थीं। इसको लेकर सीएम योगी ने जून के दूसरे सप्ताह से ही अधिकारियों के साथ बैठकों का दौर शुरू कर दिया था। इस दौरान सीएम ने राहत कार्यों से जुड़े अधिकारियों को शासनस्तर से लेकर फील्ड में तैनात अधिकारियों को पूरी ताकत से काम करने के निर्देश दिये थे। बैठक में सीएम ने राहत कार्यों के दौरान छोटी-छोटी कमियों को दूर करने के निर्देश दिए। इतना ही नहीं वह बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की लगातार निगरानी करते रहे।


### पीलीभीत में टापू पर फंसे 7 लोगों को किया एयरलिफ्ट

सीएम योगी की मंशा के अनुरुप अधिकारियों ने फील्ड में उतरकर राहत कार्यों को अंजाम दिया। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि सीएम के निर्देश पर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी की जा रही है। इसी के तहत श्रावस्ती में नेपाल में अचानक पानी छोड़े जाने से खेत में काम कर रहे 11 श्रमिकों को देररात रेस्क्यू किया गया। इसी तरह पीलीभीत में टापू पर फंसे 7 लोगों को एयरफोर्स से समन्वय बनाकर एयरलिफ्ट कर सुरक्षित बचाया गया। इसके अलावा कुशीनगर में बाढ़ में फंसे 76 लोगों को रेस्क्यू कर बचाया गया। राहत आयुक्त ने बताया कि पिछले दस दिनों में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 11962 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया है।

---

## लोग बोले- भ्रष्टाचार ने ले ली जल समाधि

# अब औरंगाबाद में बह गया निर्माणाधीन पुल



एजेंसी ▶▶ औरंगाबाद

बिहार में बारिश के साथ ही पुल-पुलियों के गिरने और बहने की घटनाएं आम हो गई हैं। औरंगाबाद जिले के देव प्रखंड में भी कुछ ऐसा ही हुआ। देव-अम्बा रोड पर चट्टी बाजार के पास निर्माणाधीन पुल पहली ही बारिश में बह गया। यह घटना रविवार सुबह की है जब लोग अपने घरों से निकले। उन्होंने देखा कि निर्माणाधीन पुल के पास बना वैकल्पिक मार्ग (डायवर्सन) और उसके नीचे दिया गया वैकल्पिक पुल पानी के तेज बहाव में बह गया है।

### निर्माण कार्य में लापरवाही

स्थानीय लोगों ने कहा कि पुल का निर्माण में लापरवाही बरती गई है। जिला पार्षद गायत्री देवी ने ठेकेदार पर काम में लापरवाही और सरकारी पैसों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। वहीं, समाजसेवी संजीव कुशवाहा ने कहा कि यह पुल अम्बा, देव और बालूगंज के सैकड़ों गांवों को जोड़ने वाली एकमात्र सड़क है। पुल बहने से लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है।

### बिहार में 21 दिन में 17 पुल गिरे

गौरतलब है कि बिहार में 21 दिन में बिहार में कई पुल ध्वस्त हो चुके हैं। सिवान जिले में दो, सारण में एक पुल गिर गया। मधुबनी के झंझारपुर में निर्माणाधीन पुल का बीम गिर गया। यह करीब 3 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा था। बकरा नदी के ऊपर 12 करोड़ की लागत से बन रहा पुल भी ढह गया। इसके बाद सिवान की गंडक नदी पर बन रहे पुल धराशायी होने का मामला सामने आया। फिर पूर्वी चंपारण में निर्माणाधीन पुल भी गिर गया।

---

## पेज एक का शेष

### एक्स पर पार किया....

27.5 मिलियन, समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव के 19.9 मिलियन और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के 7.4 मिलियन फॉलोअर हैं। राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद यादव के 6.3 मिलियन, तेजस्वी यादव के 5.2 और शरद पवार के 2.9 मिलियन फॉलोअर्स हैं। पीएम नरेंद्र मोदी,अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन 38.1 मिलियन, दुबई के शासक शेख मोहम्मद 11.2 मिलियन और पोप फ्रांसिस 18.5 मिलियन फॉलोअर्स सहित वर्ल्ड के लीडर्स से बहुत आगे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के फॉलोअर्स की संख्या कुछ एथलीटों जैसे विराट कोहली 64.1 मिलियन, ब्राजील के फुटबॉलर नेमार जूनियर 63.6 मिलियन और यूएएस बास्केटबॉल खिलाड़ी लेब्रोन जेम्स 52.9 मिलियन से अधिक है।

### 46 साल बाद खोला...

मुताबिक पुरी के एसपी पिनाक मिश्रा रत्नभंडार के पास बेहोश हो गए। डॉक्टर उनका इलाज कर रहे हैं। हालांकि उनके बेहोश होने का कारण पता नहीं चला है। ओडिशा में हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में रत्न भंडार को पुनः खोलना एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा था।

**कब-कब खुल चुका हैः** मंदिर प्रबंधन समिति के प्रमुख अरविंद पाढी ने बताया कि इससे पहले रत्न भंडार 1905, 1926 और 1978 में खोला गया था और बेशकीमती चीजों की लिस्ट बनाई गई थी। रत्न भंडार को अंतिम बार 14 जुलाई 1985 में खोला गया था।

खजाने की चाबी गायबः भंडार की चाबी खोने की बात तब पता चली, जब सरकार ने मंदिर की संरचना की भौतिक जांच की कोशिश की। चार अप्रैल 2018 को बताया गया कि रत्न भंडार की चाबियां खो गईं हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस मामले को उठाया था। 20 मई 2024 को पीएम मोदी ओडिशा में लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का प्रचार करने गए थे। पुरी में जगन्नाथ मंदिर में दर्शन करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने रत्न भंडार का जिक्र किया था। उन्होंने कहा था कि जगन्नाथ मंदिर सुरक्षित नहीं है। मंदिर के रत्न भंडार की चाबी पिछले छह साल से गायब है।

### अभी नहीं बनेगी...

के संदूकों में बंद कर अस्थायी सुरक्षित कमरे में रखा जाएगा। पाधी ने बताया कि अस्थायी सुरक्षित कमरे की पहचान कर ली गई है और वहां सीसीटीवी कैमरे लगाने सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं भी की गई हैं। उन्होंने कहा कि वस्तुओं की सूची तैयार करने का काम आज शुरू नहीं होगा। यह कार्य मूल्यांकनकर्ताओं, सुनारों और अन्य विशेषज्ञों को नियुक्त किए जाने पर सरकार की मंजूरी मिलने के बाद किया जाएगा।

### भंडार में कितना ...

वर्तमान कक्ष में तीन किलो 480 ग्राम सोना और 30 किलो 350 ग्राम चांदी है। दैनिक अनुष्ठान के लिए इन्हीं का उपयोग होता है।

### अमेरिका के पूर्व...

बाद उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल को मजबूत करने की घोषणा की है। ट्रंप पर पेनसिल्वेनिया के बटलर में शनिवार को एक चुनावी रैली में जानलेवा हमला किया गया। हमले में ट्रंप के दाहिने कान के ऊपरी हिस्से में गोली लगी है, हालांकि उनकी हालत ठीक है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पेनसिल्वेनिया में चुनावी रैली में मौजूद दो प्रत्यक्षदर्शियों ने दावा किया है कि उन्होंने हमलावर को देखा था। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि बंदूकधारी एक छत से दूसरी छत पर जा रहा था और शायद वह ट्रंप पर गोली चलाने के लिए उपयुक्त स्थान की तलाश में था। संघीय जांच एजेंसी एफबीआई ने हमलावर की पहचान पेनसिल्वेनिया के बेथेल पार्क निवासी 20 वर्षीय थॉमस मैथ्यू क्रूक्स के रूप में की। उसके पास एक राइफल थी। सीक्रेट सर्विस के कर्मियों ने उसे मार गिराया।

चुनाव प्रचार के दौरान ट्रंप पर हुए इस हमले की सभी नेताओं ने निंदा की है। राष्ट्रपति जो बाइडन, उपराष्ट्रपति कमला हैरिस, पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा, जॉर्ज डब्ल्यू बुश और बिल क्लिंटन ने इस हमले की निंदा की है। 'सीक्रेट सर्विस' के प्रवक्ता एंथनी गुगेइल्मी ने एक बयान में कहा, अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के कर्मियों ने हमलावर को मार गिराया। संघीय एजेंसी ने तत्काल सुरक्षात्मक उपाय किए, पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप सुरक्षित हैं।

**अमेरिका में हिंसा के लिए जगह नहींः बाइडेनः** इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने ट्वीट किया कि मुझे पेंसिल्वेनिया में डोनाल्ड ट्रम्प की रैली में शूटिंग के बारे में जानकारी दी गई है। मैं उनके और उनके परिवार और उन सभी लोगों के लिए प्रार्थना कर रहा हूं जो वहां थे। अमेरिका में इस तरह की हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। हमें इसकी निंदा करने के लिए एक राष्ट्र के रूप में एकजुट होना चाहिए। हाउस स्पीकर माइक जॉनसन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह ट्रंप के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। स्पीकर ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के लिए प्रार्थना कर रहा हूं।

**दाहिने कान के ऊपरी हिस्से में लगी गोलीः** ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उन्हें दाहिने कान के ऊपरी हिस्से में गोली लगी है। शूटर के बारे में अभी तक कुछ पता नहीं चला है। ट्रंप का कहना है कि उन्हें एक गोली लगी, जो दाहिने कान के ऊपरी हिस्से को छेदती हुई निकल गई। उन्होंने अपनी ट्रुथ सोशल साइट पर लिखा कि उन्हें तुरंत पता चल गया कि कुछ गड़बड़ है। ट्रंप ने बताया कि उन्होंने घरघराहट की आवाज सुनी, गोली चली और तुरंत महसूस हुआ कि गोली त्वचा को चीर रही है बहुत खून बह रहा था, तब मुझे एहसास हुआ कि क्या हो रहा था।

**सच हुई बाबा वेंगा की भविष्यवाणीः** ट्रंप पर हमले के बाद अब बाबा वेंगा की वह भविष्यवाणी बेहद चर्चा में आ गई है, जिसमें उन्होंने पहले ही ट्रंप पर हमले की बात बता दी थी। बाबा वेंगा ने पूर्व में ही ट्रंप पर हमले की भविष्यवाणी कर दी थी। अब बाबा वेंगा की यह भविष्यवाणी भी 100 फीसदी सच निकली है। इससे पूरी दुनिया हैरान रह गई। बाबा वेंगा ने अपनी भविष्यवाणी में कहा था कि डोनाल्ड ट्रंप की जान खतरे में पड़ जाएगी। बाबा वेंगा बुल्गारिया के अंधे फकीर हैं।

### ट्रंप पर हमले के...

एक अन्य फायरिंग मामले में एक बच्चे समेत तीन लोगों की जान चली गई है। बर्मिंघम पुलिस विभाग के अधिकारी ट्रूमैन फिट्जगेराल्ड ने एक वीडियो में जानकारी दी है कि अधिकारियों ने 27वीं स्ट्रीट नॉर्थ के 3400 ब्लॉक पर एक नाइट क्लब के बाहर कई लोगों को गोली मारे जाने की सूचना पर रात 11 बजे के बाद तुरंत कार्रवाई की। बर्मिंघम फायर एंड रेस्क्यू कर्मियों को नाइट क्लब के पास एक फुटपाथ पर एक व्यक्ति और क्लब के अंदर दो महिलाओं की लाशें मिलीं। बर्मिंघम अस्पताल में करीब नौ लोगों का इलाज चल रहा है। एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक आरोपी ने सड़क से नाइट क्लब में फायरिंग की है। दूसरी घटना पर पुलिस ने कहा कि बर्मिंघम में इंडियन समर ड्राइव के 1700 ब्लॉक में तीन लोगों के शव मिले हैं। सभी की मौत गोली लगने से हुई है। तीनों के शव एक कार के अंदर थे। इनमें एक बच्चा भी शामिल है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच करने में जुटी है।

### पीएम मोदी ने कहा...

और लोकतंत्र में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं मृतकों के परिवार, घायलों और अमेरिकी लोगों के साथ हैं।

### अब संघ ने कहा...

ने अपना फैसला दिया है सब को उसको सम्मान करना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी की सीट 240 पर अटक गई इस प्रश्न का उत्तर देते हुए सुनील आंबेकर ने कहा कि उन्हें लगता है कि लोकतंत्र में जनता सबसे ऊपर होती है। सभी राजनीतिक दल चुनाव में अपनी बात लोगों के पास ले जाते हैं और लोग उन बातों के आधार पर अपने निर्णय देते हैं। उन्होंने कहा समाज में कुछ लोग मतांतरण का प्रयास करते रहते हैं और समय-समय पर गलत पद्धतियों का भी उपयोग करते हैं। मुझे लगता है कानून में ऐसी बातों पर पाबंदी भी है, सभी को उसका पालन करना चाहिए। संघ तो इस बारे में बिल्कुल यह ध्यान में रखता है कि ऐसा कोई भी जबरदस्ती का या लालच देकर या किसी गलत तरीके से कोई मतांतरण नहीं होना चाहिए। इस पर संघ का हमेशा आग्रिणी रहता है और आगे भी रहेगा।

### स्वयंसेवक भी ...

बहुत ही विपरीत हैं, वह पूरी मानवता के खिलाफ हैं और दूसरे वो लोग हैं कि जो देश में ओछी राजनीति करते हैं। मुझे लगता है हमारा देश आगे बढ़ रहा है, बहुत प्रगति की राह पर जा रहा है और संघ का विचार है कि इस देश में सभी के पूर्वज हैं, वह इसी देश के हैं और व्यापक रूप से सभी का इतिहास भी मिला-जुला है।

### बजटीय प्रावधानों...

अंडर सेक्रेटरी विजय कुमार शर्मा ने केंद्रीय कर्मचारियों की तरफ से नेशनल काउंसिल ज्वाइंट कंसलटेटिव मशीनरी के सचिव शिवगोपाल मिश्रा को वित्त सचिव के साथ शाम तीन बजे सोमवार को नॉर्थ ब्लॉक स्थित ऑफिस में बैठक के लिए आमंत्रित किया है। बैठक की ताबीर इस बात की तस्दीक करती है कि ओपीएस को लेकर केंद्र सरकार गंभीर है। गत लोकसभा चुनाव में ओपीएस लागू करने का नारा कांग्रेस पार्टी का कारगर रूप से काम करता हुआ दिखा। ओपीएस लागू करने की मांग लिए विभिन्न संगठनों ने कांग्रेस के पीछे गोलबंदी कर भाजपा के लिए मुश्किलें पैदा की। यही वजह है कि केंद्र सरकार ओपीएस पर गंभीर है।

क्यों है विवादः कर्मचारियों को पहले रिटायरमेंट के बाद पेंशन मिलना तय थी। पेंशनधारी की मृत्यु पर पचास फीसदी पेंशन पत्नी/पति को मिला करती थी। मगर, सरकार पर लगातार बढते वित्तीय बोझ से एनपीएस स्कीम लागू की गई। जिसके तहत रिटायरमेंट के वक्त अगर किसी कर्मचारी को कुल भुगतान होने वाली राशि का 60 फीसदी एकमुश्त भुगतान कर दिया जाता है। जब कि शेष 40 फीसदी शेयर बाजार में लगा दिया जाता है। एनपीएस पहली बार 2029 में रिटायर होने वाली कर्मचारियों के खेप को मिलना है।

क्या फार्मूला बन सकता हैः सूत्रों ने बताया कि आखिरी वेतन के बेसिक का पचास फीसदी पेंशन कर्मचारियों को दिया जाए इस पर विमर्श चल रहा है। कर्मचारी संगठनों, श्रमिक संगठनों से लगातार बातचीत चल रही है। इसके अलावा फैमिली पेंशन पर क्या हो सकता है, कर्मचारी संगठन इस गुणाभाग में जुटे हैं। फिलवक्त सरकार और संगठनों की तरफ से एक एक कदम आगे बढा गया है।

### अनंत-राधिका की ....

लोगों के फोटोज और वीडियोज वायरल हो रहे हैं। अनंत अंबानी ने जो घड़ियां गिफ्ट की हैं वो फेमस लग्जरी ब्रैंड की हैं। 18 कैरेट रोज गोल्ड से बनी इन घड़ियों में सफायर क्रिस्टल लगे डार्क ब्लू डायल हैं। मेहमानों के लिए कश्मीर, राजकोट और बनारस से खास तोहफा मंगवाया गया। बांधनी दुपट्टे और साड़ियां बनाने वाले विमल मजीठिया को 4 महीने पहले ही तोहफा तैयार करने का ऑर्डर दे दिया गया था। विमल ने कुल 876 दुपट्टे और साड़ियां तैयार कर भेजी हैं। बनारसी कपड़े का एक बैग और असली जरी से बनी वाइल्ड ट्रेंड की साड़ी भी रिटर्न गिफ्ट के तौर पर दी गई। करीमनगर के कारीगरों द्वारा बनाई गई चांदी की नक्काशी वाली कलाकृतियां भी मेहमानों को तोहफे में दी गई।

---

### झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने काशी विश्वनाथ धाम में टेका मत्था

**रांची ।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन श्री काशी विश्वनाथ धाम पहुंचे। उन्होंने यहां बाबा का विधिवत दर्शन-पूजन कर प्रदेशवासियों की सुख, शांति, समृद्धि और स्वस्थ जीवन की कामना की। बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने के बाद उन्होंने कहा कि बाबा के दरबार में सुकून है। बाबा विश्वनाथ का दर्शन- पूजन करने के साथ ही मुख्यमंत्री ने मां अन्नपूर्णा का आशीर्वाद लिया। इसके बाद वे बाबा कालभैरव मंदिर पहुंचे। वहां दर्शन-पूजन किया। उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट करते हुए लिखा कि 'बनारस की गलियों में दुनिया का सार' लिखा है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दीपक, पुत्रः श्यामबीर सिंह, पताः म. नं. 166, देवी मंदिर रोड, रिठाला, दिल्ली और म. नं. 942, राइस मिल, रिठाला, दिल्ली** ने **FIR No. 363/2016, U/S 498A/406/34 IPC, पुलिस थाना जैतपुर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **दीपक** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **दीपक** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 363/2016, U/S 498A/406/ 34 IPC, पुलिस थाना जैतपुर, दिल्ली** के अभियुक्त **दीपक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.08.2024 को 10:00 बजे** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री अर्चिता गर्ग**
**एलडी. महानगर दंडाधिकारी**
**(महिला कोर्ट–03), कमरा नं. 5**
**साकेत कोर्ट, नई दिल्ली**

**DP/8937/SE/2024**



**पहचान की अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक पुरुष **नामः अज्ञात, पुत्रः अज्ञात, निवासीः अज्ञात को एमटीएनएल पार्क न्यू रोहतक रोड, नई दिल्ली से 10-07-2024 को सुबह 8:38 बजे बेहोशी की हालत** पाया गया। इस संबंध **में डीडी नंबरः 17ए द्वारा दिनांक 10-07-2024 को थाना देशबन्धु गुप्ता रोड़, नई दिल्ली** में मामला दर्ज कराया गया है।

**शव का विवरण इस प्रकार हैः**

**नामः** अज्ञात, **लिंगः** पुरुष, **उम्रः** लगभग 35-40 वर्ष, **रंगः** सांवला, **ऊंचाईः** 5'4", **पहनावाः** सफेद प्रीन्ट शर्ट।

स्थानीय पुलिस द्वारा मृतक का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए गए लेकिन अभी तक कोई सुराग सामने नहीं आया है। यदि किसी को मृतक के बारे में कोई जानकारी हो तो कृपया नीचे हस्ताक्षरकर्ता को सूचित करें।

**थानाध्यक्ष**
**थाना देशबन्धु गुप्ता रोड़, नई दिल्ली**
**फोन न. 9958529155**

**DP/9156/CD/2024**



**प्रवेश सूचना**

**राष्ट्रीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र, नई दिल्ली**

प्रशिक्षण महानिदेशालय, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार की सी.टी.एस. योजना में अगस्त, 2024 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए रिक्त सीटों पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। ट्रेड, प्रवेश योग्यता तथा प्रस्तुत विभिन्न पाठ्यक्रमों की अवधि के विवरण नीचे दिए गए हैं :

| क्र. स. | ट्रेड का नाम | सीटें | प्रशिक्षण की अवधि | प्रवेश योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर | 52 | 1 वर्ष | दसवीं कक्षा परीक्षा उत्तीर्ण हो। |
| 2. | फिजियोथेरपी तकनीशियन | 20 | 1 वर्ष | दसवीं कक्षा परीक्षा उत्तीर्ण हो। |
| 3. | डेंटल लैब तकनीशियन | 20 | 2 वर्ष | दसवीं कक्षा परीक्षा उत्तीर्ण हो। |

**प्रस्तुत विभिन्न पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों की उपलब्धता तथा दाखिला शुल्क का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर देखें।**

1. **प्रमाण पत्र :** पाठ्यक्रम के पूरा होने के बाद, सफल प्रशिक्षुओं को राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (NCVT), भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र दिया जाता है, जो कि केंद्र सरकार/राज्य सरकारों/पीएसयू के अधीन अधीनस्थ पदों और सेवाओं की भर्ती के लिए मान्यता प्राप्त योग्यता है।
2. **चयन प्रक्रिया :** सभी सीटों पर दाखिले पहले आओ तथा पहले पाओ के आधार पर किए जाएंगे।
3. **आयु :** उम्मीदवार की आयु 1 अगस्त 2024 को कम से कम 14 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
4. **आवेदन कैसे करें :** उम्मीदवार संस्थान की वेबसाइट **www.nitcindia.com** से प्रवेश पत्र ऑनलाइन भरकर ऑनलाइन मोड के माध्यम से प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं।
   आवेदन विवरणिका को रुपये 200/- का नकद भुगतान करके संस्थान से भौतिक रूप से भी लिया जा सकता है।
   **नोट :** फॉर्म भरते समय रुपये 500/- का अप्रतिदेय पंजीकरण शुल्क भी देय होगा।
5. **छात्रवृत्ति :** प्रवेश के पश्चात् आय प्रमाण पत्र रखने वाले आरक्षित वर्ग के छात्र भारत सरकार की ट्यूशन फीस की प्रतिपूर्ति की छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए आवेदन करने के पात्र हैं।
6. **बस–पास सुविधा :** सरकार छात्रों को 100 रुपये प्रति माह की दर से रियायती बस–पास सुविधा प्रदान करती है, यह दिल्ली में चलने वाली सभी एसी और गैर–एसी बसों में मान्य है।
7. अधिक जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइट **www.nitcindia.com** पर लॉग ऑन करें।
8. **प्रवेश की अंतिम तिथि : 31 जुलाई, 2024**

**निदेशक**

**राष्ट्रीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र, नई दिल्ली**
30–34, सेवक पार्क, द्वारका मोड़ मेट्रो स्टेशन, पिलर नं.–771 के सामने, मेन नजफगढ़ रोड, नई दिल्ली – 110059
व्हाट्स ऐप हेल्पलाइन : 9315138815, 011–42828067 (सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक)
वि.सं. रा./औ./24




# जापान में तहलका मचाएगी 'सलारः पार्ट 1-सीजफायर'

**मुंबई।** फिल्म 'सलारः पार्ट 1-सीजफायर' अपनी रिलीज के बाद से पॉपुलर हो गई है। प्रशांत नील द्वारा निर्देशित इस फिल्म ने न सिर्फ ऑडियंस का दिल जीता है बल्कि यह बॉक्स ऑफिस पर कलेक्शन के मामले में भी अपना दम दिखा रही है। फिल्म ने 700 करोड़ की वर्ल्ड वाइड कमाई करके रिकॉर्ड सेट किया है, जिसके बाद अब फिल्म जापान में अपनी रिलीज के साथ जादू चलाने के लिए तैयार है। 'सलारः पार्ट 1-सीजफायर' के मेकर्स ने अपने सोशल मीडिया पर प्रभास के साथ फिल्म का एक दिलचस्प पोस्टर शेयर किया है। प्रभास को एक के बाद एक बड़ी सफलता मिल रही है।

## लाइफ Style

# पूजा
## पूरी की फिल्म 'देवा' की शूटिंग

एजेंसी ▸▸ मुंबई


'देवा' अब पोस्ट-प्रोडक्शन में है, और फैंस इस रोमांचक एक्शन से भरपूर फिल्म में पूजा हेगड़े के नए अवतार का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। देवा और सूर्या 44 के अलावा पूजा हेगड़े नाडियाडवाला ग्रैंडसन की सनकी और कुछ अघोषित प्रोजेक्ट्स में भी नजर आएंगी।

बॉलीवुड अभिनेत्री पूजा हेगड़े ने अपनी आने वाली एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'देवा' की शूटिंग पूरी कर ली है। पैन इंडिया स्टार पूजा हेगड़े, जिनका 2024 का कैलेंडर काफी रोमांचक और व्यस्त है। पूजा हेगड़ ने अपनी बहुप्रतीक्षित एक्शन-थ्रिलर 'देवा' की शूटिंग पूरी कर ली है। रॉय कपूर फिल्म्स और ज़ी स्टूडियो द्वारा निर्मित इस फिल्म में पूजा हेगड़े के साथ शाहिद कपूर भी हैं।

शूटिंग पूरी होने के बाद पूजा ने निर्देशक रोशन एंड्रयूज और निर्माता सिद्धार्थ रॉय कपूर तथा क्रू के साथ मिलकर केक काटकर इस उपलब्धि का जश्न मनाया। इससे पहले, पूजा ने फिल्म 'सूर्या 44' के लिए सुंदर अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में एक शूटिंग शेड्यूल भी पूरा किया था, जिसमें वह प्रसिद्ध अभिनेता सूर्या के साथ अभिनय कर रही हैं। 'देवा' अब पोस्ट-प्रोडक्शन में है, और फैंस इस रोमांचक एक्शन से भरपूर फिल्म में पूजा हेगड़े के नए अवतार का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। देवा और सूर्या 44 के अलावा पूजा हेगड़े नाडियाडवाला ग्रैंडसन की सनकी और कुछ अघोषित प्रोजेक्ट्स में भी नजर आएंगी।



## हॉलीवुड मसाला




# 'डेस्पिकेबल मी' ने कमाए 500 करोड़ डॉलर

**लॉस एंजिलिस।** इल्यूमिनेशन, यूनिवर्सल की 'डेस्पिकेबल मी 4' वैश्विक स्तर पर धमाल मचा रही है। फिल्म कमाई के मामले में भी अपना जलवा कायम किए हुए है। डेस्पिकेबल मी/मिनियंस फ्रेंचाइजी दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर पांच बिलियन डॉलर यानी 500 करोड़ डॉलर की कमाई कर चुकी है। यह मील का पत्थर हासिल करने वाली यह पहली एनिमेटेड फ्रेंचाइजी है। यह पहले से ही दुनियाभर में अब तक की सबसे बड़ी एनिमेटेड फ्रेंचाइजी थी। इस सप्ताहांत डेस्पिकेबल मी 4 लगातार दूसरे फ्रेम में वैश्विक स्तर पर नंबर वन फिल्म बनने की उम्मीद है, जिससे रविवार तक दुनिया भर में अनुमानित 136 मिलियन डॉलर की कमाई होगी।



# 'कैप्टन अमेरिका 4' का टीजर जारी...

**लॉस एंजिलिस।** मार्वल स्टूडियोज ने बहुप्रतीक्षित 'कैप्टन अमेरिका 4' का टीजर जारी कर दिया है। इसका आधिकारिक शीर्षक 'कैप्टन अमेरिकाः ब्रेव न्यू वर्ल्ड' है। टीजर 'कैप्टन अमेरिका' गाथा के नए अध्याय की एक रोमांचक झलक पेश करता है, जिसमें एंथनी मैकी द्वारा अभिनीत सैम विल्सन को प्रतिष्ठित ढाल पहने हुए और कैप्टन अमेरिका की भूमिका निभाते हुए दिखाया गया है। इसके साथ ही निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज की तारीख से भी पर्दा उठा दिया है। टीजर एक दिलचस्प कहानी की ओर इशारा करता है, जहां नए कैप्टन अमेरिका सैम विल्सन, 'थडियस थंडरबोल्ट' रॉस के साथ मिलकर काम करते हैं, जिसका किरदार हैरिसन फोर्ड ने निभाया है। यह साझेदारी विशेष रूप से दिलचस्प है।



# तृप्ति धनुष के साथ करेंगी रोमांस...

**मुंबई।** अभिनेत्री तृप्ति डिमरी के पास फिल्मों की लाइन लगी हैं। तृप्ति हर निर्माता-निर्देशक की पहली पसंद बनी हुई हैं। अब खबर है उन्हें धनुष संग काम करने का मौका मिल गया है। आनंद राय की अगली फिल्म में दोनों साथ दिखने वाले हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, आनंद ने अपनी अगली फिल्म 'तेरे इश्क में' के लिए तृप्ति को कास्ट कर लिया है। धनुष फिल्म में एक एंग्री यंगमैन की भूमिका में होंगे। ऐसे में उनके साथ लीड हीरोइन के लिए आनंद की पहली पसंद तृप्ति हैं। निर्देशक ने उनकी पिछली फिल्में देखी हैं, वहीं तृप्ति की लोकप्रियता भी चरम पर है। ऐसे में वह अपनी फिल्म में उन्हें धनुष की जोड़ीदार बनाकर उनकी सफलता को भुनाने के पूरे मूड में हैं। अक्टूबर, 2024 से धनुष अपनी चौथी हिंदी फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। फिल्म की शूटिंग मुख्य रूप से वाराणसी में होगी।




# 'हाउसफुल-5' से जुड़े संजय दत्त

**मुंबई।** संजय दत्त का नाम बॉलीवुड के उन अभिनेताओं में शुमार हैं, जिनकी दीवानगी प्रशंसकों के सिर चढ़कर बोलती है। बता दें कि 'हाउसफुल' फ्रैंचाइजी के 5वें भाग 'हाउसफुल 5' से जुड़ गए हैं। फिल्म के निर्माता साजिद नाडियाडवाला ने संजू के साथ अपनी एक तस्वीर साझा कर लिखा, 'हम यह घोषणा करते हुए बेहद उत्साहित हैं कि संजय 'हाउसफुल' के परिवार में शामिल हो गए हैं। पागलपन से भरी एक रोमांचक यात्रा के लिए तैयार हो जाएं।' कोई शक नहीं कि संजय अपनी शानदार कॉमेडी से फिल्म को एक अलग ही स्तर पर ले जाएंगे। संजय का नाम फिल्म से जुड़ते ही 'हाउसफुल 5' को लेकर लोगों का उत्साह दोगुना हो गया है। सोशल मीडिया पर इसकी झलक साफ दिख रही है। 'हाउसफुल' और 'हाउसफुल 2' का निर्देशन साजिद खान ने किया था।

## टीवी मसाला

# आशिफ ने निभाए 300 कैरेक्टर गिनीज बुक में दर्ज है नाम...

**मुंबई।** ऐसा कहा जाता है कि इंसान की लाइफ में एक बार ऐसा मौका आता है जरूर आता है जब उन्हें वो सबकुछ मिलता है जिसकी उन्हें चाहत होती है। कुछ ऐसा ही आशिफ शेख के साथ हुआ उन्होंने सोचा था फिल्मों में काम करके फेमस हो जाएं, उन्हें प्रसिद्धि मिली लेकिन फिल्मों नहीं टीवी सीरियल से जिसका नाम है 'भाबी जी घर पर हैं। आशिफ शेख ने इस सीरियल में लगभग 300 किरदार निभाए हैं और इसके लिए उनका नाम गिनीज वर्ल्ड बुक में दर्ज है। हिंदी टेलीविजन के आशिफ शेख इकलौते ऐसे एक्टर हैं जिन्होंने एक सीरियल में अलग-अलग इतने सारे किरदार निभाए। 2 मार्च 2015 को 'भाबी जी घर पर हैं' का पहला एपिसोड आया था। शो में दिखाया गया है कि दो पड़ोसी एक-दूसरे की वाइफ को पसंद करते हैं और हेल्दी फ्लर्ट भी करते हैं। इस शो में दोनों भाबियों का किरदार अलग-अलग एक्ट्रेसेस ने निभाया लेकिन आशिफ शेख और रोहिताश्व गौर लगभग 9 सालों से टिके हुए हैं। आशिफ शेख इस शो के मेन कलाकार हैं जिन्हें दर्शक देखना पसंद करते हैं। साल 2015 से लेकर 2021 तक आशिफ शेख ने स्क्रिप्ट की डिमांड के अनुसार, इस सीरियल में 300 से ज्यादा किरदार बदले हैं। इसके लिए उन्हें सम्मानित भी किया गया।




# मटका से तेलुगु सिनेमा में करेंगी कमबैक

**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री नोरा फतेही आठ साल बाद फिल्म मटका से तेलुगु सिनेमा में कमबैक कर रही हैं। करुणा कुमार द्वारा निर्देशित बहुप्रतीक्षित अखिल भारतीय फिल्म 'मटका' में नोरा फतेही वरुण तेज के साथ मुख्य भूमिका में हैं। टेम्पर, बाहुबली दि बिगिनिंग, किक 2 और ऊपीरी जैसी हिट फिल्मों में अपने शानदार डांस परफॉर्मेंस के लिए जानी जाने वाली नोरा अब एक अभिनेत्री के रूप में एक नई चुनौती ले रही हैं। निर्देशक करूणा कुमार ने कहा कि मैं नोरा को तेलुगु दर्शकों के सामने एक अभिनेत्री के रूप में पेश करने के लिए बहुत उत्साहित हूं, वह दूसरी महिला प्रधान भूमिका निभा रही हैं और विजाग की लड़की के रूप में दिखाई देंगी। खुद को किरदार में बेहतर ढंग से ढालने के लिए, उन्होंने तेलुगु सीखने के लिए कक्षाएं लीं और खुद ही संवादों को डब करने का फैसला किया। मैं उनके समर्पण से दंग हूं, उनकी तेलुगु बहुत अच्छी है। जब हमने एक विशेष डिस्को गीत और एक महत्वपूर्ण दृश्य की शूटिंग पूरी कर ली, तो वह मेरे पास आई और बोलीं यह मेरे करियर का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।



# शिमला की पृष्ठभूमि पर बनी है 'अमर कालोनी'

**मुंबई।** हिमाचल प्रदेश के शिमला के रहने वाले फिल्म निर्देशक सिद्धार्थ चौहान की 'अमर कॉलोनी' शिमला की पृष्ठभूमि की थीम पर बनी फिल्म है। 'अमर कालोनी' के निर्देशक सिद्धार्थ चौहान बताते हैं कि छह साल पहले, मैं एक ऐसी जगह की तलाश में था, जहां मैं अपनी लघु फिल्म के लिए एक सेट बना सकूं। तभी मुझे शिमला में ब्रिटिश काल की एक शानदार विरासत वाली इमारत का एक निर्जन ताला लगा हुआ हिस्सा मिला। यह कभी 1905-06 में दिल्ली और लंदन बैंक का हिस्सा हुआ करता था। सीढ़ियां, ऊंचे गलियारे, बड़ी खिड़कियां, पुरानी लकड़ी के प्रयोग सहित निर्माण की हर शैली ने मुझे आकर्षित किया। चाहे फिल्म में दुर्गा का किरदार निभाने वाली ऊषा हों या उनके पति की भूमिका निभाने वाले दीपक। ईशान आजाद को समझाना थोड़ा चुनौतीपूर्ण था, लेकिन उनकी भूमिका भी काफी चुनौतीपूर्ण थी। सिद्धार्थ ने कहा कि फिल्म के कुल कलाकारों में से 75 फीसदी किरदारों का संबंध शिमला से ही था।



# मुंबई में सेलिब्रेट किया भाई का बर्थडे

*मुंबई। प्रियंका चोपड़ा बीते दिन अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी अटेंड करने के लिए पति निक जोनस के साथ भारत आई थीं। बीते दिन प्रियंका चोपड़ा ने अपने पति के साथ मिलकर भाई सिद्धार्थ चोपड़ा का बर्थडे सेलिब्रेट किया है। एक्ट्रेस के भाई ने एक प्राइवेट बर्थडे पार्टी ऑर्गेनाइज की थी। इस पार्टी में उनके भाई-बहन और दोस्त खूब धूम मचाते दिखे। प्रियंका के साथ निक जोनस और मनारा चोपड़ा भी नजर आए हैं। बता दें कि सिद्धार्थ चोपड़ा 35 साल के हो गए हैं। उनकी बहन व जीजा सिद्धार्थ के बर्थडे में शामिल हुए थे। वायरल हो रही फोटोज में सिद्धार्थ की मंगेतर नीलम उपाध्याय भी नजर आ रहीं हैं। इस दौरान सिद्धार्थ ब्लैक कलर के कपड़ों में नजर आए, वहीं मन्नारा और नीलम दोनों ने ब्लैक ड्रेस कैरी की थी। प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ फोटोज शेयर की हैं। इन फोटोज में गेट टुगेदर में सभी नजर आ रहे हैं। प्रियंका चोपड़ा एक फोटो में ब्लू कलर की ड्रेस में नजर आ रही हैं। जिसे उनके फैशन डिजाइनर राहुल मिश्रा के द्वारा डिजाइन किया गया है।*



## 'सरफिरा' में अक्षय के साथ-साथ परेश की भी हो रही है खूब तारीफ

# अक्षय व सोनाक्षी की फिल्मों ने सिनेमाघरों में दी दस्तक

*मुंबई। अगर आप भी हर हफ्ते किसी नई फिल्म या वेब सीरीज का इंतजार करते हैं तो जुलाई का यह हफ्ता भी आपके लिए बेहद खास होने वाला है, क्योंकि इस हफ्ते जहां सिनेमाघरों में फिल्मों की धूम होगी, वहीं ओटीटी पर भी नए कंटेंट की भरमार होगी। आप अपना पसंदीदा मसाला चुन सकते हैं। आपके लिए सस्पेंस से लेकर कॉमेडी तक का तड़का लगा है। आइए जानते हैं इस हफ्ते कौन-कौन सी फिल्में और सीरीज रिलीज हो रही हैं।*

### अक्षय कुमार की 'सरफिरा'



अक्षय कुमार की फिल्म 'सरफिरा' काफी समय से सुखियों में है। इस फिल्म में उनके साथ पहली बार राधिका मदान नजर आ रही हैं। निर्देशक सुधा कोंगरा इससे पहले गोपीनाथ पर साल 2020 में तमिल फिल्म 'सोरारई पोट्रू' बना चुकी हैं, जिसमे सुपरस्टार सूर्या थे। इस फिल्म के हिंदी रीमेक के निर्देशन की जिम्मेदारी भी सुधा पर थी। फिल्म में अक्षय के साथ-साथ परेश रावल की भी खूब तारीफ हो रही है। फिल्म 12 जुलाई को सिनेमाघरों में आई है।


### कमल हासन की 'हिन्दुस्तानी 2'




सुपरस्टार कमल हासन 'कल्कि 2898 एडी' के बाद बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। वह साल 1996 में आई अपनी सुपरहिट फिल्म 'हिंदुस्तानी' का सीक्वल को लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में कमल के साथ अभिनेता सिद्धार्थ और अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह के अलावा कई कलाकार अहम किरदारों में नजर आ रहे हैं। शंकर के निर्देशन में बनी यह फिल्म 12 जुलाई को तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलायलम और हिंदी में रिलीज हुई है।

### सोनाक्षी-साकिब की 'काकूदा'

सोनाक्षी सिन्हा, साकिब सलीम और रितेश देशमुख की फिल्म 'काकूदा' ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है। यह एक हॉरर कॉमेडी है। इसकी कहानी उत्तर प्रदेश के मथुरा के रतौड़ी गांव की है। वैसे तो यह एक आम गांव हैं, लेकिन इस पर कई साल से एक श्राप लगा हुआ है। हर घर में 2 दरवाजे हैं, जो एक जैसे दिखते हैं और इसी में तगड़ा रहस्य छुपा है। जी 5 पर 12 जुलाई को यह फिल्म रिलीज हुई है।




### कॉमेडी का तड़का 'वाइल्ड वाइल्ड पंजाब'



अगर आप कॉमेडी के शौकीन हैं तो इस हफ्ते एक मजेदार फिल्म देख सकते हैं, जिसका नाम है 'वाइल्ड वाइल्ड पंजाब'। इसे देख आप हंसते-हंसते लोटपोट हो जाएंगे। फिल्म का ट्रेलर भी काफी मजेदार था। इस फिल्म में मनजोत सिंह, वरुण शर्मा, सनी सिंह और जस्सी गिल नजर आ रहे हैं, जिनकी केमिस्ट्री और डायलॉग दर्शकों को गुदगुदाने के लिए काफी हैं। 'वाइल्ड वाइल्ड पंजाब' नेटफ्लिक्स पर 10 जुलाई को रिलीज हो चुकी है।

### इन वेब सीरीज का उठाएं लुत्फ

इस हफ्ते आप गुरमीत चौधरी की सीरीज 'कमांडर करण सक्सेना' देख सकते हैं। यह 8 जुलाई को डिज्नी+हॉटस्टार पर रिलीज हो चुकी है। उधर 12 जुलाई को रितेश देशमुख की वेब सीरीज 'पिल' जियो सिनेमा तो इमरान हाशमी की 'शोटाइम 2' डिज्नी+हॉटस्टार पर आई है।

इंटरेक्टिव सेशन के बाद सीएम डॉ. यादव ने संस्थागत निवेश के साथ की राउंड टेबल मीटिंग

# इनवेस्ट मप्रः रोड टू जीआईएस-2025 में मुख्यमंत्री डॉ. यादव की कार्यशैली को उद्योगपतियों ने सराहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड की एग्जीक्यूटिव चेयरपर्सन सुश्री निसाबा गोदरेज ने वन-टू-वन चर्चा के दौरान मप्र की सराहना करते हुए कहा कि सरकार के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर प्रदेश में उपभोक्ता उत्पादों का एकीकृत प्लांट स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं। इस प्लांट में 400 से 500 करोड़ रुपए का निवेश होगा। प्रयास होगा कि आने वाले एक वर्ष में उत्पाद शुरू हो जाए। उन्होंने निवेश को प्रदेश में संचालित उद्योगों को प्रोत्साहन देने के प्रयासों की भी सराहना की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर उद्योगपतियों के साथ संपर्क और संवाद, निवेशकों के साथ चर्चा के विभिन्न सत्रों का आयोजन मुम्बई के ताज महल होटल में किया गया। इसमें मुख्यमंत्री के व्यापार और व्यवसाय के प्रति दृष्टिकोण की देश के ख्यातनाम उद्योगपतियों ने खुलकर सराहना की। देश के प्रसिद्ध उद्योगपतियों ने एमपी ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-2025 की पृष्ठभूमि में शनिवार को मुम्बई में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव की स्पष्टवादिता और दृढ़ता की प्रशंसा की है।

### आधुनिकतम तकनीक के साथ निर्माण कार्यों के प्रस्तावों पर चर्चा की

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की जैव-विविधता संरक्षण की चिंता की सराहना करते हुए हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कम्पनी के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर अजीत गुलाबचंद ने कनेक्टिविटी की सुविधा को जैव-विविधता से छेड़छाड़ किए बिना आधुनिकतम तकनीक के साथ निर्माण कार्यों के प्रस्तावों पर चर्चा की। वन-टू-वन सेशन में लार्सन एण्ड टूब्रो के सीएमडी एसएन सुब्रमण्यम ने इंडोर आईटी कॉम्प्लेक्स एवं डेटा सेंटर में निवेश और पारले एग्रो की सीईओ सुश्री शोना चौहान ने प्रदेश में बेवरेज और डेयरी प्रॉडक्ट्स के उत्पादन में निवेश के प्रस्ताव प्रस्तुत किए। सीआईआई के उपाध्यक्ष मुकंदन ने प्रदेश की सीखों-कमाओ योजना की सराहना करते हुए संस्था के सदस्यों की ओर से निवेश के प्रस्तावों की जानकारी दी।

### वन-टू-वन चर्चा में यह उद्योगपति भी हुए शामिल

वन-टू-वन चर्चा के दौरान रिलायन्स अनिल धीरु भाई अम्बानी ग्रुप चेयरमैन अनिल अम्बानी, जीएसडब्ल्यू सीमेंट एंड पेन्ट के मैनेजिंग डारेक्टर पार्थ जिंदल, हेटिज ग्रुप के एमडी और सीईओ आंद्रे इकोल्ड्, लोधा ग्रुप के एमडी अभिनंदन लोधा, सुप्रीम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर एसजे तापड़िया सहित अनेक उद्योगपतियों और निवेशकों ने चर्चा की। ग्रासिम इंडस्ट्रीज के एमडी एचके अग्रवाल ने कहा कि ग्रासिम समूह देश की आजादी के बाद से ही प्रदेश से जुड़ा हुआ है। समूह के जो औद्योगिक केंद्र प्रदेश में हैं, वे सभी राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी है। उन्होंने कहा कि जो उद्यमी सफल होना चाहते हैं, उन्हें मध्यप्रदेश में निवेश करना चाहिए।

### मुख्यमंत्री ने मप्र के विकास में भागीदारी के लिए युवाओं को किया प्रोत्साहित

इंटरेक्टिव सेशन के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संस्थागत निवेश के साथ राउंड टेबल मीटिंग की। प्रदेश की निवेश मित्र नीतियों और कार्य संस्कृति संबंधी चर्चा की। निवेश संभावनाओं को प्रकाशित करते हुए निवेश के लिए प्रेरित किया। फियो के साथ राउंड टेबल मीटिंग में प्रदेश में निर्यात की संभावनाओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री के प्रयासों की सराहना करते हुए फियो ने विदेशों में आयोजित किए जाने वाले रोड शो में मुख्यमंत्री डॉ. यादव से शामिल होने का अनुरोध किया। स्टार्टअप के साथ राउंड टेबल बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विकास में भागीदारी के लिए युवाओं को प्रोत्साहित किया। उन्होंने प्रदेश के विभिन्न जिलों में आईटी उद्योगों की स्थापना और प्रदेश में उपलब्ध प्रचुर खनिज और कृषि के कच्चे माल से उत्पाद तैयार करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के व्यापार-व्यवसाय को बढ़ाने की सरकार की नीति और नीयत साफ है।

## केंद्रीयकृत ऑनलाइन प्रणाली से होगा एमएसएमई औद्योगिक इकाईयों को प्रोत्साहन राशि का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमएसएमई श्रेणी की औद्योगिक इकाईयों को प्रोत्साहन राशि वितरण की वर्तमान प्रचलित प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सरलीकृत बनाने के उद्देश्य से समस्त भुगतान केन्द्रीयकृत ऑनलाइन भुगतान, वितरण प्रणाली के माध्यम से उद्योग संचालनालय स्तर पर किए जाने का निर्णय लिया गया है। एमएसएमई मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने उक्त आशय के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मध्यम श्रेणी की इकाईयों के लिए 40 प्रतिशत तक एवं मध्यम श्रेणी की खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों को मूल सहायता का डेढ़ गुना तक प्रोत्साहन राशि एवं अन्य सुविधाएं दिए जाने का प्रावधान हैं।

▸ प्रोत्साहन राशि के बजट में 40 प्रतिशत की बढ़ोतरी

एमएसएमई प्रोत्साहन व्यवसाय निवेश संबर्धन सुविधा प्रदाय योजना में वर्ष 2023-24 में 490 करोड़ का बजट प्रावधान था, जिसे बढ़ाकर वर्ष 2024-25 में 699.20 करोड़ रुपए किया गया है। बजट में पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 40 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की गई हैं। मध्यम श्रेणी की इकाईयों के लिए पहली बार राशि रुपए 100 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया हैं। मप्र एमएसएमई प्रोत्साहन योजना 2021 लागू हैं।

### पहले भुगतान प्रक्रिया जटिल थी एवं विलम्ब होता था

पूर्व में सूक्ष्म एवं लघु श्रेणी की इकाईयों के लिए प्रोत्साहन राशि का भुगतान जिला स्तर से किया जाता था, जिससे इकाईयों को प्रोत्साहन राशि वितरण, भुगतान प्रक्रिया जटिल थी एवं विलम्ब होता था। अब सरलीकरण एवं पारदर्शिता के लिए एमएसएमई मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप ने निर्देश दिए, जिसके अनुक्रम में एमएसएमई श्रेणी की औद्योगिक इकाईयों को प्रोत्साहन राशि वितरण की वर्तमान प्रचलित प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सरलीकृत बनाने के उद्देश्य से समस्त भुगतान केन्द्रीयकृत ऑनलाइन भुगतान, वितरण प्रणाली के माध्यम से उद्योग संचालनालय स्तर पर करने का निर्णय लिया है।

अभ्यर्थी कमलेश प्रताप शाह विधिवत निर्वाचित घोषित

## कमलेश प्रताप शाह ने 3027 मतों से कांग्रेस के धीरन शाह को हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा उप चुनाव के तहत छिंदवाड़ा जिले की विधानसभा क्षेत्र अमरवाड़ा (अजजा) की मतगणना शनिवार को शासकीय पीजी कॉलेज छिन्दवाड़ा में संपन्न हुई। मतगणना के बाद अमरवाड़ा विधानसभा उप निर्वाचन के निर्वाचन परिणाम की राउंडवार और अंतिम घोषणा रिटर्निंग ऑफिसर अमरवाड़ा हेमकरण धुर्वे ने की। निर्वाचन परिणाम की घोषणा के साथ रिटर्निंग ऑफिसर ने विजयी अभ्यर्थी भारतीय जनता पार्टी के कमलेश प्रताप शाह को विधिवत निर्वाचित घोषित कर निर्वाचन प्रमाण पत्र-सौंपा।

विधानसभा उप निर्वाचन 2024 के तहत विधानसभा क्षेत्र अमरवाड़ा में नोटा सहित 10 अभ्यर्थी मैदान में थे। इनमें भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी कमलेश प्रताप शाह को कुल 83105 मत प्राप्त हुए और वे अपने निकटतम प्रतिद्वंदी से 3027 मतों से विजयी रहे। इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी धीरन शाह सुखरामदास इनवाती को 80078, अहिंसा समाज पार्टी के अभ्यर्थी चन्द्रदीप तेकाम (पत्रकार) को 2268, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के अभ्यर्थी देवीराम उर्फ देवरावेन भलावी को 28723 वोट प्राप्त हुए।

जनसेवा गोंडवाना पार्टी के अभ्यर्थी एडव्होकेट राजकुमार सरयाम को 749, राष्ट्रीय गोंडवाना पार्टी की अभ्यर्थी सुश्री रीता मरकाम को 594, निर्दलीय अभ्यर्थी अतुल राजा उईके को 2232, निर्दलीय अभ्यर्थी पवन शाह सरयाम को 809, निर्दलीय अभ्यर्थी शोभाराम भलावी को 1530 और नोटा को 3403 मत प्राप्त हुए।

## अवैध संबंधों में शक के कारण प्रेमी ने की थी महिला की हत्या




**बालोद।** छग के बालोद में एक व्यक्ति ने अपनी प्रेमिका से पहले शारीरिक संबंध बनाए, फिर उसे मार डाला। इसके बाद लाश पर पेट्रोल छिड़क कर जला दिया। इतना ही नहीं बेरहमी से शव को हंसिया से काटकर 7 टुकड़ों में बांटा और नाले में बहा दिया। दरअसल हत्या की यह घटना पिछले 13 अप्रैल की है, जब प्रमिला धुर्वे (39 वर्ष) की लाश टुकड़ों में मिली थी। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव के टुकड़ों को जुटाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। पुलिस के पास चुनौती थी कि ये लाश के टुकड़े किसके हैं। पता चला कि स्वरूप धुर्वे की पत्नी गांव में नहीं है। पूछताछ में स्वरूप ने बताया कि उसकी पत्नी प्रमिला ध्रुर्वे गायब है। फोन भी नहीं लग रहा है। पुलिस ने फोन नंबर लेकर मोबाइल डेटा रिकवर करने के लिए साइबर सेल को लगाया। बताया जा रहा है कि संबंध बनाने के बाद गर्लफ्रेंड आधी रात को किसी और लड़के से बात कर रही थी, जिसे आरोपी ने देख लिया। इससे वह बेहद नाराज हुआ और तैश में आकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने तीन महीने बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी थी इसी दौरान पता चला कि डौंडीलोहारा थाना क्षेत्र के बकलीटोला गांव की एक महिला कई दिनों से लापता है। वह अपने मायके बाघमार में भी नहीं है। खबर मिलते ही बालोद थाना प्रभारी रवि पांडेय अपनी टीम के साथ बकलीटोला पहुंचे।



## प्रधानमंत्री मोदी ने दंड संहिता को न्याय संहिता में बदलकर बहुत बड़ा काम किया

**भोपाल।** भाजपा विधि प्रकोष्ठ की ओर से शनिवार को आयोजित दण्ड संहिता से न्याय संहिता की आभार संगोष्ठी को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि पिछले दस साल में देश के विकास के लिए ऐसे निर्णय लिए गए, जिससे देश ही नहीं, दुनिया अचंभित हो गई। चाहे कश्मीर से धारा 370 को समाप्त करना हो या फिर अंग्रजों के जमाने से चले आ रहे कानून को दण्ड संहिता से न्याय संहिता में बदलने का काम हो। सेवानिवृत्त न्यायाधीश रोहित आर्या ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दण्ड संहिता को न्याय संहिता में बदलकर बहुत बड़ा कार्य किया है। कार्यक्रम को प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, भाजपा कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति आर्या ने पार्टी की रीति नीति भाजपा की जनोन्मुखी विकास कार्यो से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी के प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. शर्मा ने पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर उनका स्वागत किया। मंच पर भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल, भाजपा के विधि प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक मनोज द्विवेदी, एसएस उप्पल भी उपस्थित रहे।



## चिंतन

# हिंसाग्रस्त मणिपुर में जल्द शांति बहाली हो

मणिपुर में स्थाई शांति जरूरी है। पूर्वोत्तर का यह राज्य करीब 15 से अधिक महीने से हिंसा की आग में जल रहा है। पिछले साल 3 मई से मणिपुर में हिंसा की शुरूआत हुई, जब इस राज्य के दो प्रमुख समुदाय मैतई (घाटी बहुल) और कुकी जनजाति (पहाड़ी बहुल समुदाय) के बीच हाईकोर्ट की एक सिफारिश के बाद आमने-सामने आ गए। मैतई समुदाय को कुकी की तरह अनुसूचित जनताति का दर्जा दिए जाने की राज्य सरकार से हाईकोर्ट की सिफारिश किए जाने से कुकी समुदाय नाराज हो गए और सड़क पर उतर आए। तबसे मणिपुर में जारी हिंसा में करीब दो सौ लोग मारे गए हैं, ग्यारह सौ से अधिक लोग घायल हुए हैं और करीब 65 हजार लोग विस्थापित हुए हैं। मणिपुर के जिरीबाम में रविवार को सीआरपीएफ और पुलिस टीम के काफिले पर कुकी उग्रवादियों ने हमला कर दिया। इसमें सीआरपीएफ का एक जवान शहीद हो गया। यह पहली बार नहीं है जब कुकी उग्रवादी सुरक्षा बलों पर उग्र हुए हैं। इस साल ही पांच बड़ी घटनाए हो चुकी हैं। 10 जून को मणिपुर के सीएम बीरेन सिंह के काफिले पर हमला हुआ था। 8 जून को कुकी उग्रवादियों ने 2 पुलिस चौकियां व मैतई गांव में 70 घर जलाए। 26 अप्रैल को कुकी उग्रवादियों ने सीआरपीएफ चौकी पर बम फेंका था, जिसमें दो जवान शहीद हो गए। 15 फरवरी को भीड़ ने एसपी ऑफिस पर हमला किया, दो नागरिकों की मौत हो गई। 17 जनवरी को सुरक्षाबलों की गाड़ी पर उग्रवादियों ने हमला किया, 2 जवान सहित 3 की मौत हो गई। वर्ष 2023 की मई से दिसंबर तक अनेक बार हिंसा हुई। दरअसल, 38 लाख जनसंख्या वाले छोटे से पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में तीन प्रमुख समुदाय हैं- मैतेई, नगा और कुकी। मैतई ज्यादातर हिंदू हैं। नगा-कुकी ईसाई धर्म को मानते हैं व अनुसूचित जनजाति वर्ग में आते हैं। मैतेई समुदाय की भी मांग है कि उन्हें जनजाति का दर्जा दिया जाए। समुदाय ने इसके लिए मणिपुर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। समुदाय की दलील थी कि 1949 में मणिपुर का भारत में विलय हुआ था। उससे पहले उन्हें जनजाति का ही दर्जा मिला हुआ था। इसके बाद हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से सिफारिश की कि मैतेई को अनुसूचित जनजाति (एसटी) में शामिल किया जाए। नगा-कुकी जनजाति इसके विरोध में हैं। इनका कहना है कि राज्य की 60 में से 40 विधानसभा सीट पहले से मैतेई बहुल इंफाल घाटी में हैं। ऐसे में एसटी वर्ग में मैतेई को आरक्षण मिलने से उनके अधिकारों का बंटवारा होगा। हाईकोर्ट की सिफारिश के बाद से वहां हिंसक संघर्ष जा रही है। पिछले साल गृहमंत्री अमित शाह ने मणिपुर में शांति की स्थापना के लिए तीन दिवसीय यात्रा की थी, इस दौरान लगा कि शांति बहाल करने में सरकार सफल होगी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका है। इस वर्ष लोकसभा चुनाव के दौरान भी विपक्ष ने मणिपुर में हिंसा को मुद्दा बनाया था। पिछले महीने संघ प्रमुख मोहन भागवत ने आम चुनाव के नतीजे के बाद अपनी प्रतिक्रिया में मणिपुर में हिंसा का समाधान न होने पर चिंता जाहिर की थी। चूंकि पूर्वोत्तर के सीमावर्ती राज्यों को अशांत रखने में चीनी भूमिका रहती है, इसलिए केंद्र व राज्य सरकार को चाहिए कि मणिपुर में जल्द से जल्द समाधान हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस में कहा है कि जंग व हिंसा से समस्या हल नहीं होगी, तो देश के अंदर केंद्र व राज्य की प्रशासनिक मशीनरी को चाहिए कि मणिपुर में जल्द से जल्द हिंसक संघर्ष खत्म करने के लिए वार्ता का मंच बनाए और शांति बहाल करे। हिंसाग्रस्त राज्य मणिपुर को उसकी नियति पर नहीं छोड़ा जा सकता।

## मुद्दा
डॉ. रमेश ठाकुर



# बाढ़-प्रलय से हुई जनहानि का जिम्मेदार कौन?

आपदाएं अपने पीछे ऐसा दर्दनाक मंजर छोड़ जाती हैं जिसे इंसान वर्षों सहता है। मौजूदा बाढ़-बारिश से जनजीवन भयभीत हुआ है। हिंदुस्तान के विभिन्न हिस्सों में प्रलयकारी बाढ़ से अब तक अनुमानित 600 करोड़ रुपये के नुकसान का हुआ है। आर्थिक नुकसान के अलावा जानमाल की भी क्षति लगातार हो रही है। करीब 300 से अधिक मौतें हो चुकी हैं। बाढ़ की विभिषिका से निपटने के लिए समाज आगे आया हुआ है, लेकिन बाढ़ से मचे हाहाकार को देखकर भारतीय आपदा प्रबंधन ने पूरी तरह से पत्ते डाले हुए हैं। उनकी कोशिशें और राहत-बचाव के प्रयास घटना स्थलों पर हांफ रहे हैं। भयंकर बाढ़ की भयाभता ने चारों ओर कहर बरपाया हुआ है। आपदा प्रबंधन से तो कहीं अच्छा कार्य इस वक्त स्थानीय प्रशासन जैसे एसडीएम, तहसीलदार, जिला कर्मचारियों के अलावा ग्राम प्रधान और राजनीतिक कार्यकर्ता करते दिख रहे हैं। आपदा प्रबंधन की हमेशा की तरह इस बार भी मानसून की पहली बारिश ने पोल खोली है। विभागीय अधिकारी-कर्मचारी तैयारियां कितनी करते हैं और कितनी गंभीरता से करते हैं? उसकी तस्वीर बाढ़ आने पर दिखती हैं। भारतीय आपदा प्रबंधन को अच्छे से ज्ञात होता है कि हिंदुस्तान अपनी अनूठी भू-जलवायु स्थितियों के कारण प्राकृतिक आपदाओं के प्रति संवेदनशील है। बाढ़, सूखा, चक्रवात, भूकंप और भूस्खलन बार-बार होने वाली घटनाएं स्वाभाविक होती हैं। लगभग 60 फीसदी भ-ूभाग विभिन्न तीव्रता के भूकंपों के लिए है, 40 मिलियन हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र बाढ़ के लिए है, 8 फीसदी चक्रवातों के लिए और 68 प्रतिशत क्षेत्र सूखे के लिए अतिसंवेदनशील माना जाता है। ऐसे में इन जगहों पर पूर्व में की जाने वाले तैयारियां विकट समस्याओं में विफल क्यों होती हैं? इसका जवाब आपदा प्रबंधन को ऐसे वक्त देना चाहिए। इसमें कोई दो राय नहीं, कि मानसून के दो-ढाई महीने ऐसे होते हैं जो आपदा प्रबंधन के लिए किसी चुनौती से कम नहीं होते हैं। मानसून से पूर्व करीब 10 महीनों का पर्याप्त समय उनके पास तैयारियों का होता है। चाहे केंद्र सरकार हो, या राज्यों की हुकूमतें, प्रबंधन विभाग को धन से लेकर जरूरत की तमाम वस्तुएं मुहैया करवाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ती, ताकि बाढ़ आपदा से उनका आपदा प्रबंधन विंग अच्छे से निपट सके। पर, अफसोस विभाग उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाता। आपदा प्रबंधन को सरकारें मुंह मांगा बजट आवंटित करती हैं। लेकिन इसके बावजूद बाढ़ से प्रभावित लोगों को बचाने के लिए सेना, एयरफोर्स, सीआरपीफए की टुकड़ियां लगानी पड़ती हैं। सरकार के अन्य विभागों के कर्मचारियों को मोर्चा संभावना पड़ता है। आपदा प्रबधंन को रिफार्म करने की दरकार है। विभाग को आधुनिक करके नई तकनीकों को अपनाना होगा। करीब 33 लाख वर्ग किमी क्षेत्र के भौगोलिक विस्तार एवं 140 से ज्यादा आबादी वाले भारत में शायद ही इस वक्त कोई ऐसा भाग बचा हो जहां बाढ़ या बारिश आपदा की स्थिति न उत्पन्न हुई हो। नेपाल ने बारिश का अपना सारा पानी भारत की ओर मोड़ दिया है, जिससे भारत का तराई क्षेत्र और आसपास सटे जिले और गांव-कस्बे पानी से लबालब भरे हैं। उनसे निपटना जल आपदा प्रबंधन के बस का नहीं? पूर्वी बिहार में बहने वाली कोसी नदी उफान पर है। दर्जनभर जिलों को सड़क मार्ग पूरी तरह से कट गया है। बाढ़ पीड़ित लोग बमुश्किल सुरक्षित जगहों पर पनाह ले पा रहे हैं। तराई क्षेत्र के जिले पीलीभीत, लखीमपुर, बलरामपुर, बहराईच आदि जिलों के लोग जहां-तहां भाग रहे हैं। पीलीभीत में अभी हाल में बिछाया गया नया रेल ट्रैक भी पानी से बह गया। इस बार मानसून अच्छा है। बाढ़ से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन की कमजोर तैयारियों निश्चित रूप से सोचने पर मजबूर करती हैं। असम, उत्तराखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश, हिमालच, पश्चिम बंगाल, बिहार जैसे 9 राज्य ऐसे हैं जो ज्यादा प्रभावित हैं। इन समस्याओं से निपटने की पहली जिम्मेदारी आपदा प्रबंधन पर होती है, लेकिन ऐसे में वहां सिर्फ कमियां ही दिख रही हैं। उनमें आपसी समन्वय में कमी, अपर्याप्त फंडिंग का रोना, सीमित सार्वजनिक भागीदारी और अपर्याप्त संसाधनों की दुहाई दे रहे हैं। आपदा एक अचानक, विपत्ति पूर्ण घटना है, जो जीवन और संपत्ति को भारी क्षति, हानि, विनाश और तबाही में बदलती है। आपदाओं से होने वाला नुकसान सामाजिक स्थिति को भी प्रभावित करता है। अफसोस इस बात का है कि बाढ़ जैसी समस्यायों से निपटने में हम अभी भी अक्षम हैं। केंद्रीय हुकूमत को गंभीरता इस मसले पर मंथन करना होगा। ताकि, भविष्य में ऐसे समस्याओं से सफल मुकाबला किया जा सके।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# प्रगाढ़ होते भारत-बांग्लादेश संबंध



विश्लेषण
डॉ. एल. एस. यादव

भारत में नई सरकार गठन के बाद यह किसी विदेशी नेता की पहली द्विपक्षीय राजकीय यात्रा थी। प्रधानमंत्री शेख हसीना की इसी माह में यह दूसरी भारत यात्रा थी। इससे पहले वे प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए भारत आईं थीं। बांग्लादेश और भारत के प्रधानमंत्रियों ने 22 जून को बैठक करके व्यापक वार्ता की। इस वार्ता में नए क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए भविष्य की योजना पर सहमति जताई और समुद्री क्षेत्र सहित अनेक मुख्य क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देने के लिए 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। दोनों पक्षों द्वारा प्रमुख समझौतों में डिजिटल, हरित व रक्षा क्षेत्रों में बढ़ावा देने के समझौते शामिल हैं।

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने 21 एवं 22 जून की दो दिवसीय भारत यात्रा की। उनकी इस यात्रा का मकसद दोनों देशों के बीच पहले से ही बने घनिष्ठ संबंधों को और आगे बढ़ाना था। भारत में नई सरकार गठन के बाद यह किसी विदेशी नेता की पहली द्विपक्षीय राजकीय यात्रा थी। प्रधानमंत्री शेख हसीना की इसी माह में यह दूसरी भारत यात्रा थी। इससे पहले वे प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए भारत आईं थीं। इसके बाद वे जुलाई महीने चीन की यात्रा पर जाएंगी। चीन की यात्रा पर जाने से पहले उनका दो बार भारत आना यह दर्शाता है कि चीन यात्रा से उनके भारतीय संबंधों को कोई खतरा नहीं है। इधर भारत सरकार भी बांग्लादेश से अपने मधुर संबंधों को आगे जारी रखना चाहती है।

बांग्लादेश और भारत के प्रधानमंत्रियों ने 22 जून को बैठक करके व्यापक वार्ता की। इस वार्ता में नए क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए भविष्य की योजना पर सहमति जताई और समुद्री क्षेत्र सहित अनेक मुख्य क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देने के लिए करीब 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। दोनों पक्षों द्वारा हस्ताक्षरित प्रमुख समझौतों में डिजिटल, हरित व रक्षा क्षेत्रों में बढ़ावा देने के समझौते शामिल हैं। इनमें बांग्लादेश के रोगियों के लिए ई-वीजा प्रमुख है। उल्लेखनीय है कि बड़ी संख्या में बांग्लादेश के लोग इलाज कराने के लिए भारत आते हैं। वहां से भारत आने वाले ऐसे लोग 30 प्रतिशत के करीब हैं। ई-वीजा मिलने से ऐसे लोगों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमने नए क्षेत्रों में सहयोग के लिए भविष्योन्मुखी विजन तैयार किया है, जिसमें हरित साझेदारी, डिजिटल साझेदारी, अंतरिक्ष एवं ब्लू इकोनॉमी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भारत-बांग्लादेश की बनी सहमति से दोनों देषों के नवयुवकों को काफी लाभ मिलेगा। दोनों देशों की मैत्री भारत-बांग्लादेश संबंधों को नई ऊंचाइयां प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि हम अपनी वरीयता में डिजिटल और ऊर्जा कनेक्टिविटी पर फोकस रखेंगे। हमने पिछले 10 वर्षों में कार्य करते हुए 1965 से पहले की कनेक्टिविटी को बहाल कर दिया है। इससे दोनों देशों की अर्थव्यवस्था गतिशील होगी। उन्होंने यह भी कहा कि बांग्लादेश हमारे लिए एक बड़ा विकास साझीदार है और हम उसके साथ अपने संबंधों को सबसे अधिक प्राथमिकता देते है। उन्होंने दोहराया कि मैं बंगबंधु के स्थिर, समृद्ध और प्रगतिषील बांगलादेश के विजन को साकार रूप प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। इनमें दूसरा समझौता बांग्लादेश के रंगपुर में भारत का नया सहायक उच्चायोग होगा। बांग्लादेश के उत्तर-पश्चिम क्षेत्र के लोगों के लिए रंगपुर में एक सहायक उच्चायोग खोलने का निर्णय लिया गया है। बांग्लादेश की राजधानी ढाका और कोलकाता के बीच नई रेल सेवा चालू की जाएगी। इसी तरह चटगांव और कोलकाता के बीच नई बस सेवा चालू हो जाएगी। पांचवा समझौता मेदे-दरसाना और हल्दीबाड़ी-चिलाहाटी के बीच दलगांव तक मालगाड़ी सेवाओंकी शुरूआत किए जाने का है। इसके अलावा



अनुदान सहायता के तहत सिराजगंज में अन्तर्देशीय कंटेनर डिपो का निर्माण किया जाएगा। भारतीय ग्रिड से नेपाल से बांग्लादेश को 40 मेगावाट बिजली के निर्यात की शुरूआत की जाएगी। इससे बांग्लादेश को फायदा होगा। 1996 की गंगा जल संधि के नवीनीकरण एक समिति बनाई जाएगी। बांग्लादेशी पुलिस अधिकारियों के प्रशिक्षण में सहयोग किया जाएगा।

रक्षा संबंधों को मजबूत बनानें उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और षेख हसीना के बीच चर्चा हुई। इसमें दोनों देशों ने लम्बी अवधि के हितों को ध्यान में रखकर एक रक्षा सहयोग की नीति बनाने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि भारत-बांग्लादेश के बीच सैनिक व रक्षा सहयोग की गति अभी तक काफी धीमी रही है, लेकिन अब किए गए नए समझौते के बाद से भारत जो सहयोग करेगा उससे बांग्लादेश की आर्मी अत्याधुनिक बनेगी। इसके अलावा बांग्लादेश की रक्षा आवश्यकताओं के मुताबिक रक्षा उपकरणों का उत्पादन प्रारम्भ होगा। यह कार्य इस प्रकार का होगा कि बांग्लादेश की रक्षा व यौद्धिक क्षमता काफी बढ़ सके। अभी तक भारत ने इस तरह का रक्षा समझौता किसी पड़ोसी देश के साथ नहीं किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और शेख हसीना ने आतंकवाद, कट्टरवाद और सीमा पर षांतिपूर्ण प्रबंधन अपनी सहभागिता को मजबूत करने का भी निर्णय लिया है। इसके अतिरिक्त दोनों देशों के मध्य हिन्द महासागर क्षेत्र के लिए समान दृश्टिकोण अपनाये जाने की बात निश्चित हुई। दोनों देशों ने अन्य क्षेत्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय मंचों पर अपना-अपना सहयोग जारी रखने का निर्णय लिया। इसके अलावा भारतीय अंतरिक्ष यान से बांग्लादेश के लिए खासतौर पर निर्मित उपग्रहों को को स्थापित करने की सहमति कायम हुई। दोनों प्रधानमंत्रियों की मुलाकात में भारत ने बांग्लादेश की पुरानी मांग मान ली और बांग्लादेश को भूटान व नेपाल के साथ भारतीय रेलवे के जरिए कारोबार करने की स्वीकृति प्रदान कर दी। इस स्वीकृति से बांग्लादेश को निर्यात बढ़ाने का एक बेहतर अवसर प्राप्त होगा। इस कदम से उत्साहित दोनों देश शीघ्र ही एक विशेष समझौता करने वाले हैं। अब दोनों देशों का यह प्रयास है कि भूटान, नेपाल व बांग्लादेश के बीच एक साझा बाजार तैयार किया जा सके। यदि इस कार्य में सफलता मिल गई तो भविष्य में इस बाजार में अन्य पड़ोसी देशों जैसे श्रीलंका, म्यांमार आदि को शामिल किया जा सकेगा, इसीलिए दोनों दो रेल, सड़क, हवाई मार्ग व समुद्री मार्ग के जरिये आवागमन व माल ढुलाई के लिए कनेक्टविटी को और ज्यादा मजबूत बनाएंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना के बीच बैठक में इस बात की भी सहमति बनी कि तीस्ता नदी जल प्रबंधन पर वार्ता के लिए भारत की एक तकनीकी टीम ढाका का दौरा करेगी। यह टीम तीस्ता नदी की गाद को साफ करने तथा नदी को पुराने स्वरूप में लौटाने के लिए एक रोडमैप तैयार करेगी। बांग्लादेश में तीस्ता नदी के संरक्षण पर बातचीत के लिए एक भारतीय दल भेजने का निर्णय इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत की आपत्तियों के बावजूद एक अरब अमेरिकी डॉलर की इस परियोजना पर चीन की नजर थी। दरअसल चीन ने यह संकेत दिए थे कि वह तीस्ता नदी की सफाई के लिए भारी भरकम धनराशि की मदद देने को तैयार है। यह मुद्दा भारत के लिए अत्यन्त संवेदनशील है क्योंकि चीन की कंपनियों को ठेका मिलने का मतलब है कि उन्हें तीस्ता नदी से संबंधित सारा डाटा हासिल हो जाएगा, इसलिए भारत का यही प्रयास था कि चीन का इसमें प्रवेश न हो। इस आश्वासन के बाद अपने देश पहुंचकर शेख हसीना ने कहा कि उनकी भारत यात्रा सार्थक रही। निश्चित है कि उपर्युक्त समझौतों के बाद भारत तथा बांग्लादेश के आपसी संबंध और अधिक मधुरता की ओर बढ़ेंगे।

(लेखक सैन्य विज्ञान के प्राध्यापक रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## जीवन का प्रथम अनुबंध किसको माना है?



संकलित
दर्शन

अनुबंध चतुष्टय में 'अधिकारी' को प्रथम अनुबंध स्वीकार किया गया है। मानव की आध्यात्मिक और लौकिक यात्रा के निर्विघ्न संचालन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। लोक में इसके लिए योग्यता या पात्रता पद का प्रयोग होता है, जिसका तात्पर्य है, किसी कार्य के निष्पादनार्थ पात्रता प्राप्त करना। सामान्यतः प्रत्येक कार्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति पात्र नहीं होता। इसलिए अनधिकारी व्यक्ति द्वारा किया गया कार्य सफल और लोकमंगलकारी हो, यह आवश्यक नहीं, परंतु अधिकारी (पात्र) व्यक्ति द्वारा किया गया प्रत्येक कार्य सफल भी होता है और लोकमंगलकारी भी। इसलिए अधिकारी आत्मिक और जागतिक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाला मानव जीवन का प्रथम अनुबंध है। इसीलिए इसे शास्त्रों में विशेष महत्व दिया गया है। वेदांत में अधिकारी को परिभाषित करते हुए कहा गया-जिसने विधिवत ज्ञान प्राप्त कर काम्य एवं निषिद्ध कर्मों का परित्याग कर दिया है। नित्य, नैमित्तिक और उपासनादि कर्म करने से जिसकी बुद्धि परिष्कृत और अंतःकरण निर्मल हो चुका है, ऐसा पापरहित व्यक्ति ही विशिष्ट ज्ञान का अधिकारी है। विश्वामित्र आदि ऋषियों ने अधिकारी समझकर ही राम को विविध आयुध प्रदान किए, जिससे उनका दुरुपयोग न हो सके। उसी प्रकार अधिकारी को प्रदान की गईं शक्तियां समाज, देश और मानवता की रक्षा के लिए होती हैं। इतिहास साक्षी है कि जब भी अनधिकारी को शक्तियां प्रदान की गई हैं, उनका दुरुपयोग ही हुआ है।

## जीवन में गुरु की आवश्यकता क्यों?



संकलित
प्रेरणा

एक गाय घास चरने के लिए एक जंगल में चली गई। शाम ढलने के करीब थी। उसने देखा कि एक बाघ उसकी तरफ दबे पांव बढ़ रहा है। वह डर के मारे इधर-उधर भागने लगी। दौड़ते हुए गाय को सामने एक तालाब दिखाई दिया। घबराई हुई गाय उस तालाब के अंदर घुस गई। वह बाघ भी उसका पीछा करते हुए तालाब के अंदर घुस गया। उसमें पानी कम था और वह कीचड़ से भरा हुआ था। उन दोनों के बीच की दूरी काफी कम हुई थी। लेकिन अब वह कुछ नहीं कर पा रहे थे। वह गाय उस कीचड़ के अंदर धीरे-धीरे धंसने लगी। बाघ भीधीरे-धीरे कीचड़ के अंदर धंसने लगा। दोनों भी करीब करीब गले तक उस कीचड़ के अंदर फस गए। दोनों हिल भी नहीं पा रहे थे। गाय के करीब होने के बावजूद वह बाघ उसे पकड़ नहीं पा रहा था। थोड़ी देर बाद गाय ने उस बाघ से पूछा, क्या तुम्हारा कोई गुरु या मालिक है? बाघ ने गुर्राते हुए कहा, मैं तो जंगल का राजा हूं। मेरा कोई मालिक नहीं। मैं खुद ही जंगल का मालिक हूं। गाय ने कहा, लेकिन तुम्हारे उस शक्ति का यहां पर क्या उपयोग है? उस बाघ ने कहा, तुम भी तो फस गई हो और मरने के करीब हो। तुम्हारी भी तो हालत मेरे जैसी है। गाय ने मुस्कुराते हुए कहा, बिलकुल नहीं। मेरा मालिक जब शाम को घर आएगा और मुझे वहां पर नहीं पाएगा तो वह ढूंढते हुए यहां जरूर आएगा और मुझे इस कीचड़ से निकाल कर अपने घर ले जाएगा। तुम्हें कौन ले जाएगा? थोड़ी ही देर में सच में ही एक आदमी वहां पर आया और गाय को कीचड़ से निकालकर अपने घर ले गया।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### भारत में मजबूत है लोकतंत्र

हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और अभी भी यहां के लोगों को लोकतंत्र पर विश्वास है। अगर यहां लोकतंत्र पर लोगों को विश्वास नहीं होता तो लोग लंबी-लंबी कतारों में लगकर अपने कीमती मत का प्रयोग कर सरकारें न चुनते और न ही अपनी मांगों के लिए धरने-प्रदर्शन कर पाते। हाल ही में अमरीकी थिंक टैंक की एक रिपोर्ट में यह बताया गया है कि कितने लोग अपने यहां के लोकतंत्र से खुश या संतुष्ट हैं। इसमें हमारा देश एशिया का दूसरा और विश्व का तीसरा देश है। यहां लगभग 77 फीसदी नागरिक लोकतांत्रिक व्यवस्था से खुश या संतुष्ट हैं। हमारे देश के लोकतंत्र पर उंगली उठाने वाले देशों में जर्मनी, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, अमरीका आदि के लोग अपने लोकतंत्र से उतने संतुष्ट नहीं हैं।

*- राजेश गुप्ता, रायगढ़*

## ट्रेंड

### ट्रंप पर हमले से चिंतित हूं



मेरे मित्र, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले से बेहद चिंतित हूं। घटना की कड़ी निंदा करता हूं. राजनीति और लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं मृतकों के परिवार, घायलों और अमेरिकी लोगों के साथ हैं।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### हिंसा के लिए जगह नहीं



हमारे लोकतंत्र में राजनीतिक हिंसा के लिए बिल्कुल भी जगह नहीं है। हालांकि हम अभी तक नहीं जानते कि वास्तव में क्या हुआ था, यह राहत की बात है कि ट्रंप को गंभीर चोट नहीं आई। हमें खुद को प्रतिबद्ध करने के लिए करना चाहिए।

**-बराक ओबामा, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति**

### झूठ का मायाजाल



कल आप मुंबई में नौकरियां देने पर झूठ का मायाजाल बुन रहे थे। मैं आपको पुनः याद दिलाना चाहता हूं कि आपने एनआरए की घोषणा करते हुए क्या कहा था। एनआरए करोड़ों युवाओं के लिए वरदान साबित होगी। यह समय के साथ संसाधनों की भी बचत करेगा।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### मुफ्त की राजनीति का लेबल नहीं



यदि आप प्रत्येक नागरिक के लिए 'सम्मान जनक जीवन के अधिकार' में विश्वास करते हैं, तो आप मुफ्त की राजनीति का लेबल नहीं देंगे। मैंने कैंब्रिज इंडिया कॉन्फ्रेंस में आप द्वारा शुरू की गई कल्याणकारी योजनाओं के महत्व के बारे में बात की।

**-राघव चड्ढा, आप सांसद**

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर


# चीन की अर्थव्यवस्था में भारी गिरावट : राजा कृष्णमूर्ति



अमेरिका के एक प्रभावशाली सांसद ने कहा कि चीन की अर्थव्यवस्था में भारी सुस्ती आई है और बीजिंग के सामने दो रास्ते हैं-या तो वह अपने पड़ोसियों के खिलाफ आक्रामकता जारी रखे या फिर आक्रामकता कम करे और अपनी अर्थव्यवस्था में सुधार लाए। भारतीय-अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने कहा, 'वास्तव में चीन अपनी अर्थव्यवस्था में इस कदर सुस्ती का सामना कर रहा है कि कुछ क्षेत्रों में अपस्फीति (वस्तुओं और सेवाओं के सामान्य मूल्य के स्तर में गिरावट) की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। उपभोक्ता विश्वास खत्म हो गया है। आप दशकों तक एक-संतान नीति पर अमल करने वाले देश में 25 प्रतिशत से अधिक युवा बेरोजगारी देख रहे हैं। यह बहुत ही खराब आंकड़ा है।' कृष्णमूर्ति ने कहा, 'इससे खास तौर पर प्रांतीय और स्थानीय स्तर पर कर्ज बढ़ गया है? साथ ही लोगों की कुल संपत्ति में काफी गिरावट आई है। ऐसे में शी चिनफिंग देश को गंभीर आर्थिक संकट में घिरा पा रहे हैं।' उन्होंने कहा कि चिनफिंग के पास दो विकल्प हैं, 'या तो वह वर्तमान रुख पर कायम रहें जो आर्थिक आक्रामकता को बढ़ावा दे रहा है, पड़ोसियों के प्रति तकनीकी और सैन्य आक्रामकता को बढ़ावा दे रहा है।

## ऑफ बीट

# जैल मैनीक्योर व ऐक्रेलिक नाखून लगते हैं सुंदर



काइली जेनर और रिहाना से लेकर एरियाना ग्रांडे और कार्डी बी तक, मशहूर हस्तियां अपनी शैली की अभिव्यक्ति के रूप में लंबे, एक्रेलिक - अक्सर नेल आर्ट से अत्यधिक अलंकृत - नाखून रखती हैं। नेल फैशन अब एक उभरता हुआ उद्योग है जिसमें जैल मैनीक्योर और ऐक्रेलिक नाखून सबसे लोकप्रिय वर्तमान रुझानों में से एक हैं। जबकि मैनीक्योर खुद की देखभाल की तरह लग सकता है, वे स्वस्थ प्राकृतिक नाखूनों को बर्बाद कर सकते हैं - और इन्हें करवाने वाले लोगों के नाखूनो में अप्रत्याशित स्वास्थ्य समस्याएं भी पैदा कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, ऐक्रेलिक को प्राकृतिक नाखून से जोड़ने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला नेल गोंद आमतौर पर अल्कोहल, साइनोएक्रिलेट और फोटो-बॉन्ड मेथैक्रिलेट का मिश्रण होता है, जिसमें फॉर्मेल्डिहाइड सहित अन्य तत्व होते हैं, जो एक ज्ञात कैंसर कारक है। नाखून चिपकने वाले पदार्थों में मौजूद रसायन त्वचा में जलन और सूजन का कारण बन सकते हैं। नेल ग्लू के जलने की भी व्यापक रूप से सूचना मिलती है। कुछ मामलों में, कपड़ों पर गिरा हुआ नेल गोंद जलने से त्वचा को भी जला देता है, जिसमें बाद में संक्रमण हो सकता है।

# पश्चिम और उत्तर से लेकर दक्षिण तक झमाझम शुरू, पर असम में आफत

## उमस से राहत मिली, लेकिन मुंबई और केरल में परेशानी भी बढ़ी

### 8 राज्यों में मौसम विभाग का रेड ऑरेंज अलर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण पश्चिम मानसून सक्रिय हो गया है। पूरब से लेकर पश्चिम और उत्तर से लेकर दक्षिण तक देश के सभी क्षेत्रों में झमाझम बरसात हो रही है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाकों के साथ ही उत्तर भारत के ज्यादातर राज्यों में शनिवार को बारिश हुई। इससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली, लेकिन कई इलाकों में पानी भरने से दुश्वारियों का सामना भी करना पड़ा। मुंबई और सुदूर दक्षिण के राज्य केरल में बारिश कहर बरपा रही है।

मौसम विभाग ने रविवार को 8 राज्यों में भारी बारिश को लेकर रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड समेत सभी राज्यों और 4 केंद्रशासित प्रदेशों में 5 दिन तक अलग-अलग स्थानों पर भारी से लेकर बहुत भारी बारिश की संभावना है।



**हिमाचल में 12 सड़कें बंद, 17 तक राहत की संभावना नहीं**

हिमाचल प्रदेश में बारिश से जगह-जगह भूस्खलन हुआ और 12 सड़कों को बंद करना पड़ा। धर्मशाला, कांगड़ा, मनाली और शिमला समेत राज्य के कई हिस्सों में शुक्रवार की शाम से ही रुक-रुककर मूसलाधार बारिश होती रही। 16-17 जुलाई को राज्य के कई भागों में आंधी-तूफान और मूसलाधार बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

### मुंबई में भारी बारिश

भारी बारिश के चलते मुंबई के अंधेरी पूर्व इलाके में शनिवार को चाल का एक हिस्सा गिर गया। घर के अंदर 12 लोग सोए हुए थे, लेकिन जानमाल का नुकसान नहीं हुआ और सभी लोग सुरक्षित बच गए। चाल का निर्माण 1960 में हुआ था। मुंबई में बीते 24 घंटे में 61.69 एमएम वर्षा हुई है।

### इन राज्यों में 17 तक मूसलाधार बरसात



आईएमडी ने 5 दिन के दौरान उत्तराखंड के ज्यादातर क्षेत्रों में हल्की से तेज बारिश व बिजली गिरने की चेतावनी दी है। हिमाचल, उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान में अलग-अलग स्थानों पर छिटपुट वर्षा हो सकती है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और पश्चिम राजस्थान में भी बारिश की संभावना है। 16 जुलाई तक कोंकण और गोवा के साथ ही महाराष्ट्र के कई स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी दी है। कर्नाटक, तटीय आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, विहार, झारखंड में वर्षा होगी।

### असम में बाढ़ से 7 और लोगों की मौत

असम में बाढ़ की स्थिति में तेजी से सुधार हो रहा है, लेकिन अभी भी 20 जिलों में 8.4 लाख लोग पीड़ित हैं। पहले 30 जिलों में 24 लाख से अधिक लोग बाढ़ की चपेट में थे। राज्य में बाढ़ जनित घटनाओं में 7 और लोगों की जान चली गई है। इनमें से 5लोगों की मौत गोलपाड़ा जिले में उफनती नदी में नाव पलटने से हुई। राज्य में अब तक 90 लोगों की मौत हो चुकी है। बाढ़ प्रभावित जिलों में 316 राहत शिविरों और वितरण केंद्रों में 2.95 लाख से अधिक लोग शरण ले रहे हैं। काजीरंगा नेशनल पार्क में बाढ़ के चलते 180 जंगली जानवरों की मौत हो चुकी है, जिनमें 10 गैंडे भी शामिल हैं।

### उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड व कई राज्यों में होगी भारी वर्षा

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि 24 घंटे के दौरान पूर्वी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू, पूर्वी और पश्चिमी मध्य प्रदेश, बिहार, राजस्थान, अरुणाचल, उप- हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में भारी वर्षा हुई। इस दौरान छत्तीसगढ़, गुजरात क्षेत्र, तमिलनाडु और तटीय आंध्र प्रदेश में अत्यधिक वर्षा दर्ज की गई। वहीं, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल के गंगा किनारे वाले क्षेत्र, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम उत्तर प्रदेश में हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हुई।केरल के तीन जिलों कोझीकोड़, कन्नूर और कासरगोड़ में भारी बारिश को लेकर ऑरेंज और अन्य जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया था।

## खबर संक्षेप

### बिहार में दो गाड़ियों की टक्कर में 6 की मौत



**किशनगंज।** यहां एक सड़क हादसे में आधा दर्जन लोगों की मौत हो गई। घटना जिले के पौआखाली थाना क्षेत्र की है, जहां राष्ट्रीय उच्च पथ 327 ई पर पेटभरी चौक के समीप तेज रफ्तार स्कॉर्पियो और डंपर में टक्कर हो गया। इस घटना में स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए। स्थानीय लोगों के मुताबिक हादसे में 4 महिलाओं के साथ-साथ एक मासूम और स्कॉर्पियो चालक की मौत हो गई। इसमें कई लोगों के घायल होने की खबर है।

### अनंत की शादी के कार्ड पर मथुरा में विवाद



**मुंबई।** अनंत अंबानी की शादी के कार्ड को लेकर मथुरा में खींचतान शुरू हो गई है। गिरिराज मंदिर के सेवायत दीपचंद पुरोहित का आरोप है कि अनंत का कार्ड लेकर दानघाटी मंदिर आए व्यक्ति ने यहां कार्ड नहीं दिया। केवल ठाकुरजी के चरण स्पर्श कराए। फोटो खिंचवाया और कार्ड वापस ले गए। उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए था। उन्होंने इसकी शिकायत मंदिर कमेटी से की है। साथ ही अन्य ने भी आपत्ति उठाई है।

### आर्मस्ट्रॉन्ग की हत्या का आरोपी मुठभेड़ में मृत



**चेन्नई।** तमिलनाडु में बसपा के प्रदेश अध्यक्ष के. आर्मस्ट्रॉन्ग की हत्या मामले में नया पहलू सामने आया है। हत्या में शामिल एक आरोपी शनिवार शाम चेन्नई में पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। तिरुवेंगदम को आर्मस्ट्रॉन्ग की हत्या में इस्तेमाल हथियार बरामद करने के लिए घटनास्थल पर ले जाया गया था। उसने बरामद बंदूक से पुलिस पर गोली चलानी शुरू कर दी। इसके बाद बचाव में पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की।

महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना का दावा

## 'गद्दारों' की पहचान कर ली, अब ऐसी सजा देंगे कोई हिम्मत न करे

### महाराष्ट्र एमलएलसी चुनाव में क्रॉस वोटिंग





एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने 11 विधान परिषद सीटों के लिए हुए चुनाव में क्रॉस वोटिंग को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने बताया कि पार्टी के गद्दारों की पहचान कर ली गई है और उन्हें दंडित किया जाएगा। पटोले ने दावा किया कि इन्हीं 'गद्दारों' ने दो साल पहले परिषद चुनावों में कांग्रेस नेता चंद्रकांत हंडोरे की हार सुनिश्चित की थी।पटोले ने यहां पत्रकारों से कहा कि इस बार जाल बिछाया गया और उनकी पहचान कर ली गई है। उन्हें दंडित किया जाएगा ताकि कोई फिर से पार्टी को धोखा देने की हिम्मत न कर सके। पटोले ने किसी का नाम लिए बिना यहां पत्रकारों से कहा कि इस बार एक जाल बिछाया गया और उनकी पहचान कर ली गई है। उन्हें सजा दी जाएगी।

### कांग्रेस ने क्रास वोटिंग मानी दंडित किया जाएगा : राउत

शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने रविवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि कांग्रेस ने स्वीकार किया है कि क्रॉस वोटिंग हुई थी और वे उसी के अनुसार कार्रवाई करेंगे। राउत ने आरोप लगाया कि 'केंद्र सरकार आपातकाल लागू होने को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने जा रही है। क्या अयोग्यता का सामना कर रहे विधायकों द्वारा एमएलसी का चुनाव करवाना असंवैधानिक नहीं है? क्या विधायकों को रिश्वत देकर खरीदना असंवैधानिक नहीं है? भाजपा संविधान की असली हत्यारी है।

### 11 सीटों पर हुए थे चुनाव

उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना (यूबीटी) और शरद पवार की एनसीपी (एसपी) ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के नेतृत्व वाली पार्टियों के विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग करते हुए अदालत का रुख किया था। राज्य में सत्तारूढ़ 'महायुति' ने शुक्रवार को विधान परिषद की 11 सीटों के लिए हुए द्विवार्षिक चुनावों में सभी 9 सीटों पर जीत हासिल की थी।

4 उपचुनावों में 2 लाख से अधिक हिंदुओं को वोटिंग नहीं करने दी

## बंगाल में मर गया लोकतंत्र, लोस चुनाव में 50 लाख हिंदुओं को वोट देने से रोका

- बंगाल के नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु का राज्य की ममता सरकार पर बड़ा आरोप
- सुवेंदु अधिकारी ने एक जन आंदोलन भी शुरू किया, साथ ही प्रदर्शन किया

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की 4 विधानसभा सीटों में हुए उपचुनाव में तृणमूल कांग्रेस पार्टी ने जीत दर्ज की है। इसके पहले लोकसभा चुनाव में भी टीएमसी ने 29 सीटों पर जीत दर्ज की थी। राज्य में चुनाव के बाद हुई हिंसा पर पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने ममता सरकार पर निशाना साधा है। सुवेंदु अधिकारि ने कहा, बंगाल में लोकतंत्र मर चुका है। हमने आज एक जन आंदोलन शुरू किया है।

लोकसभा चुनाव में 50 लाख हिंदुओं को वोट नहीं देने दिया गया। राज्य में हुए 4 उपचुनावों में 2 लाख से ज्यादा हिंदुओं को वोट नहीं देने दिया गया। बंगाल में चुनाव के बाद जगह-जगह हुई हिंसा के विरोध में भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने रविवार को राजभवन के बाहर धरना दिया। इस दौरान पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने टीएमसी पर तमाम आरोप लगाए।



### राजभवन के बाहर दिया धरना 300 कार्यकर्ता भी रहे मौजूद

प्रदर्शन में अधिकारी समेत तापस रॉय, रुद्रनील घोष और अन्य ने भगवा पार्टी के 300 कार्यकर्ता मौजूद रहे। सुवेंदु अधिकारी ने उच्च न्यायालय में तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर चुनाव के बाद हिंसा का आरोप लगाया था। उन्होंने अदालत से निवेदन किया था कि हिंसा के विरोध में राजभवन के बाहर धरना देने की अनुमति दी जाए। अधिकारी ने यह भी कहा था कि उसी जगह पर धरना देने की अनुमति दी जाए जहां, तृणमूल कांग्रेस ने अक्तूबर 2023 में प्रदर्शन किया था।

### लोगों के लिए पोर्टल भी शुरू किया

सुवेंदु ने कहा कि बंगाल में लोकतंत्र मर चुका है। हमने एक जन आंदोलन शुरू किया है। हम एक पोर्टल शुरू कर रहे हैं। जिनको वोट नहीं डालने दिया गया वे लोग पोर्टल पर पंजीकरण करा सकते हैं। उनकी पूरी गोपनीयता सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही कानूनी लड़ाई भी लड़ी जाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि मैं कानूनी लड़ाई भी जल्द शुरू करूंगा।

### कलकत्ता हाई कोर्ट का किया था रुख



कलकत्ता हाई कोर्ट ने भाजपा को 14 जुलाई को सुबह 10 बजे से चार घंटे के लिए राजभवन के बाहर धरना देने की अनुमति दी थी। अधिकारी ने राजभवन के बाहर विरोध प्रदर्शन करने की अनुमति मांगते हुए कलकत्ता हाई कोर्ट का रुख किया था। सुवेंदु अधिकारी ने कहा था कि तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बेनर्जी ने पिछले साल पांच अक्टूबर को इसी स्थान पर इसी तरह का विरोध प्रदर्शन किया था।

### धरना प्रदर्शन शांतिपूर्ण हो: हाईकोर्ट

इस पर हाईकोर्ट की न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने भाजपा नेता को 14 जुलाई को चार घंटे के लिए धरना देने की अनुमति दी थी। अदालत ने यह निर्देश भी दिया था कि धरना प्रदर्शन में 300 से अधिक लोगों को शामिल न किया जाए। उच्च न्यायालय ने यह भी कहा था कि धरना प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से होना चाहिए। कोई भी व्यक्ति हथियार के साथ नहीं पहुंचेगा। साथ ही ऐसा कोई भाषण नहीं दिया जाएगा, जिसे सुनकर लोगों में आक्रोश पैदा हो।

संसद का बजट सत्र

## संसद में इंश्योरेंस अमेंडमेंट बिल पेश होने की चर्चा, बदलेंगे नियम



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार 2047 तक सभी के लिए बीमा के लक्ष्य को हासिल करने के लिए आगामी बजट सत्र के दौरान बीमा अधिनियम, 1938 में संशोधन करने वाला विधेयक पेश कर सकती है। संशोधन विधेयक में शामिल किए जा सकने वाले कुछ प्रावधानों में समग्र लाइसेंस, अंतर पूंजी, सॉल्वेंसी मानदंडों में राहत, कैप्टिव लाइसेंस जारी करना, निवेश नियमों में बदलाव, मध्यवर्तियों के लिए एकमुश्त पंजीकरण और बीमा कंपनियों को अन्य वित्तीय उत्पाद वितरित करने की अनुमति देना शामिल हैं। इंश्योरेंस कंपनियों के प्रवेश की अनुमति दी जा सकती है। बैंकिंग सेक्टर को यूनिवर्सल बैंक, स्मॉल फाइनेंस बैंक और पेमेंट बैंक के रूप में वर्गीकृत किया गया है। लाइसेंस के प्रावधान से लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों को जनरल इंश्योरेंस पॉलिसीज को अंडरराइट करने की अनुमति मिलेगी।

मणिपुर में फिर हिंसा

## सीआरपीएफ और पुलिस काफिले पर हमला,1 जवान शहीद और 3 घायल

एजेंसी ▶▶ इंफाल

मणिपुर में एक मामला सामने आया है। मणिपुर के जीरीबाम में अज्ञात हथियारबंद बदमाशों ने 14 जुलाई को सीआरपीएफ और राज्य पुलिस की संयुक्त टीम पर हमला किया। यह अटैक बदमाशों ने सीआरपीएफ जवानों पर घात लगाकर किया। इस हमले में एक सीआरपीएफ जवान शहीद भी हो गया है। बदमाशों ने यह हमला सीआरपीएफ जवानों पर रविवार सुबह करीब 9 बजकर 40 मिनट पर किया। 20 बटालियन सीआरपीएफ और जीरीबाम की जिला पुलिस की संयुक्त टीम एक साथ ऑपरेशन में जुटी हुई थी। इसी दौरान संयुक्त टीम पर घात लगाकर बदमाशों ने अटैक कर दिया, साथ ही यह सूचना भी दी जा रही है कि हमले के चलते करीब तीन जवान घायल भी हो गए हैं।



## छत्तीसगढ़ में कंवर आदिवासी नेताओं को सौंपी जाए पीसीसी की कमान

### मोइली समिति की रिपोर्ट शीर्ष नेतृत्व को सौंपी गई

### बजट सत्र के बाद प्रदेश अध्यक्षों को बदलने की तैयारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राहुल गांधी के स्वदेश वापसी के बाद संसद का बजट सत्र शुरू होना है, इसीलिए बतौर विपक्ष के नेता वे विधायी कार्यों को अंजाम देने में जुटेंगे। सांगठनिक बैठकों का सिलसिला बजट सत्र के बाद शुरू होना है। लोकसभा में कांग्रेस पार्टी की हार की समीक्षा के लिए बनाई गई तमाम कमेटियों ने अपनी रिपोर्ट पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को सौंप दी है। उसमें छत्तीसगढ़, मप्र समेत आधा दर्जन राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष को बदले जाने की सिफारिश की गई है। पहली बार होगा कि प्रदेश अध्यक्ष के साथ समूचे पीसीसी के ओवरहॉलिंग की अनुशंसा भी गई है।

छत्तीसगढ लोकसभा चुनाव में हुई हार की मीमांसा के लिए वीरप्पा मोइली की अध्यक्षता वाली दो सदस्यीय समिति ने इस बार गोंड आदिवासी की बजाय कंवर आदिवासी समुदाय से पीसीसी अध्यक्ष बनाए जाने की अनुशंसा की है। ऐसी अनुशंसा आमतौर पर नहीं की जाती। केवल प्रदेश अध्यक्ष बदले जाने की बात ही होती है, लेकिन मोइली ने वरिष्ठता के आधार शीर्ष नेतृत्व को अतिरिक्त सुझाव दिया है। सूत्रों ने बताया कि मोइली ने इस बात का खास जिक्र किया है कि गोंड समुदाय के आदिवासियों की बहुतायत संख्या को कांग्रेस पार्टी ने बार बार नेतृत्व दिया मगर सफलता अपेक्षाकृत कम मिली। पहले कांकेर जिला से मोहन मरकाम प्रदेश अध्यक्ष थे। उन्हें हटाया गया तो बस्तर के दीपक बैज को कमान दिया गया। दोनों ही प्रयोग असफल रहा। असफल रहने के भी तमाम कारण मोइली ने बैठकों के आधार पर गिनाये हैं। सूत्रों ने बताया कि मोइली समिति ने इस बात की सिफारिश की है कि कंवर आदिवासियों को आखिर भाजपा ने क्यों आगे बढाया जब कि उन्हें भी पता था कि कंवर की संख्या गोंड आदिवासी से कम है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रहे नंद कुमार साय रहे हों या फिर कद्दावर नेता ननकीराम कंवर हों, वर्तमान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय हों या फिर अन्य प्रमुख नेताओं की कतार हो। ज्यादातर कंवर आदिवासी रहे। वीरप्पा मोइली ने सीट वार लोकसभा हार का ब्यौरा तो दिया है मगर उनका ज्यादा जोर लुंजपुंज रहे सांगठनिक आकार प्रकार को लेकर ही है। माना जा रहा है कि संसद के बजट सत्र के बाद तमाम प्रदेश अध्यक्षों को बदलने पर अंतिम निर्णय किया जाएगा।

भाजपा की उत्तर प्रदेश की कार्य समिति की बैठक में कई प्रस्ताव पास

## सरकार ने जाति और मजहब से ऊपर उठकर काम किया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ लखनऊ

यहां राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय सभागार में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में चुनाव के नतीजों, आगामी उपचुनाव और विधानसभा चुनाव पर चर्चा हुई। राजनीतिक प्रस्ताव भी पेश किया गया। प्रस्ताव को प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता ने पेश किया। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव ने कहा दूसरे दल में आपकी जाति का नेता है तो उनके चक्कर में न पड़ें।

योगी ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

### वोटों की शिफ्टिंग और अति आत्मविश्वास का चुनाव परिणाम पर रहा असर

सीएम योगी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में यूपी में जो भी परिणाम आए हैं उसे लेकर कार्यकर्ताओं को किसी भी स्थिति में बैकफुट पर आने की जरूरत नहीं है। 2024 में भी सभी कार्यकर्ताओं के प्रयास से उतना मत प्रतिशत पाने में भाजपा सफल रही। लेकिन वोटों की शिफ्टिंग और इस अति आत्मविश्वास में हम तो जीत रहे हैं, कहीं न कहीं खामियाजा भुगताना पड़ता है।

**मुहर्रम में सड़कें खाली हो जाया करती थीं:** योगी ने कहा कि याद कीजिए मुहर्रम के समय में सड़कें खाली हो जाया करती थीं। आज मुहर्रम आयोजित हो रहा है इसका पता भी नहीं लग रहा। ताजिया के नाम पर घर तोड़े जाते थे, पीपल के पेड़ काटे जाते थे›आज कहा जाता है किसी गरीब की झोपड़ी नहीं हटेगी।

**यूपी को माफिया से मुक्त किया**

योगी ने कहा आप सबके सहयोग से हमने यूपी को माफिया से मुक्त किया है। यूपी में आज सुरक्षा का माहौल है। अब कोई मनमानी नहीं चलती है।




### कांग्रेस का 13 राज्यों में खाता नहीं खुला: नड्डा

अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि हमें जनता ने फिर से समर्थन दिया है ताकि हम विकसित भारत बना सकें। उन्होंने कहा कि भाजपा भविष्य की पार्टी है। भाजपा सबका साथ सबका विकास के मंत्र के साथ चल रही है। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस बहुत उत्साह में है लेकिन याद रखे कि 13 राज्यों में उनका खाता नहीं खुला।

**जाति- मजहब से ऊपर उठकर किया काम:** योगी ने कहा कि हमने जाति और मजहब के नाम पर कभी कोई भेदभाव नहीं किया। सभी लाभ ले रहे।

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल बोले

## वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत के निर्यात में 5 फीसदी की वृद्धि

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत ने अप्रैल-मई में निर्यात क्षेत्र में बड़ी छलांग लगाई है। इस अवधि में पांच फीसदी का इजाफा हुआ है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत के निर्यात में अच्छी बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि अप्रैल-मई के बाद जून में भी निर्यात के आंकड़े सकारात्मक रहे हैं। सबसे ज्यादा सर्विस सेक्टर में इजाफा हुआ है। गोयल ने कहा कि रूस-यूक्रेन, इजराइल-हमास युद्ध, लाल सागर संकट और कंटेनर की कमी के बीच भारत का निर्यात सकारात्मक रहा। इसमें सर्विस सेक्टर एक्सपोर्ट में अधिक वृद्धि हुई है। गोयल ने कहा कि मई के बाद भी जून का आंकड़ा बेहद अच्छा है।

## खबर संक्षेप

### पूंजीकरण में टीसीएस रही सबसे आगे

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,72,225.62 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। सबसे अधिक लाभ में सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 522.74 अंक या 0.65 प्रतिशत के लाभ में रहा। सेंसेक्स शुक्रवार को 622 अंक या 0.78 प्रतिशत उछलकर 80,519.34 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ था।

### इरेडा के शुद्ध लाभ में 30 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (इरेडा) का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में 30 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 383.69 करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले की समान तिमाही में उसे 294.58 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। जून में बढ़कर 1,501.71 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 1,143.50 करोड़ रुपये थी।

### एचसीएल टेक का लाभ बढ़कर 4,257 करोड़

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में 20.4 प्रतिशत बढ़कर 4,257 करोड़ रुपये रहा। 2024-25 के लिए राजस्व में तीन से पांच प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान जताया है। अधिकारियों ने आने वाली तिमाहियों में अच्छी वृद्धि हासिल करने का भरोसा जताया।

मेरा किया जो काटे उसे इनाम
सभी समस्याओं का समाधान
गुरू शान भारती
स्पेशलिस्ट : मनचाहा वशीकरण, नौकरी, कारोबार, गृहक्लेश, प्रेमविवाह, संतान प्राप्ति, शादी, तलाक, किया-कराया, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, मुकदमा, कैरियर, विदेश यात्रा आदि ।
यदि आपका ज्योतिष, पंडित या तांत्रिक से विश्वास उठ गया हो तो एक बार अवश्य फोन करें।
9821413060

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# एचडीएफसी बैंक बना दुनिया का 10वां सबसे बड़ा बैंक, एसबीआई ने मारी छलांग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अभी कुछ सालों पहले ही भारी भरकम एनपीए से जूझ रहे भारतीय बैंक अब दुनिया के दिग्गज बैंकों को टक्कर दे रहे हैं। प्राइवेट सेक्टर के एचडीएफसी बैंक की मार्केट वैल्यू साल 2024 की दूसरी तिमाही के अंत तक 17 फीसदी बढ़ गई है। बैंक का मार्केट कैप भी 154.4 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर चुका है। इसके साथ ही एचडीएफसी बैंक दुनिया का 10वां सबसे बड़ा बैंक बन गया है। एचडीएफसी के अलावा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और आईसीआईसीआई बैंक भी दुनियाभर के बैंकों को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। ग्लोबल डेटा के आंकड़ों के अनुसार, एचडीएफसी, एसबीआई और आईसीआईसीआई बैंक भारत के तीन सबसे ज्यादा लोन बांटने वाले बैंक हैं।

- बैंक का मार्केट कैप भी बढ़कर 154.4 अरब डॉलर का आंकड़ा पार कर चुका

## निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक की मार्केट वैल्यू 17 फीसदी बढ़ी

### एचडीएफसी ग्लोबल रैंकिंग में 10वें स्थान पर

इन तीनों ही बैंकों की मार्केट कैप में जून में समाप्ति हुई तिमाही में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसके चलते ग्लोबल रैंकिंग में भी यह तीनों बैंक लगातार ऊपर गए हैं। एचडीएफसी बैंक रैंकिंग में 3 नंबर ऊपर जाकर 10वें स्थान पर पहुंच गया है। ग्लोबल डेटा के अनुसार, मजबूत तिमाही नतीजों, निवेशकों का पॉजिटिव रुख और बैंक के भविष्य को लेकर बढ़ रही उम्मीद के चलते यह उछाल आ रहा है। एचडीएफसी बैंक के तिमाही नतीजे 20 जुलाई को आने वाले हैं।







*आईसीआईसीआई बैंक का 18वें नंबर पर कब्जा :* रिपोर्ट के अनुसार, साल 2024 की पहली तिमाही के अंत में रॉयल बैंक ऑफ कनाडा 10वें स्थान पर था। उधर, आईसीआईसीआई बैंक की मार्केट वैल्यू भी जून तिमाही के अंत में 11.5 फीसदी बढ़कर 102.7 अरब डॉलर हो चुकी है। इसके साथ ही यह टॉप 25 ग्लोबल बैंकों में 18वें नंबर पर आ गया है। टीडी बैंक मार्च तिमाही में 18वें स्थान पर था। आईसीआईसीआई बैंक के तिमाही नतीजे 27 जुलाई को आने वाले हैं।

### रैंकिंग में 21वें स्थान पर आ गया एसबीआई

देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई का मार्केट कैप भी 11.9 फीसदी बढ़कर 90.1 अरब डॉलर हो चुका है। यह ग्लोबल रैंकिंग में 21वें स्थान पर आ गया है। मार्च तिमाही में यह स्पॉट अल राझी बैंकिंग एंड इनवेस्टमेंट के पास था। जून तिमाही के अंत में टॉप 25 बैंकों की मार्केट कैप में 5.4 फीसदी का उछाल आया और यह 4.11 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े पर पहुंच गई है। चाइना कंस्ट्रक्शन बैंक और जेपी मॉर्गन चेस ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। जेपी मॉर्गन चेस अभी भी दुनिया का सबसे मूल्यवान बैंक बना हुआ है।

## केन्द्रीय ग्रह मंत्रालय ने साइबर अपराध को लेकर किया अगाह

# सरकारी कार्यालय से संदिग्ध ई-नोटिस मिलने पर सतर्क रहें, परमाणिकता जांचे

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्रालय की साइबर अपराध इकाई ने रविवार को कहा कि ईमेल पर किसी सरकारी कार्यालय से संदिग्ध ई-नोटिस मिलने पर लोगों को इसमें लिखे अधिकारी के नाम की प्रामाणिकता की इंटरनेट पर जांच करनी चाहिए और संबंधित विभाग को फोन करना चाहिए। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (14सी) ने एक सार्वजनिक विज्ञापन में कहा कि उपयोगकर्ताओं को किसी सरकारी ई-नोटिस की आड़ में भेजे गए ''फर्जी ईमेल'' को लेकर सतर्क रहना चाहिए। विज्ञापन में आगाह किया गया है कि यह कोई ठग हो सकता है जो लोगों को ''साइबर धोखाधड़ी का शिकार'' बना सकता है। I4सी ने ऐसे ईमेल पर क्लिक करने या उनका जवाब देने से पहले जवाबी उपाय सुझाए हैं : यह जांच करें कि क्या ईमेल किसी प्रामाणिक सरकारी वेबसाइट से आया है जिसके अंत में ''जीओवी डॉट इन'' है, ईमेल में नामित अधिकारियों के संबंध में इंटरनेट पर जानकारी खंगाले और प्राप्त ईमेल को सत्यापित करने के लिए उल्लिखित विभाग को फोन करें। दिल्ली पुलिस साइबर अपराध और आर्थिक अपराध, सीईआईबी, खुफिया ब्यूरो और दिल्ली के साइबर प्रकोष्ठ के नाम, हस्ताक्षर, टिकट और 'लोगो' वाले धोखाधड़ी के ईमेल के बारे में परामर्श जारी किया।



### ये आरोप लगाए

चार जुलाई को जारी परामर्श के अनुसार, इन ईमेल के साथ संलग्न पत्र में ईमेल प्राप्तकर्ताओं के खिलाफ बाल पोर्नोग्राफी, बाल यौन शोषण, साइबर पोर्नोग्राफी, अश्लीलता के आरोप लगाए जाते हैं। इसमें कहा गया है कि ठग ऐसे फर्जी ईमेल भेजने के लिए अलग-अलग ईमेल पते का इस्तेमाल करते हैं। इसमें कहा गया है, ''ऐसे किसी भी ईमेल के प्राप्तकर्ता को इस धोखाधड़ी के प्रयास के बारे में पता होना चाहिए।

### *2030 तक खुदरा डिजिटल भुगतान दोगुना होकर 7,000 अरब डॉलर होगा*

डिजिटल भुगतान तेजी से बढ़ रहा है, ऐसे में भारत में खुदरा डिजिटल भुगतान 2030 तक मौजूदा स्तर से दोगुना होकर 7,000 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। कीर्ने और अमेजन पे ने अपने एक अध्ययन में यह बात कही है। रिपोर्ट 'शहरी भारतीय कैसे भुगतान करते हैं' में कीर्ने और अमेजन पे ने कहा कि ऑनलाइन खरीद में डिजिटल भुगतान को मजबूती से अपनाने से उपभोक्ता व्यवहार में स्थायी बदलाव आने की संभावना है, जिससे ऑफलाइन खरीद को भी बढ़ावा मिलेगा। सर्वेक्षण में शामिल 90 प्रतिशत लोगों ने ऑनलाइन खरीदारी करते समय डिजिटल भुगतान को प्राथमिकता दी, लेकिन सबसे अधिक डिजिटल भुगतान उपयोग (डीडीपीयू) के साथ संपन्न उपभोक्ता आगे रहे।

### बजट सत्र में पेश हो सकता है बीमा कानून संशोधन विधेयक

सरकार '2047 तक सभी के लिए बीमा' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए आगामी बजट सत्र के दौरान बीमा अधिनियम, 1938 में संशोधन करने वाला विधेयक पेश कर सकती है। सूत्रों ने बताया कि संशोधन विधेयक में शामिल किए जा सकने वाले कुछ प्रावधानों में समग्र लाइसेंस, अंतर पूंजी, सॉल्वेंसी मानदंडों में राहत, कैप्टिव लाइसेंस जारी करना, निवेश नियमों में बदलाव, मध्यवर्तियों के लिए एकमुश्त पंजीकरण और बीमा कंपनियों को अन्य वित्तीय उत्पाद वितरित करने की अनुमति देना शामिल हैं। इस कदम से बैंकिंग क्षेत्र की तरह विभेदित बीमा कंपनियों के प्रवेश की अनुमति दी जा सकती है। बैंकिंग क्षेत्र को इस समय सार्वभौमिक बैंक, लघु वित्त बैंक और भुगतान बैंक के रूप में वर्गीकृत किया गया है। समग्र लाइसेंस के प्रावधान से जीवन बीमा कंपनियों को स्वास्थ्य बीमा या सामान्य बीमा पॉलिसियों को 'अंडरराइट' करने की अनुमति मिलेगी। बीमा अधिनियम, 1938 के प्रावधानों के अनुसार, जीवन बीमा कंपनियां केवल जीवन बीमा कवर ही दे सकती हैं, जबकि साधारण बीमा कंपनियां स्वास्थ्य, मोटर, आग लगने जैसे गैर-बीमा उत्पाद दे सकती हैं।

# थोक पैकिंग पर अनिवार्य लेबलिंग का प्रस्ताव रखा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने रविवार को विधिक माप विज्ञान (पैकेज्ड कमोडिटीज) नियम, 2011 में संशोधन का प्रस्ताव रखा है। इसमें खुदरा बाजार में बेची जाने वाली 25 किलोग्राम से अधिक वजन या 25 लीटर से अधिक माप वाली पैक की गई वस्तुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी की घोषणा को अनिवार्य करने का प्रस्ताव है। इस कदम का उद्देश्य उस खामी को दूर करना है, जिसके तहत वर्तमान में ऐसी थोक पैकिंग पर अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी), समाप्ति तिथि, निर्माता की जानकारी और मूल देश जैसी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदर्शित करने से छूट दी जाती है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'देखा गया है कि 25 किलोग्राम से अधिक वजन वाली पैकेज्ड वस्तुएं भी खुदरा बिक्री के लिए बाजार में उपलब्ध हैं।'

- सरकार ने जनता से मांगी राय
- 25 किलो से अधिक वस्तु पैक पर लैबलिंग अनिवार्य

### 29 जुलाई तक टिप्पणियां आमंत्रित

इससे उद्योग जगत में स्पष्टता आने और उपभोक्ताओं को सूचित विकल्प चुनने में सहायता मिलने की उम्मीद है। मंत्रालय ने प्रस्ताव पर 29 जुलाई तक सार्वजनिक टिप्पणियां आमंत्रित की हैं। यदि नए नियम लागू किए जाते हैं, तो वे औद्योगिक या संस्थागत उपभोक्ताओं के लिए पैकेज्ड वस्तुओं पर लागू नहीं होंगे।

## मैक्रोटेक ने जून तिमाही में मुंबई, पुणे में खरीदी जमीन




**नई दिल्ली।** घरों की मजबूत मांग को देखते हुए रियल्टी कंपनी मैक्रोटेक डेवलपर्स ने अप्रैल-जून तिमाही के दौरान मुंबई क्षेत्र और पुणे में 11,000 करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री क्षमता वाली परियोजनाओं को विकसित करने के लिए तीन जमीन के टुकड़े (भूखंड) का अधिग्रहण किया है।लोढ़ा ब्रांड के तहत अपनी संपत्तियों का विपणन करने वाली मुंबई स्थित मैक्रोटेक डेवलपर्स दो तरीकों- प्रत्यक्ष खरीद और भूस्वामियों के साथ साझेदारी से भूमि अधिग्रहण कर रही है। 'हमने एमएमआर और पुणे में तीन परियोजनाएं जोड़ी हैं, जिनका जीडीवी 11,100 करोड़ रुपये है, जो पूरे वर्ष के लक्ष्य 21,000 करोड़ रुपये का 50 प्रतिशत से अधिक है।'नहीं किया है कि उसने सीधे तौर पर जमीन खरीदी है या भूस्वामियों के साथ संयुक्त विकास समझौता (जेडीए) किया है।

## सरकार एमटीएनएल के बांड ब्याज का भुगतान करेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) के बांड बकाया का भुगतान करेगी। दूरसंचार विभाग के एक सूत्र ने भरोसा दिया कि कोई चूक नहीं होगी, और यह राशि 20 जुलाई की तय तारीख से पहले चुका दी जाएगी।

यह कदम इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे एमटीएनएल के सामने खड़ा संकट टल जाएगा। कंपनी ने बढ़ते वित्तीय संकट के बीच इस सप्ताह शेयर बाजार को बताया था कि वह अपर्याप्त कोष के कारण कुछ बॉन्डधारकों को ब्याज का भुगतान करने में असमर्थ है। यह ब्याज 20 जुलाई, 2024 को देय है।

*एस्क्रो खाते में पर्याप्त राशि नहीं : एमटीएनएल, दूरसंचार विभाग और बीकन ट्रस्टीशिप लिमिटेड के बीच हस्ताक्षरित त्रिपक्षीय समझौते (टीपीए) के अनुसार, एमटीएनएल को देय तिथि से 10 दिन पहले एस्क्रो खाते में पर्याप्त राशि के साथ अर्धवार्षिक ब्याज का भुगतान करना होगा। एमटीएनएल ने कहा कि टीपीए के प्रावधानों के मद्देनजर, यह सूचित किया जाता है कि अपर्याप्त कोष के कारण, एमटीएनएल एस्क्रो खाते में पर्याप्त राशि जमा नहीं कर सकी है।*

## देश से वाहनों का निर्यात पहली तिमाही में बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश से वाहनों का निर्यात चालू वित्त वर्ष की जून में समाप्त पहली तिमाही में सालाना आधार पर 15.5 प्रतिशत बढ़ा है। तिपहिया को छोड़कर सभी अन्य वाहनों का निर्यात बढ़ा है। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली अप्रैल-जून की तिमाही में कुल वाहन निर्यात 11,92,577 इकाई रहा, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 10,32,449 इकाई के आंकड़े से 15.5 प्रतिशत अधिक है। पहली तिमाही में यात्री वाहनों का निर्यात 19 प्रतिशत बढ़कर 1,80,483 इकाई रहा।

## राशिफल

**मेष** — कारोबार में लाभ में वृद्धि होगी। संयत रहें। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। स्वभाव में चिड़चिड़ापन भी हो सकता है।

**वृष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**मिथुन** — संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। मन परेशान हो सकता है।

**कर्क** — आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कला या संगीत में रुचि हो सकती है। व्यर्थ के ववादों से दूर रहने का प्रयास करें।

**सिंह** — क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कार आदि कार्यों में सफलता मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**कन्या** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से धनार्जन के साथ बन सकते हैं।

**वृश्चिक** — भागदौड़ अधिक रहेगी। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**धनु** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। पिता का साथ मिलेगा। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। सुस्वादु खानपान के प्रति रुझान बढ़ेगा। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकते हैं। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। आशा-निराशा के मिश्रित भाव रहेंगे।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है।

## इंडियनऑयल ने पारादीप रिफाइनरी से मद्रास इंटरनेशनल सर्किट, चेन्नई तक पहली डिलीवरी के साथ STORM-X रेसिंग फ्यूल लॉन्च किया

**न्यू दिल्ली।** इंडियनऑयल ने गर्व के साथ STORM-X के पहले प्रेषण की घोषणा की, जो विशेष रूप से रेसिंग कारों के लिए तैयार किया गया एक उच्च-ऑक्टेन गैसोलीन है। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को वस्तुतः श्री वी.सतीश कुमार, निदेशक (विपणन) द्वारा, श्री एन. सेंथिल कुमार, निदेशक (पाइपलाइन्स) और श्री आलोक शर्मा, निदेशक (आरएंडडी) की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इंडियनऑयल ने हाल ही में देश भर में और अंतरराष्ट्रीय सर्किट में टॉप-एंड मोटर रेसिंग इवेंट के लिए प्रीमियम रेसिंग ईंधन लॉन्च किया है। इंडियन ऑयल के अध्यक्ष श्री श्रीकांत माधव वैद्य द्वारा विचार और प्रेरित होकर, प्रीमियम रेसिंग ईंधन की शुरूआत इंडियन ऑयल के नवाचार और उत्कृष्टता के निरंतर प्रयास का प्रतीक है। यह प्रीमियम रेस ईंधन इंडियनऑयल अनुसंधान एवं विकास केंद्र, फ़रीदाबाद द्वारा विकसित किया गया था, और अत्याधुनिक पारादीप रिफाइनरी में उत्पादित किया गया था। यह उच्च-ऑक्टेन रेटिंग वाले गैसोलीन स्ट्रीम को उन्नत टिकाऊ घटकों के साथ मिश्रित करता है, जिसमें पानीपत रिफाइनरी से 2जी इथेनॉल भी शामिल है। ब्यूरो वेरिटास, दुबई द्वारा प्रमाणित, ईंधन एफआईए (फेडरेशन इंटरनेशनेल डी ल'ऑटोमोबाइल) 2024 विनिर्देशों को पूरा करता है। इंडियनऑयल ने 2024 सीज़न में मद्रास इंटरनेशनल सर्किट में इंडियन नेशनल रेसिंग चैंपियनशिप के तीसरे और चौथे राउंड के लिए STORM-X की आपूर्ति के लिए मद्रास मोटर स्पोर्ट्स क्लब के साथ साझेदारी की है। लॉन्च समारोह में तीसरे दौर के लिए STORM-X के कुल 55 बैरल भेजे गए। अपनी उन्नत तकनीकी क्षमताओं के लिए जानी जाने वाली पारादीप रिफाइनरी ने इस प्रीमियम रेस ईंधन के विकास और उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नवाचार, स्थिरता और ग्राहक संतुष्टि के प्रति इंडियनऑयल की प्रतिबद्धता भारत की वृद्धि और विकास को आगे बढ़ा रही है।

## टाटा-बीएसएनएल की डील से कटेगा जियो-एयरटेल का पत्ता


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्राइवेट टेलीकॉम कंपनियों एयरटेल और जियो के रिचार्ज प्लान में बढ़ोतरी के बाद लोग बीएसएनएल की ओर बढ़ने लगे हैं। इतना ही नहीं एयरटेल और जियो यूजर्स तेजी से बीएसएनएल में अपना मोबाइल नंबर पोर्ट करा रहे हैं। साथ ही इसको लेकर सोशल मीडिया पर भी खूब ट्रेंड्स चलाए जा रहे हैं। वहीं खबर यह भी है कि टाटा कंसल्टेसी सर्विस और बीएसएनएल के बीच 15 हजार करोड़ रुपए की डील हुई है। टीसीएस और बीएसएनएल मिलकर भारत के 1000 गांव तक 4जी इंटरनेट सर्विस को रोलआउट करेंगी, जिससे आने वाले दिनों में लोगों को फास्ट स्पीड इंटरनेट सर्विस मिलेगी। मौजूदा समय की बात करें तो अभी 4जी इंटरनेट सर्विस में जियो और एयरटेल का दबदबा बना हुआ है, लेकिन अगर बीएसएनएल मजबूत हो गया तो ये जियो और एयरटेल की टेंशन बढ़ा सकता है। टाटा भारत के करीब चार रीजन में डेटा सेंटर बना रहा है, जो कि भारत के 4जी इंफ्रॉस्ट्राक्चर को बनाने में मदद करेगा। बीएसएनएल की ओर से देशभर में 9000 से ज्यादा 4जी नेटवर्क को लगाया गया है, जिसे एक लाख करने का लक्ष्य है।

- दोनों के बीच हुई 15 हजार करोड़ रुपए की डील




## शब्द पहेली - 5572




**बाएँ से दाएँ**
1.सहयोग की भावना-5
4.अकस्मात,एकाएक-4
7.पराजय-2
8.नाव चलाने वाला-3
9.भीगा हुआ-2
10.अनुवाद-4
11.बेल-2
13.योग्य,सही-3
14.घोड़ा गाड़ी-2
15.काव्य,गजल-3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान-2
19.नामकरण-2,3
22.राजा का महल-5
25.प्रेम,ममता-2
26.कपड़े की दीवार-3
28.रास्ता,मार्ग-2
29.सिर,खोपड़ी-3
30.माप-2
32.गुस्सा करना-4
34.व्यंग,चुटीली बात-2
36.नायक,नेता-3
37.एक आंख वाला-2
38.रचनाकार-4
39.कृष्ण का एक नाम-3,2

**ऊपर से नीचे**
1.महोदय (अंग्रेजी-2)
2.डरपोक,भीरू-3
3.व्यंग कसना -5
4.बुद्धि-3
5.झुका हुआ-2
6.कर देने वाला-4
7.चोरी करना,छीनना (मु.-2,3)
10.तहखाना-4
12.एकटक देखना-2
16.वियोग,जुदाई-3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म-2
18.खुजली-2
20.घोटना,मंथन करना-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.रास्ता-2
23.सुगंधित होना-4
24.बिजली का कौंधना-5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू-5)
26.भगवान,ईश्वर-4
27.पेड़ का मध्य भाग-2
31.पटाखे की बाती,-3
33.अभिव्यक्ति-3
35.नृत्य,डांस-2
37.छोटी सवारी गाड़ी-2

### शब्द पहेली- 5571 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | व | र | दा | न | | म | क | स | द | |
| म | | | न | | अ | | ल | | | नि |
| न | | व्य | व | हा | र | कु | श | ल | | य |
| मा | न | व | | | दा | | | कि | म | त |
| नी | | था | | आ | स | न | | र | न | |
| | र | | हा | रा | | ह | त्या | | का | |
| | क | वि | | म | क | र | | क | | रा |
| ह | म | ला | | | ल | | | म | वे | शी |
| वे | | प | र | व | र | दि | गा | र | | फ |
| ली | | | स | | व | | य | | | ल |
| | र | ह | म | त | | घ | ब | रा | ना | |



## खबर संक्षेप



### सनीथ, तस्नीम ने जीते वीवी नाटू खिताब

**पुणे।** कर्नाटक के सनीथ डीएस और गुजरात की तस्नीम मीर ने रविवार को यहां वीवी नाटू मेमोरियल अखिल भारतीय सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट में आसान जीत के साथ क्रमशः पुरुष और महिला एकल खिताब जीते। तीसरे वरीय सनीथ ने पुरुष एकल फाइनल में अपने ही राज्य के क्वालीफायर तुषार सुवीर को 44 मिनट में 21-15, 21-12 से हराकर खिताब जीता। तस्नीम ने बेंगलुरू में पिछला रैंकिंग टूर्नामेंट जीतने वाली देविका को महिला एकल फाइनल में 21-16, 21-13 से हराया।

### लाहिड़ी को स्पेन में चार शॉट की बढ़त

**सोटोग्रांडे।** भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए दूसरे दौर में पांच अंडर 66 का कार्ड खेलकर यहां लिव गोल्फ एंडालुसिया में



चार शॉट की बढ़त हासिल कर ली और इस तरह से लिव गोल्फ सीरीज में अपने पहले खिताब की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। क्रशर टीम के सदस्य लाहिड़ी ने दूसरे दौर के अंतिम 13 होल में छह बर्डी बनाई और इस बीच कोई बोगी नहीं की। इस 37 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले दौर में दो अंडर 69 का स्कोर बनाया था। लाहिड़ी का स्कोर दूसरे दौर के बाद सात अंडर पर हैं।

### अनाहत, शौर्य ने चौथे दौर में बनाई जगह

**नई दिल्ली।** भारत की अनाहत सिंह और शौर्य बावा ने ह्यूस्टन में चल रही विश्व जूनियर स्क्वाश चैम्पियनशिप में क्रमशः लड़कियों और लड़कों के वर्ग के चौथे दौर में



प्रवेश किया। मौजूदा महिला राष्ट्रीय चैम्पियन अनहत ने तीसरे दौर में अमेरिका की सामंथा जाफे को 11-7, 12-10, 11-6 से मात दी। वहीं बावा ने तीसरे दौर में अमेरिका के रस्टिन विसर को 4-11, 11-7, 12-10, 11-6 से पराजित किया जिससे प्री क्वार्टर फाइनल में उनकी भिड़ंत अर्जेंटीना के सेगुंडो पोर्टाबेल्स से होगी।

### हॉकी सब जूनियर पुरुष चैंपियनशिप झांसी में

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया की सब जूनियर पुरुष और महिला उत्तर क्षेत्र चैंपियनशिप सोमवार से झांसी में आयोजित की जाएगी, जिसका



फाइनल 22 जुलाई को खेला जाएगा। पुरुष वर्ग में पूल ए में हॉकी हरियाणा, हॉकी चंडीगढ़ और हॉकी उत्तराखंड जबकि पूल बी में उत्तर प्रदेश हॉकी, हॉकी पंजाब, दिल्ली हॉकी और हॉकी जम्मू एवं कश्मीर शामिल हैं। महिला वर्ग में हॉकी हरियाणा, हॉकी उत्तर प्रदेश, हॉकी पंजाब, हॉकी हिमाचल, हॉकी चंडीगढ़ और हॉकी उत्तराखंड की टीम शामिल हैं।

### पदकों के रंग कांसे से बदलकर स्वर्ण करूंगा



**नई दिल्ली।** आत्मविश्वास से लबरेज मुक्केबाज निशांत देव की निगाहें इस महीने पेरिस ओलंपिक में भारत के मुक्केबाजी पदकों के रंग को कांसे से बदलकर स्वर्ण में करने पर लगी हैं। भारत के लिए तीन मुक्केबाज विजेंदर सिंह (2008), एमसी मैरीकॉम (2012) और लवलीना बोरगोहेन (2021) ने ओलंपिक पदक जीते हैं जिसमें सभी का रंग कांस्य पदक रहा है। लेकिन देव को भरोसा है कि उनके पास लाइट मिडिलवेट (71 किग्रा) वजन फाइनल तक पहुंचने की काबिलियत है और वह स्वर्ण पदक जीतने का भी माद्दा रखते हैं।

**विंबलडन**

## पैटन-हेलियोवारा बने युगल चैंपियन

**लंदन।** हेनरी पैटन और हैरी हेलियोवारा की गैर वरीयता प्राप्त जोड़ी ने दूसरे सेट में तीन मैच प्वाइंट बचाकर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीता। पैटन और हेलियोवारा ने बेहद संघर्षपूर्ण फाइनल में ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी मैक्स पर्सेल और जॉर्डन थॉम्पसन को 6-7 (7), 7-6 (8), 7-6 (11-9) से हराकर अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता। हेलियोवारा फिनलैंड के पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने विंबलडन में पुरुष युगल का खिताब जीता। मैच जीतने के बाद वह अपने आंसू नहीं रोक पाए। पैटन पेशेवर युग में ऑल इंग्लैंड क्लब में पुरुष युगल जीतने वाले तीसरे ब्रिटिश खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले 2012 में जोनाथन मैरे और पिछले साल नील स्कूप्स्की ने यह खिताब जीता था।



## सिनियाकोवा-टाउनसेंड ने जीता खिताब

**लंदन।** कैटरीना सिनियाकोवा और टेलर टाउनसेंड ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में महिला युगल का खिताब जीता। सिनियाकोवा और टाउनसेंड ने शनिवार रात को खेले गए फाइनल में गैब्रिएला डाब्रोवस्की और एरिन रूटलिफ को 7-6 (5), 7-6 (1) से हराया। सिनियाकोवा का विंबलडन में यह तीसरा महिला युगल खिताब है। उन्होंने लंबे समय तक अपनी युगल जोड़ीदार रही बारबोरा क्रेजिकोवा के विंबलडन एकल खिताब जीतने के कुछ देर बाद अपने नाम पर एक और ट्रॉफी जोड़ी। चेक गणराज्य की सिनियाकोवा ने हमवतन क्रेजिकोवा के साथ मिलकर सात ग्रैंडस्लैम महिला युगल खिताब जीते हैं। उन्होंने इस साल फ्रेंच ओपन में कोको गॉफ के साथ जोड़ी बनाकर खिताब जीता था। टाउनसेंड के साथ यह उनका पहला खिताब है। टाउनसेंड का यह पहला ग्रैंडस्लैम खिताब है।



### टी20 : वाशिंगटन 8 विकेट लेकर बने प्लेयर ऑफ द सीरीज

# भारत ने जिंबाब्वे में लहराया तिरंगा 4-1 से जीती सीरीज, सुंदर बने हीरो

एजेंसी ⏭ हरारे

भारत ने रविवार को यहां जिंबाब्वे को पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 42 रन से हराकर लगातार चौथी जीत के साथ श्रृंखला 4-1 से अपने नाम की। भारत के 168 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जिंबाब्वे की टीम मुकेश (चार विकेट) के कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के सामने 18.3 ओवर में 125 रन पर सिमट गई। शिवम दुबे (दो विकेट) ने किफायती गेंदबाजी करते हुए दो विकेट चटकाए जबकि वाशिंगटन सुंदर, अभिषेक शर्मा और तुषार देशपांडे को एक-एक विकेट मिला।

जिंबाब्वे की ओर से डियोन मायर्स ने सर्वाधिक 34 रन बनाए जबकि सलामी बल्लेबाज ताडिवनाशे मरुमानी और फराज अकरम ने 27-27 रन का योगदान दिया। सैमसन ने इससे पहले 45 गेंद में चार छक्कों और एक चौके से 58 रन की पारी खेलने के अलावा रियान पराग (22) के साथ चौथे विकेट के लिए 65 रन जोड़े जिससे भारत ने छह विकेट पर 167 रन का स्कोर खड़ा किया। दुबे ने अंत में 12 गेंद में दो छक्कों और दो चौकों से 26 रन की तेजतर्रार पारी खेली। जिंबाब्वे की ओर से ब्लेसिंग मुजरबानी सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 19 रन देकर दो विकेट चटकाए।



### दुबे बने मैच के हीरो

*मैच में शिवम दुबे को उनके ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने 26 रन बनाए और दो विकेट चटकाए। वहीं, वाशिंगटन सुंदर को प्लेयर ऑफ द सीरीज के अवॉर्ड से नवाजा गया। उन्होंने कुल 28 रन बनाए और आठ विकेट चटकाए।*

### सैमसन की दूसरी फिफ्टी

संजू सैमसन और रियान पराग के बीच चौथे विकेट के लिए 65 रनों की साझेदारी हुई। 15वें ओवर में मावुटा ने पराग को अपना शिकार बनाया। वह 22 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, संजू सैमसन 58 रनों की तूफानी पारी खेलकर पवेलियन लौटे। उन्होंने 39 गेंदों में अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का दूसरा अर्धशतक जड़ा।

### 1 गेंद पर ठोके 13 रन

*मैच के पहले ओवर में जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा बॉलिंग करने आए। उनकी पहली बॉल पर जायसवाल ने सिक्स लगा दिया। ये नो बॉल थी। इसके बाद फ्री हिट पर जायसवाल ने फिर से सिक्स लगाया। इस तरह उन्होंने 1 बॉल पर 13 रन बनाए। इसके बाद इसी ओवर की चौथी बॉल पर रजा ने उन्हें बोल्ड कर दिया।*



### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो रजा | 12 | 05 | 0 | 2 |
| गिल का रजा बो नगारवा | 13 | 14 | 2 | 0 |
| अभिषेक का मेडेंडे बो मुजरबानी | 14 | 11 | 1 | 1 |
| संजू का मरुमानी बो मुजरबानी | 58 | 45 | 1 | 4 |
| पराग का नगारवा बो मावुता | 22 | 24 | 0 | 1 |
| शिवम दुबे रन आउट | 26 | 12 | 2 | 2 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 11 | 09 | 0 | 1 |
| वाशिंगटन सुंदर नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 10, कुल : 20 ओवर में 167/6
गेंदबाजी : रजा 4-0-37-1, नगारवा 4-0-29-1, अकरम 4-0-39-0, मुजरबानी 4-0-19-2, मावुता 4-0-39-1.

| जिंबाब्वे | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| वेस्ली माधेवेरे बो मुकेश | 00 | 03 | 0 | 0 |
| मरुमानी पगबाधा बो सुंदर | 27 | 24 | 5 | 0 |
| ब्रायन बेनेट का दुबे बो मुकेश | 10 | 08 | 2 | 0 |
| मायर्स का अभिषेक बो दुबे | 34 | 32 | 4 | 1 |
| सिकंदर रजा रन आउट | 08 | 12 | 0 | 0 |
| कैंपबेल का देशपांडे बो दुबे | 04 | 07 | 0 | 0 |
| मेडेंडे का सैमसन बो अभिषेक | 01 | 04 | 0 | 0 |
| अकरम का सैमसन बो मुकेश | 27 | 13 | 2 | 2 |
| मावुता का एवं बो देशपांडे | 04 | 07 | 0 | 0 |
| ब्लेसिंग मुजरबानी नाबाद | 01 | 02 | 0 | 0 |
| रिचर्ड नगारवा बो मुकेश | 00 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 09, कुल : 18.3 ओवर में 125/10
गेंदबाजी : मुकेश 3.3-0-22-4, देशपांडे 3-0-25-1, बिश्नोई 3-0-23-0, सुंदर 2-0-7-1, अभिषेक 3-0-20-1, दुबे 4-0-25-2.

**ऑस्ट्रेलिया दौरा**

## भारत ए की कमान संभालेंगी मीनू, सेहरावत उप कप्तान



एजेंसी ⏭ मुंबई

ऑफ स्पिनर मीनू मनि सात अगस्त से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत 'ए' महिला टीम की अगुआई करेंगी। श्वेता सेहरावत को उप कप्तान बनाया गया है।

भारत को आगामी दौरे पर ऑस्ट्रेलिया 'ए' के खिलाफ तीन टी20, तीन 50 ओवर के मैच और एक चार दिवसीय मैच खेलना है। टीम में साजना सजीवन, उमा छेत्री और साइका इशाक को भी जगह मिली है। शबनम शकील को भी टीम में शामिल किया गया है लेकिन उनका चयन फिटनेस पर निर्भर करेगा। सत्ताइस वर्षीय तेज गेंदबाज साइमा ठाकोर को स्टैंडबाय के तौर पर टीम में शामिल किया गया है। भारत ए टीमः मीनू मनि (कप्तान), श्वेता सेहरावत, प्रिया पूनिया, शुभा सतीश, तेजल हसबनिस, किरण नवगिरे, साजना सजीवन, उमा छेत्री, शिप्रा गिरी, राघवी बिष्ट, साइका इशाक, मन्नत कश्यप, तनुजा कंवर, प्रिया मिश्रा, मेघना सिंह, सायली सतघरे, शबनम शकील और एस यशश्री।

### गायकवाड़ के इलाज के लिए एक करोड़ देगा बीसीसीआई

*मुंबई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने लंदन में कैंसर का इलाज करा रहे पूर्व क्रिकेटर और कोच अंशुमन गायकवाड़ के उपचार के लिए एक करोड़ रुपए जारी करने का फैसला किया है। बीसीसीआई का यह फैसला पूर्व कप्तान कपिल देव और संदीप पाटिल की भावनात्मक अपील के बाद आया है, जिन्होंने क्रिकेट बोर्ड से गायकवाड़ की मदद करने का आग्रह किया था। बीसीसीआई की शीर्ष परिषद ने यहां जारी बयान में कहा, 'सचिव जय शाह ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड को कैंसर से जूझ रहे पूर्व क्रिकेटर अंशुमन गायकवाड़ को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए तत्काल एक करोड़ रुपए जारी करने का निर्देश दिया है।' गायकवाड़ ने 1975 से 1987 के बीच भारत के लिए 40 टेस्ट और 15 वनडे मैच खेले।*

**विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स**

## भारत बना डब्लूसीएल चैंपियन पाकिस्तान को 5 विकेट से रौंदा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2024 के फाइनल मुकाबले में इंडिया चैंपियंस ने पाकिस्तान चैंपियंस को पांच विकेट से हरा दिया। इसी के साथ भारत ने इस टूर्नामेंट का पहला खिताब अपने नाम कर लिया।

ग्रुप स्टेज में भारत को दो मैचों में जीत और तीन में हार मिली थी। हालांकि, बेहतर नेट रनरेट की वजह से युवराज सिंह की टीम ने फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। टीम अंक तालिका में चौथे स्थान पर रही। वहीं, पाकिस्तान को ग्रुप स्टेज पर चार मैचों में जीत और एक में हार का सामना करना पड़ा था। बर्मिंघम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस जीतकर पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया।

पाकिस्तान ने शोएब मलिक की 41 रनों की तूफानी पारी की बदौलत 20 ओवर में छह विकेट पर 156 रन बनाए। जवाब में भारत ने अंबाती रायडू के अर्धशतक की बदौलत 19.1 ओवर में पांच विकेट पर 159 रन बनाए और पांच विकेट व पांच गेंदों के शेष रहते मुकाबला जीत लिया।

### भारतीय पारी का रोमांच

157 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की दमदार शुरुआत हुई। रॉबिन उथप्पा और अंबाती रायडू के बीच पहले विकेट के लिए 34 रनों की साझेदारी हुई जिसे आमिर ने तोड़ा। उन्होंने उथप्पा को अपना शिकार बनाया। वह सिर्फ 10 रन बना सके। सुरेश रैना कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए और चार रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद मोर्चा गुरकीरत सिंह मान ने संभाला। उन्होंने रायडू के साथ तीसरे विकेट के लिए 25 रनों की साझेदारी की। रायडू इस मुकाबले में अर्धशतक लगाने में कामयाब हुए। उन्होंने 166.66 के स्ट्राइक रेट से पांच चौके और दो छक्के लगाए। वहीं, मान दो चौकों और एक छक्के की मदद से 34 रनों की पारी खेलकर आउट हुए। इस मुकाबले में यूसुफ पठान ने 30 रन बनाए। वहीं, युवराज 15 और इरफान पांच रन बनाकर नाबाद रहे।

## ओलंपिक अभियान का जश्न मनाने मैराथन का आयोजन

**नई दिल्ली।** भारत के ओलंपिक अभियान और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति से ईस्पोर्ट्स को मान्यता मिलने का जश्न मनाने के लिए रविवार को यहां 'पेरिस में भारत' मैराथन को हरी झंडी दिखाई गई। केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह और सांसद मनोज तिवारी ने मैराथन को हरी झंडी दिखाई। भारत के कुल 118 खिलाड़ी 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में भाग लेंगे।



इनमें भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा भी शामिल हैं। आइओसी ने हाल में ईस्पोर्ट्स को मान्यता प्रदान की थी। आईओसी और सऊदी अरब सरकार के बीच अगले साल सऊदी अरब में ईस्पोर्ट्स ओलंपिक के आयोजन को लेकर करार भी हुआ है। यहां जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया, 'पेरिस में भारत कार्यक्रम पारंपरिक खेलों के बीच ईस्पोर्ट्स को मान्यता प्रदान करता है। इस दौड़ का उद्देश्य पारंपरिक खेलों को तेजी से बढ़ते भारतीय ईस्पोर्ट्स के साथ जोड़ना है।'

## कार्लोस अल्काराज ने चौथा ग्रैंडस्लैम खिताब कब्जाया

- जोकोविच को 6-2, 6-2, 7-6 (4) से हराया
- 21 साल की उम्र में लगातार दूसरा विम्बलडन जीता

भाषा ⏭ लंदन

स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने रविवार को यहां सर्बियाई स्टार नोवाक जोकोविच को 6-2, 6-2, 7-6 (4) से हराकर 21 साल की उम्र में लगातार दूसरा विम्बलडन और चौथा ग्रैंडस्लैम खिताब अपने नाम किया। यह ऑल इंग्लैंड क्लब के घसियाले कोर्ट पर पिछले साल के फाइनल मैच का दोहराव था जिसमें अल्काराज ने पांच सेट में जोकोविच को हराया था। सेंटर कोर्ट पर रविवार को खेला गया फाइनल अल्काराज के लिए काफी आसान रहा जिसमें दर्शकों में कैंसर का उपचार करा रही ब्रिटेन की



वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन भी मौजूद थीं। अल्काराज सिर्फ तीसरे सेट में 5-4 पर जीत के लिए सर्विस करते समय तीन मैच प्वाइंट बरकरार रखते समय लड़खड़ाये। पर उन्होंने खुद को संभाला और पिछले महीने फ्रेंच ओपन में मिली जीत के बाद लगातार दूसरी ग्रैंडस्लैम ट्रॉफी जीती। स्पेन के इस खिलाड़ी ने 2022 अमेरिकी ओपन में किशोर के तौर पर अपना पहला स्लैम खिताब जीता था। किसी भी खिलाड़ी ने 22 साल का होने से पहले उनसे ज्यादा ग्रैंडस्लैम खिताब नहीं जीते हैं। इससे मेजर फाइनल्स में उनका रिकॉर्ड 4-0 हो गया। वहीं 37 वर्षीय जोकोविच अपने आठवें विम्बलडन और 25वें ग्रैंडस्लैम खिताब से चूक गये। वह सर्जरी हुए घुटने पर पट्टी लगाये थे। तीन जून को रोलां गैरों में उनके घुटने में चोट लगी थी और दो दिन बाद ही उनकी सर्जरी हुई थी। करीब छह हफ्ते बाद भी जोकोविच रविवार को फॉर्म में नहीं दिखे। जोकोविच के दोनों बच्चे 'गेस्ट बॉक्स' में थे, उन्होंने कहा, ''पहले दो सेट में मेरे खेल का स्तर अच्छा नहीं था। आज सब कुछ उसके हक में था। मैंने उसे पछाड़ने की कोशिश की। लेकिन ऐसा नहीं हो सका। तीसरे सेट में अल्काराज 5-4 से आगे थे। वह 40-लव से आगे था पर मौका उनके हाथ से निकल गया। वह डबल फॉल्ट करके अपना पहला चैम्पियनशिप प्वाइंट गंवा बैठे।

### इस बार लवलीना के साथ निकहत से बड़ी उम्मीदें लगी

# ओलंपिक पदक का रंग बदलने को बेताब लवलीना

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत के अन्य एथलीटों की तरह ही भारतीय मुक्केबाज भी पेरिस ओलंपिक के लिए पूरी तरह कमर कस चुके हैं। इस बार देश को निकहत जरीन और टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन से पदक लाने की काफी उम्मीदें हैं। भारत की ओर से चार महिला और दो पुरुष मुक्केबाजों से पदक लाने की उम्मीदें हैं, लेकिन इनमे लवलीना और निकहत पर दारोमदार रहेगा।

मुक्केबाजी ऐसी स्पर्धा है जिसमें पिछले चार ओलंपिक में से तीन में भारत पदक लाने में सफल रहा है। ओलंपिक मुक्केबाजी में पिछले दो पदक देश की बेटियों मैरीकॉम और लवलीना बोरगोहेन ने दिलाए हैं और इस बार लवलीना के साथ निकहत से बड़ी उम्मीदें लगी हैं। भारत की ओर से मुक्केबाजी में सबसे पहला पदक विजेंद्र कुमार ने 2008 बीजिंग ओलंपिक में जीता था। उस वक्त विजेंद्र ने पुरुष 75 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया था। 2012 लंदन ओलंपिक में महिला मुक्केबाजी को भी शामिल किया गया और दिग्गज महिला मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम ने इतिहास रचते हुए पदक जीता। मैरीकॉम ने भी कांसा अपने नाम किया था। इसके बाद 2016 में देश को इस स्पर्धा में कोई पदक नहीं मिला, लेकिन टोक्यो ओलंपिक में लवलीना ने कमाल करते हुए मुक्केबाजी में तीसरा पदक देश को दिलाया। हालांकि, उन्हें भी कांस्य पदक से ही संतोष करना पड़ा था।



### इनसे रहेगी पदक की आस

| मुक्केबाज | भार वर्ग |
|---|---|
| निकहत जरीन | 50 किग्रा |
| प्रीति पंवार | 54 किग्रा |
| जैस्मीन लंबोरिया | 57 किग्रा |
| लवलीना बोरगोहेन | 75 किग्रा |
| अमित पंघाल | 51 किग्रा |
| निशांत देव | 71 किग्रा |

### निकहत के पास प्रभाव छोड़ने का अवसर

*दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन को तैयारियों के लिए अच्छा समय मिला है। निकहत ने पिछले कुछ वर्षों में अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है और उनके पास ओलंपिक पदक जीतकर खुद को ओलंपिक जैसे मंच पर साबित करने का अच्छा मौका रहेगा। पिछले ओलंपिक में 69 किग्रा में पदक दिलाने वाली लवलीना पेरिस में 75 किग्रा में उतरेंगी। इसी भारवर्ग में उन्होंने विश्व चैंपियनशिप और एशियाड पदक जीते हैं। जैस्मीन और प्रीति के लिए भी मौका है। पुरुष वर्ग में अमित पंघाल के पास एशियाड विश्व चैंपियनशिप और राष्ट्रमंडल खेलों के पदक हैं। ओलंपिक पदक के लिए वह कोई कसर नहीं रखेंगे। निशांत देव भी अनुकूल ड्रॉ मिलने पर चौंका सकते हैं।*




# सरसावाः कारगिल रजत जयंती उत्सव में वायु योद्धाओं ने दिखाया पराक्रम

**देश के लिए बलिदान देने वाले वायु योद्धाओं को नमन किया**

वीर वायु योद्धाओं ने वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध में अदम्य साहस से लड़ाई लड़ी थी, जो वास्तव में सैन्य विमानन के इतिहास में एक मील का पत्थर था।



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना के पास अपने वीर वायु योद्धाओं के साहस और बलिदान की एक गौरवशाली विरासत है। जिन वीर वायु योद्धाओं ने वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध में अदम्य साहस से लड़ाई लड़ी थी, जो वास्तव में सैन्य विमानन के इतिहास में एक मील का पत्थर था। कारगिल युद्ध (ऑपरेशन सफेद सागर) में भारतीय वायुसेना के ऑपरेशन, 16000 फीट से अधिक की खड़ी ढलान और चक्करदार ऊंचाइयों की चुनौतियों का सामना करने की भारतीय वायुसेना की सैन्य क्षमता का प्रमाण हैं। कुल मिलाकर, भारतीय वायुसेना ने कारगिल युद्ध में लगभग 5000 स्ट्राइक मिशन, 350 टोही/ईएलआईएनटी मिशन और लगभग 800 एस्कॉर्ट उड़ानें भरीं। भारतीय वायुसेना ने घायलों को निकालने और हवाई परिवहन कार्यों के लिए 2000 से अधिक हेलीकॉप्टर उड़ानें भी भरीं।

### कारगिल युद्ध में विजय के 25 वर्ष पूरे होने पर आयोजन

रक्षा मंत्रालय के अनुसार कारगिल युद्ध में विजय के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर, भारतीय वायुसेना 12 जुलाई से 26 जुलाई 2024 तक वायुसेना स्टेशन सरसावा में 'कारगिल विजय दिवस रजत जयंती' का आयोजन कर रही है, जिसमें देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों को सम्मानित किया जाएगा। 13 जुलाई 24 को, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी. आर. चौधरी ने वरिष्ठ गणमान्य अधिकारियों, बहादुरों के परिवारों, दिग्गजों और सेवारत भारतीय वायुसेना अधिकारियों के साथ स्टेशन युद्ध स्मारक पर राष्ट्र की सेवा में अपने प्राणों की बलिदान देने वाले सभी वायु सैनिकों को पुष्पांजलि अर्पित की।



**लड़ाकू विमानों ने हवाई प्रदर्शन किया**

इस दौरान एक शानदार एयर शो का आयोजन किया गया जिसमें आकाश गंगा टीम द्वारा प्रदर्शन और जगुआर, एसयू-30 एमकेएल और राफेल लड़ाकू विमानों द्वारा हवाई प्रदर्शन शामिल थे। शहीद नायकों की पुण्य स्मृति में एमआई-17 वी5 द्वारा "मिसिंग मैन फॉर्मेशन" ने उड़ान भरी। इस अवसर पर भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टरों जैसे एमआई-17 वी5, चीता, चिनूक का स्थिर प्रदर्शन भी किया गया। इस अवसर पर एयर वॉरियर ड्रिल टीम और वायुसेना बैंड ने भी अपनी प्रस्तुतियां दी।

### कार्यक्रम को 5 हजार से अधिक दर्शकों ने देखा

इस कार्यक्रम को 5000 से अधिक दर्शकों ने देखा, जिनमें स्कूली बच्चे, सहारनपुर क्षेत्र के स्थानीय निवासी, भूतपूर्व सैनिक, गणमान्य नागरिक और रुड़की, देहरादून और अंबाला के रक्षा बलों के कार्मिक गण शामिल थे। उल्लेखनीय है कि कारगिल युद्ध में वायुसेना स्टेशन सरसावा की 152 हेलीकॉप्टर यूनिट, 'द माइटी आर्मर' ने ऑपरेशन सफेद सागर के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। 28 मई 1999 को, 152 एचयू के स्क्वाड्रन लीडर आर पुंडीर, फ्लाइट लेफ्टिनेंट एस मुहिलान, सार्जेंट पीवीएनआर प्रसाद और सार्जेंट आरके साहू को टोलोलिंग में दुश्मन के ठिकानों पर लाइव स्ट्राइक के लिए 'नुबरा' फॉर्मेशन के रूप में उड़ान भरने की जिम्मेदारी दी गई थी।

**सेना ने ताबड़तोड़ फायरिंग की, ऑपरेशन जारी**

# कुपवाड़ा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम सेना ने तीन आतंकियों को किया ढेर



एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा के केरन सेक्टर में एलओसी पर सेना ने रविवार को घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी। इस दौरान भारतीय सेना ने 3 आतंकवादियों को मार गिराया घुसपैठियों के एक समूह को सेना ने रोकने की कोशिश की जिसके बाद गोलीबारी शुरू हो गई। सेना ने घुसपैठ का प्रयास कर रहे तीन आतंकियों को मार गिराया जिनके शव बरामद किए जा रहे हैं। ऑपरेशन अभी भी चल रहा है। इससे पहले गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के नौशेरा सेक्टर में सेना ने आतंकवादियों द्वारा घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया था। संदिग्ध आतंकवादियों का एक समूह रात के वक्त भारतीय इलाके में घुसने की कोशिश कर रहा था लेकिन नाकाम होने के बाद उसे उल्टे पांव भागना पड़ा। आतंकवादियों के घुसपैठ की कोशिश के दौरान सेना ने ताबड़तोड़ फायरिंग की जिसके बाद आतंकियों को वापस लौटना पड़ा।

### आतंकियों ने कियाथा ग्रेनेड से हमला

कठुआ में सोमवार को आतंकियों ने सेना के वाहन पर ग्रेनेड से हमला किया था, जिसमें पांच जवान शहीद हो गए थे। इसके बाद सेना ने पूरे इलाके को घेर लिया और सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया। इस दौरान सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ भी हुई। हमले के बाद घटनास्थल से सेना के वाहन की तस्वीर भी सामने आई, जिसमें वह गोलीबारी के कारण क्षतिग्रस्त दिखाई दे रहा था। हमले के बाद घाटी में सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई थी। सूत्रों ने बताया कि पहाड़ी के ऊपर छिपे आतंकवादियों ने सेना के वाहन पर गोलीबारी की और सेना की गाड़ी पर ग्रेनेड भी फेंका. बीते कुछ दिनों से एक बार घाटी में उथल-पुथल बढ़ी है. आतंकियों से मुठभेड़ की खबरें लगातार आ रही हैं।

### सेना ने 5,189 राउंड गोलियां दागी

यह हमला एक महीने में जम्मू में हुआ पांचवां हमला है और कश्मीर घाटी की तुलना में अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण इलाके में हुआ है। हमला दोपहर करीब साढ़े तीन बजे शुरू हुआ। जानकारी के अनुसार कठिन शारीरिक और मानसिक चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, भारतीय सेना के गढ़वाल रेजिमेंट के जवानों ने आतंकवादियों पर 5,189 राउंड की गोलीबारी की, जिससे उन्हें घटनास्थल से भागने पर मजबूर होना पड़ा।

## नेपालः बस हादसे में 5 शव बरामद, तलाशी जारी

**काठमांडू।** नेपाल में हुए बस हादसे में अब तक पांच शव बरामद हुए हैं। बरामद शवों में से एक शव भारतीय नागरिक का है। ये लोग हादसे के बाद से ही लापता थे। अभी बस में सवार अन्य लोगों का पता नहीं चल सका है और उनकी तलाश में नेपाल सुरक्षा बल के 500 से ज्यादा जवान लगे हुए हैं। बीते हफ्ते नेपाल के चितवन जिले में भूस्खलन की चपेट में आकर दो बसें त्रिशूली नदी में गिर गईं थी। दोनों बसों में कुल 65 यात्री सवार थे। रविवार को बचाव टीम ने गैंदाकोट-7 इलाके से पांचवें शव को बरामद किया। बरामद किए गए शवों में से एक भारतीय भी शामिल है। जिसकी पहचान ऋषिपाल शाही के रूप में हुई है, जो बिहार का निवासी था। शव की जेब में मिले पहचान पत्र से उसकी पहचान हुई। अभी तक बरामद किए गए पांच शवों में से तीन की पहचान हो गई है और दो के बारे में अभी कुछ पता नहीं चल पाया है। पहचान किए गए तीन शवों में से दो नेपाल के नागरिक और एक भारतीय नागरिक था।



**मंत्री गोयल दो दिवसीय यात्रा पर रहेंगे**

# गोयल जी-7 व्यापार मंत्रियों की बैठक के लिए इटली की यात्रा पर कल जाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 16 से 17 जुलाई, 2024 को जी7 व्यापार मंत्रियों की बैठक के आउटरीच सत्र में हिस्सा लेने के लिए इटली के रेजियो कैलाब्रिया की यात्रा करेंगे। अपने इस दौरे के दौरान, पीयूष गोयल आउटरीच सत्र में जी-7 देशों और अन्य हिस्सा लेने वाले देशों के व्यापार मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकों में भी भाग लेंगे, जो वैश्विक व्यापार और निवेश साझेदारी के लिए भारत की प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूत करेगा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार यह यात्रा भारत द्वारा पेश किए जाने वाले अपार व्यापार और निवेश अवसरों को प्रदर्शित करने के रणनीतिक प्रयासों को रेखांकित करती है, जो एक मजबूत कानून के शासन वाले लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में इसकी स्थिति पर जोर देती है। मंत्रालय के अनुसार इटली की अपनी यात्रा से पहले, पीयूष गोयल रविवार (आज) और सोमवार को अपने स्विस समकक्षों के साथ व्यापार और आधिकारिक बैठकों के लिए स्विट्जरलैंड में होंगे। चर्चा यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते (टीईपीए) के कार्यान्वयन और ईएफटीए द्वारा की गई 100 अरब अमरीकी डॉलर की निवेश प्रतिबद्धताओं के लिए रोडमैप तैयार करने पर केंद्रित होगी। उद्देश्य भारत और स्विट्जरलैंड के बीच द्विपक्षीय आर्थिक और व्यापक भागीदारी को और मजबूत करना, गहरे आर्थिक संबंधों और पारस्परिक विकास को बढ़ावा देना है।






## फर्जी निकाह मामलाः अभी जेल में ही रहेंगे इमरान खान



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को तोशाखाना के नए मामले में एनएबी ने गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले पाकिस्तान की एक अदालत ने शनिवार को गैर-इस्लामिक विवाह मामले में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को बरी कर दिया था।

## कुपवाड़ाः देर रात भड़की आग,7 घर राख

जम्मू। उत्तरी कश्मीर के जिला कुपवाड़ा के हंदवाड़ा में देर रात आग लगने से सात घर और छह गौशालाएं जल कर राख हो गईं। आग की चपेट में आने से कई मवेशी भी जल गए। यह घटना हंदवाड़ा के शतीगाम राजवार इलाके में हुई। यहां रात करीब 11 बजे भीषण आग लग गई। आग ने सात रिहायशी घरों और छह गौशालाओं को पूरी तरह से नष्ट कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप एक दर्जन से अधिक मवेशियों की जान चली गई। जानकारी के अनुसार, आग अचानक लगी और तेजी से पूरे इलाके में फैल गई। अग्निशमन विभाग, हंदवाड़ा पुलिस, सेना की 21 राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) और उप-जिला प्रशासन के प्रयासों के बावजूद आग ने कम से कम दस रिहायशी घरों को नुकसान पहुंचाया। स्थानीय युवाओं ने भी आग पर काबू पाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हालांकि, घनी लकड़ी के घरों और आसपास के पेड़ों के साथ-साथ संकरी सड़कों ने अग्निशमन अभियान को बेहद चुनौतीपूर्ण बनाया। निवासियों ने बताया कि आग से प्रभावित परिवार बेघर हो गए हैं। उन्होंने जिला प्रशासन और उपराज्यपाल प्रशासन से तत्काल मुआवजा और सहायता की मांग की है।



## नेपाल के नए पीएम ओली आज लेंगे शपथ

**काठमांडू।** नेपाल के राष्ट्रपति कार्यालय ने सीपीएन- यूएमएल के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली को अगला प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। केपी शर्मा ओली सोमवार सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। वह पुष्प कमल दहल प्रचंड की जगह लेंगे। विश्वास मत साबित नहीं कर पाने के चलते दहल की सरकार शुक्रवार को गिर गई थी। केपी शर्मा ने शुक्रवार को राष्ट्रपति को सौंपे अपने दावे में कहा था कि उन्हें 166 सांसदों का समर्थन हासिल है।

**रॉकेट के गलत कक्षा में जाने से बनी स्थिति**

स्पेसएक्स ने यह भी आश्वासन दिया है कि उपग्रहों के पृथ्वी के वायुमंडल में फिर से प्रवेश करने से कक्षा में मौजूद अन्य उपग्रहों या सार्वजनिक सुरक्षा को कोई खतरा नहीं है।

# फाल्कन-9 रॉकेट से लॉन्च किए गए 20 उपग्रह वापस पृथ्वी पर गिरने वाले हैं

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अंतरिक्ष के क्षेत्र में प्रसार को लेकर निजी कंपनियों में होड़ सी लगी है। इसके चलते अंतरिक्ष में रॉकेट की संख्या में बढोतरी हुई है। इस बीच, निजी कंपनी स्पेसएक्स को करारा झटका लगा है। मस्क की कंपनी ने जानकारी दी है कि गुरुवार को अमेरिका के कैलिफोर्निया से फाल्कन-9 रॉकेट से लॉन्च किए गए 20 उपग्रह वापस पृथ्वी पर गिरने वाले हैं। कंपनी ने कहा है कि दरअसल, रॉकेट लॉन्चिंग के समय तकनीकी समस्या आ गई। उस दौरान रॉकेट के दूसरे चरण का इंजन ठीक से काम नहीं कर पाया। उस दौरान इंजन से तरल ऑक्सीजन का रिसाव देखा गया।

*रॉकेट लॉन्चिंग के समय तकनीकी समस्या आई*



### टीम ने 10 उपग्रहों से संपर्क किया

रॉकेट पृथ्वी की बहुत नीचे कक्षा में स्थापित हो गए। कंपनी ने यह भी बताया कि कक्षा के सबसे निचले बिंदु से रॉकेट को ऊपर उठाने के लिए उनकी टीम द्वारा कोशिशें की गईं, लेकिन वे उस बिंदु पर आ चुके थे जहां से उन्हें ऊपर ले जाना संभव नहीं था। स्पेसएक्स ने कहा कि उसकी टीम ने 10 उपग्रहों से संपर्क किया और उनके आयन थ्रस्टर्स का उपयोग करके कक्षा बढ़ाने की कोशिशें की। लेकिन वे पृथ्वी से केवल 135 किमी ऊपर ही थे। हालांकि स्पेसएक्स ने यह भी आश्वासन दिया है कि उपग्रहों के पृथ्वी के वायुमंडल में फिर से प्रवेश करने से कक्षा में मौजूद अन्य उपग्रहों या सार्वजनिक सुरक्षा को कोई खतरा नहीं है। एलन मस्क ने भी स्पेसएक्स द्वारा किए गए पोस्ट पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि हम आयन थ्रस्टर्स को वार्प 9 के समकक्ष चलाने के लिए सैटेलाइट सॉफ्टवेयर को अपडेट कर रहे हैं। यह शायद काम नहीं करेगा, लेकिन हम कोशिशें कर रहे हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109